गुरुवार
29 अगस्त 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



15 सितंबर से शुरू होगा बिहार पुलिस का सुरक्षित सफर सुविधा अभियान 2



## कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केसः छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा ने बुलाया बंगाल बंद

# भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच जमकर चले लाठी डंडे, कई नेता हिरासत में





केटी न्यूज/पटना

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस की घटना को लेकर पूरे देश में उबाल है। वहीं कोलकाता में मंगलवार को छात्र संगठनों द्वारा निकाले गए नबन्ना मार्च को दबाने के लिए की गई पुलिस की कार्रवाई के विरोध में भाजपा ने बुधवार को 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया था। इस दौरान कई जिलों में पुलिस और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प की घटना सामने आई। कई नेताओं-वर्कर्स को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

नॉर्थ 24 परगना जिले के भाटपारा में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे की कार पर फायरिंग हुई। प्रियंगु ने बताया- टीएमसी के लगभग 50-60 लोगों ने हमला किया। गाड़ी पर 6-7 राउंड फायरिंग की और बम फेंके गए। ड्राइवर समेत दो लोगों को गोली लगी है। एक गंभीर है। वहीं नादिया और मंगलबाड़ी चौरंगी में भाजपा और टीएमसी कार्यकताओं के बीच झड़प हुई। टीएमसी समर्थकों ने भाजपाइयों पर लाठी-डंडे से हमला किया। बनगांव और बारासात दक्षिण में ट्रेनें रोकी गईं। पूरे राज्य में इस बंद का मिला-जुला असर देखा गया। सुबह से ही सड़कों और रेल की पटरियों को अवरुद्ध करने के लिए पूर्व राज्यसभा सदस्य रूपा गांगुली और लॉकेट चटर्जी तथा राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य व विधायक अग्निमित्रा पॉल समेत कई भाजपा नेताओं को हिरासत में लिया गया।

वहीं टीएमसी के कार्यकर्ता सड़कों पर इस बंद के विरोध में उतरे। टीएमसी के नेताओं ने कहा कि अगर हमें देश को बचाना है, तो बीजेपी को हटाना पड़ेगा। बाजार बंद कराने को लेकर पश्चिम बंगाल के मालदा और पश्चिमी बर्दमान में कांग्रेस और तृणमूल कार्यकताओं के बीच झड़प हो गई। तृणमूल कार्यकताओं का आरोप है कि बीजेपी जबरन बंद करा रही थी। इस दौरान दोनों दलों के समर्थकों में जमकर हाथापाई हुई।

उत्तर 24 परगना जिले के भाटपाड़ा में भाजपा ने आरोप लगाया कि उसके दो कार्यकताओं को गोली मारी गयी है। वहीं पुलिस ने दावा किया कि एंग्लो इंडिया जूट मिल के बाहर कुछ लोगों ने दोनों व्यक्तियों की पिटायी की। भाजपा के पूर्व सांसद अर्जुन सिंह और जगद्दल से तृणमूल विधायक सोमनाथ श्याम घटना के बाद अपने समर्थकों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे जिससे तनाव पैदा हो गया। पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति को काबू में किया। अर्जुन सिंह ने कहा, तृणमूल कांग्रेस के समर्थक बदमाशों ने गोलियां चलायीं, अगर पुलिस नहीं होती तो हम तृणमूल को जनता की ताकत दिखाते।

### सुबह से ही पश्चिम बंगाल में बसें और ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं

सुबह से ही बंद के आह्वान के कारण पश्चिम बंगाल में बसें और ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं। इंडिगो, विस्तारा और स्पाइसजेट समेत प्रमुख एयरलाइनों ने शहर की खराब परिवहन व्यवस्था के कारण उड़ान बाधित होने की चेतावनी जारी की। प्रदर्शनकारी भाजपा नेताओं और कार्यकताओं को पुलिस के साथ छिटपुट झड़प करते देखा गया। इस बीच, टीएमसी और भाजपा नेताओं के बीच इस मामले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहा। कोलकाता नगर निगम के पार्षद सजल घोष को पास के कोले बाजार में बंद को लागू करने की कोशिश के दौरान भाजपा और तृणमूल समर्थकों के बीच हाथापाई होने के तुरंत बाद सियालदाह में उनके आवास से हिरासत में ले लिया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने बागुईहाटी में एक जुलूस का नेतृत्व किया और इस दौरान उन्हें रोकने की कोशिश कर रही पुलिस के साथ उनकी बहस हुई।

### बलात्कारियों के लिए मृत्युदंड सुनिश्चित करने के लिए पारित किया जाएगा विधेयक

कोलकाता की घटना की चौतरफा आलोचना और राज्य में बीजेपी के विरोध का सामना कर रही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा ऐलान किया है। ममता बनर्जी ने बीजेपी के राज्य व्यापी बंद के बीच कहा है कि सरकार अगले हफ़्ते विधानसभा सत्र बुलाएंगी। इसमें बलात्कारियों के लिए मृत्युदंड सुनिश्चित करने के लिए 10 दिनों के भीतर एक विधेयक पारित किया जाएगा। हम इस विधेयक को राज्यपाल के पास भेजेंगे। अगर वह इसे पारित नहीं करते हैं, तो हम राजभवन के बाहर धरना देंगे। यह विधेयक पारित होना ही चाहिए और वह इस बार जवाबदेही से बच नहीं सकते।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि कोलकाता के डॉक्टर के बलात्कार और हत्या जैसे अपराधों के लिए केवल एक ही उचित सजा है 'फांसी पर लटका देना' है। उन्होंने बीजेपी पर इस हत्याकांड की जांच को पटरी से उतारने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने बताया कि बंगाल सरकार 7 दिनों के भीतर जांच पूरी करना चाहती थी, लेकिन सीबीआई ने अब तक मामले को सुलझाया नहीं है। बनर्जी ने कहा बंगाल सरकार राज्य विधानसभा में बलात्कार विरोधी कानून पर एक नया विधेयक पारित करेगी। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि नई आपराधिक संहिता बीएनएस में बलात्कार के खिलाफ कड़े उपाय नहीं हैं।

# अगर बंगाल जला तो असम, बिहार झारखंड, दिल्ली भी जलेगाः ममता

### प. बंगाल की सीएम के बयान पर गर्मायी सियासत



एजेंसी/कोलकाता

पश्चिम बंगाल में लेडी-डॉक्टर की हत्या के मामले में बढ़ते तनाव के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि याद रखें अगर बंगाल जला तो असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे। सीएम के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी के नेता सुकांत मजूमदार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की राष्ट्र विरोधी टिप्पणियां किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की आवाज नहीं है। सुकांत मजूमदार ने चिट्ठी लिखते हुए कहा कि ममता बनर्जी ने उकसाने वाले बयान दिए हैं।

सीएम ने टीएमसी की स्टूडेंट यूनियन को संबोधित करते हुए कहा, मैंने कभी बदला नहीं लिया, लेकिन अब जो करना है, करो। यह राज्य के मुख्य पद से बदले की राजनीति का खुला समर्थन है। वह बेशर्मी से देश विरोधी टिप्पणी करती हैं और कहती हैं, याद रखें, अगर बंगाल जलता है, तो असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे। मजूमदार ने कहा कि यह संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की आवाज नहीं है, यह एक देश विरोधी व्यक्ति की आवाज है। उनका बयान लोगों को धमकाने, हिंसा भड़काने और लोगों के बीच नफरत फैलाने की एक साफ कोशिश है। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

### दीदी भारत को जलाने की कोशिश मत करें: हिमंता

बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के बयान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा, दीदी, आपकी हिम्मत कैसे हुई असम को धमकाने की? हमें लाल आंखें मत दिखाइए। आपकी असफलता की राजनीति से भारत को जलाने की कोशिश मत कीजिए। आपको विभाजनकारी भाषा बोलना शोभा नहीं देता।

# भारत महिलाओं के खिलाफ अपराधों की 'विकृति' के प्रति जाग जाएः राष्ट्रपति

एजेंसी/नई दिल्ली



कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना से पूरे देश में गुस्सा और नाराजगी का माहौल है। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी कोलकाता की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राष्ट्रपति ने कहा कि 'वह घटना से निराश और भयभीत हैं।' अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए राष्ट्रपति ने महिला अपराधों पर रोक का आह्वान किया और कहा कि 'अब बहुत हो गया, अब समय आ गया है कि भारत महिलाओं के खिलाफ अपराधों की 'विकृति' के प्रति जाग जाए और उस मानसिकता का मुकाबला करे जो महिलाओं को 'कम शक्तिशाली, कम सक्षम, कम बुद्धिमान' के रूप में देखती है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, 'इतिहास का सामना करने से डरने वाले समाज सामूहिक भूलने की बीमारी का सहारा लेते हैं; अब समय आ गया है कि भारत इतिहास का सामना करे। महिला अपराधों पर राष्ट्रपति ने कहा कि 'हमें इस विकृति से व्यापक तरीके से निपटना चाहिए ताकि इसे शुरू में ही रोका जा सके। जो लोग इस तरह के विचार रखते हैं, वे महिलाओं को एक वस्तु के रूप में देखते हैं। अपनी बेटियों के प्रति यह हमारा दायित्व है कि हम उनके भय से मुक्ति पाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करें। राष्ट्रपति ने कहा कि 'कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों के खिलाफ इस तरह के अत्याचार की इजाजत नहीं दे सकता। देश को इस पर गुस्सा जाहिर करना ही चाहिए और मैं भी इससे गुस्से में हूं।' राष्ट्रपति ने कहा, 'जब कोलकाता में छात्र, डॉक्टर और नागरिक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, अपराधी खुलेआम घूम रहे थे। रक्षा बंधन पर स्कूली बच्चों के एक समूह के साथ अपनी हाल की मुलाकात को याद करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि 'उन्होंने मुझसे मासूमियत से पूछा कि क्या उन्हें आश्वासन दिया जा सकता है कि भविष्य में निर्भया जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

# आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप निलंबित

एजेंसी/कोलकाता

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने बुधवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष की सदस्यता निलंबित कर दी। यह कदम संस्थान में एक जूनियर डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या की सीबीआई जांच के बीच उठाया गया है। आईएमए ने एक आदेश में कहा कि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर.वी. अशोकन द्वारा बुधवार को गठित समिति ने डॉक्टर के बलात्कार और हत्या मामले तथा आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उसके बाद के घटनाक्रम पर स्वतः संज्ञान लेते हुए विचार किया।

### जूनियर डॉक्टरों ने काम पर लौटने की ममता बनर्जी की अपील ठुकराई

पश्चिम बंगाल में आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने काम पर लौटने की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अपील को बुधवार को खारिज कर दिया। राज्य के जूनियर डॉक्टर एक महिला डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में पिछले 20 दिनों से काम बंद कर हड़ताल कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फोरम के सदस्य ने कहा जब तक आरजी कर अस्पताल की पीड़िता महिला डॉक्टर को न्याय मिलने समेत उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे आंदोलन वापस नहीं लेंगे।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को अब मिलेगी एएसएल की सुरक्षा

एजेंसी/नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत की सुरक्षा को और मजबूत कर दिया है। उन्हें अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसी सुरक्षा मिलेगी। दरअसल, गृह मंत्रालय ने मोहन भागवत की सुरक्षा को जेड प्लस से बढ़ाकर एएसएल (एडवांस्ड सिक्योरिटी लिएज़ॉन) में बदल दिया है। बता दें कि आरएसएस प्रमुख को अभी तक जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि गृह मंत्रालय ने कई जगहों पर मोहन भागवत की सुरक्षा में ढिलाई देखी, जिसके बाद ही उन्होंने नए सुरक्षा प्रोटोकॉल पर काम करना शुरू किया और आरएसएस प्रमुख की सुरक्षा को और मजबूत करने का फैसला लिया गया। ऐसा बताया जा रहा है कि कई भारत विरोध संगठन उन्हें निशाना बना रहे हैं। उनकी सुरक्षा बढ़ाने जाने को लेकर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में इसकी जानकारी दी गई है।

# प्रयागराज के मदरसे में छापे जा रहे थे 100-100 रुपए के नकली नोट, प्रिंसिपल समेत चार गिरफ्तार

एजेंसी/प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की सिविल लाइंस थाना पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गैंग का खुलासा किया है। हैरानी की बात ये है कि नकली नोट मदरसे में ही छापे जा रहे थे। पुलिस ने गैंग के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिसमें मदरसे का कार्यवाहक प्रिंसिपल भी शामिल है। पुलिस ने इनके पास से 1 लाख 30 हजार रुपए के नकली नोट,अर्धनिर्मित करेंसी और प्रिंटर भी बरामद किए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में मदरसे का कार्यवाहक प्रिंसिपल मौलवी मोहम्मद तफसीरुल आरीफीन, मोहम्मद अफजल, मोहम्मद साहिद और मास्टर माइंड जाहिर खान उर्फ अब्दुल जाहिर शामिल है। डीसीपी सिटी दीपक भूकर ने नकली नोट गैंग का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार इनाम की घोषणा की है। वहीं पुलिस इन आरोपियों के अन्य साथियों की भी तलाश कर रही है।

दरअसल, शहर के अतरसुइया इलाके में मदरसा जामिया हबीबिया मस्जिद ए आजम नाम से मदरसा है। उसी मदरसे के कार्यवाहक प्रिंसिपल मो तफसीरुल ने इनको एक कमरा रहने के लिए दिया था और उसी कमरे में ये इन नकली नोटों की छपाई करते थे। खास बात यह थी कि सिर्फ 100 की ही नोट छापते थे ताकि यह नोट आसानी से बाजारों में चलाए जा सकें। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इन चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## हॉकी के जादूगर की जयंती पर विशेषः सीएम योगी ने झांसी में कराया हीरोज ग्राउंड का अपग्रेडेशन

# मेजर ध्यानचंद की स्मृतियों को संजो रही योगी सरकार

◆ स्मार्ट सिटी के माध्यम से निर्मित कराया मेजर ध्यानचंद म्यूजियम

केटी न्यूज/लखनऊ




योगी सरकार प्रदेश की विरासत को सम्मान देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद से जुड़ी स्मृतियों को भी संजोने का काम किया है। सीएम योगी ने अपने सात साल के कार्यकाल में इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में झांसी में दद्दा की स्मृतियों से जुड़े 'हीरोज ग्राउंड' को झांसी विकास प्राधिकरण ने उच्चीकृत करते हुए यहां सुविधाओं का विस्तार किया है और इसको नया लुक देने का काम किया। वहीं, झांसी स्मार्ट सिटी ने रानी लक्ष्मीबाई पार्क में ध्यानचंद म्यूजियम का निर्माण कर यहां दद्दा के जीवन की यादगार कहानियों को अनूठे अंदाज में प्रदर्शित किया है। विगत वर्ष सीएम योगी ने स्वयं इसका लोकार्पण किया था। इसके अलावा, योगी सरकार मेरठ में दद्दा के नाम पर प्रदेश के पहले खेल विश्वविद्यालय का भी निर्माण करा रही है, जो महान खेल विभूति 'दद्दा' को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### ध्यानचंद की याद दिलाता है हीरोज ग्राउंड

मेजर ध्यानचंद के आवास के निकट स्थित हीरोज ग्राउंड दद्दा के खेल जीवन के शुरूआती दिनों से जुड़ा रहा है और इस ग्राउंड पर उन्होंने खुद अभ्यास करने के साथ ही बहुत सारे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण भी दिया। इसी ग्राउंड के एक हिस्से में दद्दा की समाधि स्थित है। झांसी विकास प्राधिकरण ने इस ग्राउंड के चारों ओर बाउंड्री वाल, लाइटिंग, ट्रैक निर्माण और घास लगवाने का काम किया। इसके एक हिस्से में मेजर ध्यानचंद की स्मृति में संग्रहालय का निर्माण कराया गया है।

**मॉडर्न टेक्नोलॉजी से लैस है मेजर ध्यानचंद म्यूजियम:** झांसी स्मार्ट सिटी ने रानी लक्ष्मीबाई पार्क में मेजर ध्यानचंद म्यूजियम का निर्माण कराया है, जिसका लोकार्पण 29 अगस्त, 2023 को सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया था। मेजर ध्यानचंद संग्रहालय विश्व का दूसरा और एशिया का पहला हॉकी संग्रहालय है, जो मेजर ध्यानचंद को समर्पित है। इस संग्रहालय में मेजर ध्यानचंद के द्वारा जीते गए ओलंपिक पदकों के साथ ही हॉकी से जुड़ी उनकी निजी वस्तुओं को भी प्रदर्शित किया गया है। इसमें डिजिटल डिस्प्ले की मदद से मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व और खेल जीवन को प्रदर्शित किया गया है।

**दद्दा के नाम पर मेरठ में खेल विश्वविद्यालय:** उत्तर प्रदेश सरकार मेजर ध्यानचंद के नाम पर मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण करा रही है। यहां खिलाड़ियों को सभी प्रकार के खेलों की सुविधा और प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें 540 पुरुष और 540 महिला खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था होगी। खेलों से जुड़े अनेक पाठ्यक्रम में यहां पढ़ाई कराई जाएगी।



# खुशखबरी : 15 सितंबर से शुरू होगा बिहार पुलिस का सुरक्षित सफर सुविधा अभियान

- महिलाओं के एक कॉल से पहुंचेगी पुलिस करेगी मदद
- पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू हो रहा है छह जिलों में अभियान

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार की महिलाएं न सिर्फ अपने घर में बल्कि घर से बाहर भी अब सुरक्षित रहेंगी। बिहार पुलिस 15 सितम्बर से सुरक्षित सफर सुविधा शुरू कर रही है, जिससे महिलाओं के एक कॉल पर पुलिस तुरंत उस जगह पहुंच जाएगी और महिला को मदद करेगी। रास्ते में कहीं भी किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर वह सीधे 112 पर कॉल कर किसी भी समय निःशुल्क सेवा प्राप्त कर अपने गंतव्य स्थान तक सुरक्षित पहुंच सकेंगी। सुरक्षित सफर सुविधा की शुरुआत 05 सितंबर 2024 से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर राजधानी समेत बिहार के छह प्रमुख जिलों गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेगूसराय एवं नालन्दा में शुरू की जा रही है। फिर 15 सितम्बर से इस सेवा को पूरे राज्य में लागू किया जाएगा। बिहार में अब तक डायल 112 के माध्यम से आपातकालीन पुलिस सहायता, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सेवाएं उपलब्ध हैं। अब तकनीकी एजेंसी के सहयोग से डायल 112 का विस्तार किया जा रहा है। डायल



112 सेवा में राज्य की महिलाओं के लिए सुरक्षित सफर सुविधा को जोड़ा गया है, जो पूरी तरह से निःशुल्क है। इस पूरे प्रोजेक्ट में तकनीकी सहायता प्रदान करेगी। सरकार की इस सुविधा की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि महिला के द्वारा 112 डायल करने पर वह जब तक घर पहुंच नहीं जाती हैं तब तक पूरी यात्रा के दौरान वह बिहार पुलिस के कॉन्टैक्ट में रहेगी। इसके साथ ही डायल 112 की टीम उनकी सुरक्षा की नियमित अंतराल पर जायजा लेती रहेगी। महिला की यात्रा के दौरान वह 112 पर कॉल कर इस सुविधा के लिए अनुरोध करती हैं, तब टीम उनकी यात्रा को डिजिटली मॉनिटर करेगी। अगर महिलाएं अपनी यात्रा के दौरान किसी तरह की चिन्ता व्यक्त करती हैं या फिर डायल 112 टीम द्वारा की जा रही कॉल का तत्क्षण उत्तर नहीं दे पाती हैं, तो डायल 112 की ईआरवी (इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल) गाड़ी, थानों की गाड़ी की सहायता से उन तक तत्काल मदद पहुंचाई जाएगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने गंतव्य स्थान पर सुरक्षित पहुँचने के बाद उनसे फीडबैक भी लिया जायेगा ताकि उनके फीडबैक के आधार पर इस सुविधा को और भी बेहतर किया जा सके।

**पर्व त्योहारों पर विशेष रूप से होगा फायदा :** सुरक्षित सफर सुविधा का विशेष फायदा पर्व त्योहारों पर दिखेगा। जैसे दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ के अवसर पर महिलाओं का आवागमन आसपास बढ़ जाता है। पर्व-त्योहारों की खरीदारी को लेकर महिलाएं देर रात्रि तक बाजार से घर जाती हैं। ऐसे में आगामी त्योहारों को देखते हुए बिहार पुलिस उससे पहले ही महिलाओं को 'सुरक्षित सफर सुविधा' उपलब्ध करा रही है ताकि वह अपने घर के बाहर भी सुरक्षित महसूस करने के साथ-साथ हर्षोल्लास के साथ त्योहार मना सकें। इसके लिए सरकार की विशेष योजनाएं चलायी जा रही है।

# 10 लाख से अधिक का मकान बनाने पर वसूला जाएगा सेस : श्रम मंत्री

**केटी न्यूज/ पटना**



श्रम संसाधन विभाग की ओर से आज सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के संवाद कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। इस दौरान श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने विभाग की ओर से चल रही योजनाओं पर चर्चा की। श्रम संसाधन मंत्री ने कहा कि पटना समेत तीन जिलों में 10 लाख से ज्यादा का घर बनाने पर सेस वसूला जाएगा। कुल राशि का 1 प्रतिशत सेस चार्ज लगेगा और जीआईएस के जरिए मकानों की पहचान होगी। उन्होंने कहा कि बिहार में 60 आईटीआई को सेंटर ऑफ एक्सेलेंस बना लिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जल्द ही उनका उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही श्रम संसाधन मंत्री ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं पर भी चर्चा की और बिहार में रोजगार कैसे डेवलप हो उस पर बात की।

## चारों का शव बेला थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव के तालाब में मिला

# पति से नाराज महिला ने तीन बच्चों के साथ तालाब में डूबकर दी जान

**केटी न्यूज/सीतामढ़ी**

सीतामढ़ी से एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। बेला थाना क्षेत्र स्थित एक तालाब में एक महिला और उसके तीन बच्चों का शव बरामद किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि महिला और उसके पति के बीच अनबन चल रही थी। घटना से पहले महिला के घर में आगजनी भी हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, भारत-नेपाल सीमा स्थित बेला थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव (तेलियाही) में एक महिला और उसके तीन बच्चों का शव तालाब से बरामद किया गया है। गांव के लोगों का कहना है कि महिला ने अपने तीनों बच्चों के संग तालाब में कूदकर जान दी है। महिला अपने घर पर इन्हीं तीनों बच्चों के साथ अकेले रहा करती थी। उसका पति लुधियाना में रहकर सिलाई का काम करता है। वहीं, इस घटना को



लेकर ग्रामीणों का कहना है कि महिला का अपने पति के साथ किसी बातों को लेकर अनबन चलता था। ऐसे में अब महिला ने अपने बच्चों के साथ तालाब में छलांग लगा दी। जिससे सभी लोगों की मौत हो गई। ओस घटना में मृत महिला की पहचान गांव के संजीव कुमार की 32 वर्षीय पत्नी मंजू देवी के रूप में की गई है। तीनों बच्चों में 6 वर्षीय आर्यन, 4 वर्षीय सुशांत और डेढ़ वर्षीय हिमांशु नाम शामिल हैं।

### महिला ने अपने घर में भी लगा दी थी आग

तालाब में अपने बच्चों के साथ डूबने से पहले महिला ने अपने घर में भी आग लगा दी थी। महिला के घर में आगजनी होने की भी जानकारी सामने आई है। तब आसपास के लोग इक्ट्ठा हो गये। बंद पक्के मकान के अंदर आग से काफी सारा सामान जलकर राख हो गया है। लोगों का कहना है कि घर से धुआं उठता हुआ देखकर जब दौड़े तो मकान में ताला लटका हुआ था। घर के अंदर से आग की लपटें उठ रही थीं। यह देखकर सभी और घबरा गए उन्हें लगने लगा की ऐसा न हो कि चारों अंदर ही जल गए हो। अंदर चेक करने पर कोई भी ना था। इसके बाद गांव में लगे जन्माष्टमी मेले में लगे माइक से लोगों ने अनाउंस करवाया। महिला के नाम से पुकार किया गया, ताकि वह कहीं मेला घूमने आई हो, तो अनाउंसमेंट सुनकर अपने घर लौट जाए। परंतु उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चल रहा था। घर में ताला लटकता देख सभी को इस बात का विश्वास था कि घर के अंदर कोई नहीं है। महिला अपने किसी रिश्तेदार के यहां गई हुई है। परंतु सुबह जब लोग अपने खेतों की ओर गये। तब चारो लाश को तैरता देख सभी के होश उड़ गये। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

# पटना में दीवार गिरी, नीचे दबने से 34 लोग घायल

**पटना।** पटना के पुनपुन के श्रीपालपुर में बुधवार दोपहर एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान अचानक घर की दीवार गिर गई। इसकी चपेट में आने से करीब 50 से अधिक लोग चोटिल हो गए। वहीं दीवार के नीचे दबने के कारण 34 लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में हर काम मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और दीवार के नीचे दबे लोगों को ग्रामीणों लोगों की मदद से बाहर निकलने में जुट गई है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।ग्रामीणों ने बताया कि नीरज सिंह के घर धार्मिक समारोह में लगभग 150 लोग शामिल हुए थे। अचानक हादसा हो गया। इसमें कई लोग घायल हो गए। घायलों में ज्यादा संख्या महिलाएं और बच्चों की बतायी जा रही है। हादसे के बाद वहां अफरातफरी मच गई। आननफानन लोगों ने एंबुलेंस बुलवाकर सभी को अस्पताल भिजवाया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुनपुन थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच और छानबीन में जुट गई है।

# पति-पत्नी का एक साथ पोस्टिंग का विचार: शिक्षा मंत्री

**केटी न्यूज/ पटना**

शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि कि शिक्षा विभाग की जो पॉलिसी है, इस पर हम लोगों ने काफी उदारता से इस बात का निर्णय लिया है कि जो महिलाएं हैं या जो पति-पत्नी हैं या फिर कुछ विशेष परिस्थिति है तो वे लोग पोर्टल पर अपना पिटीशन अपलोड कर दें। अगर पोर्टल पर किसी तरह की कोई दिक्कत होती है तो फिजिकल पिटीशन भी विभाग को दे सकते हैं। सितंबर माह के अंत तक हम लोग इस कार्य को पूरा कर लेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि करीब-करीब तैयारी हो गई है। एक सप्ताह या 10 दिन के अंदर हम लोग अप्रूवल कर देंगे। प्रोसेस करने में जो वक्त लगे लेकिन उम्मीद है कि सितंबर माह के अंत तक हम लोग इस कार्य को पूरा कर लेंगे। शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है कि जितने भी शिक्षक हैं, वह अपना ऑनलाइन अटेंडेंस लगाएंगे। इस पर मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि कहीं-कहीं परेशानी आ रही है तो वैसा नहीं है कि हम लोग कटौती करेंगे। जो हम लोगों का पोर्टल है, उसमें कभी-कभी कई कारणों से परेशानी होती है, लेकिन धीरे-धीरे यह बात सभी को समझना होगा कि टेक्नोलॉजी का हम लोग जितना यूज कर सकते हैं तो करें ताकि प्रदर्शिता आ सके, स्कूलों में पढ़ाई हो सके। 20 प्रतिशत पोर्टल का काम अभी बाकी है और अगर हम लोग टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल करते हैं तो इसका फायदा सभी को होगा। पटना के नासरीगंज घाट पर एक शिक्षक की मौत हो जाने के बाद कई शिक्षकों ने मांग किया कि हमें सुरक्षा मुहैया कराई जाए। इस पर मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि हम लोगों ने सभी डीएमको निर्देशित किया है और वह सक्षम भी है।

# बिहार सरकार पुल-पुलियों के रखरखाव के लिए लायी अलग योजना, छह एसओपी का विमोचन

**केटी न्यूज/ पटना**

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सिंचाई भवन सभागार में बुधवार को आयोजित विशेष कार्यक्रम में विभाग द्वारा तैयार छह नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि एसओपी के अनुरूप काम होने से बाढ़ से सुरक्षा के साथ-साथ नहर सिंचाई से संबंधित कार्यों का क्रियान्वयन और तेज गति से हो सकेगा। एसओपी के जरिये जल संसाधन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्णय लेने में अधिक सक्षम बनाया गया है। इससे विभिन्न स्तर पर स्वीकृति प्राप्त करने की विभागीय प्रक्रिया में लगने वाला समय कम होगा। एसओपी के अनुपालन से नदियों व नहरों पर स्थित पुल-पुलिया के नियमित रखरखाव के साथ-साथ विभागीय कार्यालयों, आवासीय एवं निरीक्षण भवनों में सुविधाओं का उन्नयन एवं बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि विभागीय कार्यों में एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए वरीय अधिकारी इसकी नियमित मॉनीटरिंग करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने की। इस दौरान विभागीय मुख्यालय के सभी वरीय अधिकारी मौजूद थे। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि वर्ष 2013 में, जब वे इस विभाग के मंत्री थे, विभाग द्वारा बाढ़ प्रबंधन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई थी, जिसमें बाढ़ रूपी आपदा से त्वरित गति से निपटने के विभिन्न पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया था। इससे बाढ़ एवं कटाव से सुरक्षा तथा खतरों से तत्परता से निपटने में काफी मदद मिल रही है। इस



एसओपी की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई थी।अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने बताया कि समय के साथ इस बात की आवश्यकता महसूस की गई कि विभाग के अन्य कार्यों के लिए भी विस्तृत एसओपी तैयार की जाये। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार कृषि प्रधान राज्य होने के साथ-साथ सघन आबादी वाला राज्य है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्य में हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के निश्चय के अनुरूप जल संसाधन विभाग विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से अधिक-से-अधिक क्षेत्र में सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयत्नशील है। इसके लिए नहरों की मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है, जिसमें राज्य में सिंचाई के लिए उपलब्ध जल का प्रभावी प्रबंधन करते हुए विभिन्न नहरों के अंतिम छोर तक सिंचाई का पानी पहुंचाने पर जोर दिया गया है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि राज्य में जल संसाधन विभाग के परिक्षेत्राधीन विभिन्न नहरों, नदियों एवं धारों पर बड़ी संख्या में पुल-पुलिया का निर्माण किया गया है।

# पुलिस से लाठी खाने वाले पटना सदर एसडीओ खांडेकर बने नालंदा डीडीसी

**केटी न्यूज/मोतिहारी**

बिहार में बड़े पैमाने पर आईएएस अफसरों का तबादला, लाठीचार्ज वाले एसडीएम अब नालंदा में बिहार सरकार ने कई आईएएस अफसरों का ताबादला किया है। पटना सदर में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित 2020 बैच के श्रीकांत कुंडली खांडेकर को अगले आदेश तक नालंदा के उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है।सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी की है। ट्रांसफर होने वालों में 2019 और 2020 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।तबादला होने वाले अधिकारियों में सारण में नगर आयुक्त के पद पर पदस्थापित 2019 बैच के सुमित कुमार को पश्चिम चंपारण बेतिया के उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है। खगड़िया में उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित 2019 बैच की प्रीति को अगले आदेश तक भागलपुर के नगर आयुक्त के पद पर पदस्थापित किया



गया है। मुजफ्फरपुर में नगर आयुक्त के पद पर पदस्थापित 2019 बैच के नवीन कुमार को गया जिले के उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। भोजपुर में उपविकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित 2019 बैच के विक्रम वीरकर को अगले आदेश तक मुजफ्फरपुर के नगर आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। रोहतास के नगर आयुक्त के पद पर पदस्थापित 2019 बैच के यतेन्द्र कुमार पाल को अगले आदेश तक सारण के उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है। सारण में उप विकास आयुक्त सह कार्यपालक पदाधिकारी पद पर पदस्थापित 2019 बैच की प्रियंका रानी को अगले आदेश तक सारण के उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है।नवादा में उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित 2019 बैच के दीपक कुमार मिश्रा को अगले आदेश तक नालंदा के नगर आयुक्त के पद पर पदस्थापित किया गया है। मोतिहारी में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित 2020 बैच की श्रेष्ठ अनुपम को अगले आदेश तक मुजफ्फरपुर के मुख्य उपविकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है। नालंदा में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित 2020 बैच के अभिषेक पलासिया को अगले आदेश तक खगड़िया जिले के उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है। पश्चिम चंपारण बेतिया में पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित 2020 बैच की डॉक्टर अनुपमा सिंह को अगले आदेश तक भोजपुर जिला के उपविकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर जानलेवा हमला

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में अपराधियों का हौसला काफी बुलंद है। राज्य के अंदर आए दिन लोगों की हत्या, गोलीबारी, छिनतई जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। आलम यह है कि पुलिस की टीम जब अपराधी और बदमाश किस्म के लोगों को पकड़ने जा रही है तो उनकी टीम पर भी जानलेवा हमला बोला जा रहा है। जिससे सभी लोगों की चिंता बढ़ती हई नजर आ रही है। ऐसे में अब एक ताजा मामला हाजीपुर से सामने आया है। जहां पुलिस टीम पर जानलेवा हमला किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, हाजीपुर में पोक्सो एक्ट के आरोपियों को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम पर आरोपियों ने हमला कर दिया। इतना ही नहीं पुलिस टीम ने इस मामले में जिस आरोपी को अरेस्ट किया था उसे भी पुलिस की गिरफ्त से छुड़वा लिया और घटनास्थल से भगा दिया गया। इसके बाद पुरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया है। बताया जा रहा है कि वैशाली जिले के करताहां थाने में नाबालिग लड़की से छेड़खानी के मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही



थी। ऐसे में पुलिस की टीम को यह खबर मिली की छेड़खानी मामले के 5 आरोपी पास के सराय थाना क्षेत्र इलाके में छुपे हुए है। इसके बाद पुलिस ने एक टीम तैयार कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए आरोपियों के ठिकाने पर पहुंची और घेराबंदी भी कर ली गयी। वहीं, पुलिस को घेराबंदी करते देख इलाके में आसपास के बदमाशों ने पुलिस को ही घेर लाया और हाथापाई शुरू कर दी। इसी बात का फायदा उठाते हुए पोक्सो एक्ट के आरोपी वहां से फरार हो गए। हालांकि, पुलिस ने खुद पर हमला और बबाल करने के मामले में दो लोगों अरेस्ट कर लिया है। लेकिन, अभी इस पुलिस की गिरफ्त से पोक्सो एक्ट के मुख्य आरोपी फरार है और अभी भी इसकी तलाश जारी है।

## इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड पनोरमा ग्रुप के युवाओं को दे रहा है रोजगार के अवसर

# एक सितंबर को मनेगा पनोरमा ग्रुप का नौवां फाउण्डेशन डे, ई होम्स में तैयारियां जोरों पर

**केटी न्यूज/पूर्णिया**

फर्श से अर्श तक का सफर तय कर पनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा ने आज पनोरमा की छांव में पूर्णिया को न केवल महानगरों का लुक दिया है बल्कि युवाओं को रोजगार का अवसर भी दियालक्ष्य के प्रति लगनशीलता और दृढ़ इच्छाशक्ति संजीव मिश्रा की पूंजी रही है और यही उनकी कामयाबी का राज भी है जिससे आज कई युवा ले रहे हैं प्रेरणा सीमांचल इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड पनोरमा ग्रुप के जरिये पूर्णिया के विकास की रोज नई इबारत लिखने वाले ग्रुप के सीएमडी वरीय समाजसेवी संजीव मिश्रा आज किसी परिचय के मोहताज नहीं। स्वभाव से सरल और मृदुभाषी संजीव मिश्र ने जीवन में कभी हार नहीं मानी। फर्श से अर्श तक का सफर तय कर संजीव मिश्रा ने आज पनोरमा की छांव में पूर्णिया को न केवल महानगरों का लुक दिया है बल्कि युवाओं को रोजगार का अवसर भी दिया। जीवन के झंझावातों के बीच कई उतार-चढ़ाव आए, कई कठिन चुनौतियों के



साथ संघर्ष से सामना हुआ, मायूसी और नाकामियां आयीं, लेकिन इन सब के बाद नायाब कामयाबी भी मिली. निराशा और असफलता ने कदम-कदम पर संजीव मिश्रा की परीक्षा ली लेकिन उन्होंने आशा, धैर्य, मेहनत का रास्ता नहीं छोड़ा। उन्होंने गलतियों से सीखा और प्रयास जारी रखे फिर वह दिन भी आया जब सफलता और शोहरत जीवन का हिस्सा बन गई। लक्ष्य के प्रति लगनशीलता और दृढ़ इच्छाशक्ति श्री मिश्रा की पूंजी रही है और यही उनकी कामयाबी का राज भी है जिससे आज कई युवा प्रेरणा ले रहे हैं। इसी क्रम में रियल एस्टेट कंपनी सीमांचल इंफ्राटेक प्राईवेट लिमिटेड पनोरमा ग्रुप आगामी 01 सितम्बर 2024 को अपना 09 साल पूरे होने पर स्थापना दिवस समारोह मनाने जा रही है जिसमें संजीव मिश्रा ने सभी को सादर आमंत्रित करते हुए कहा कि आप सभी फाउण्डेशन डे पर ई होम्स पैनोरमा पधारें। आप सब का आशीर्वाद हमारी ऊर्जा को संबल देते रहें। संजीव मिश्रा कहते भी हैं जिंदगी में कुछ पाना हो तो खुद पर ऐतबार रखना, सोच पक्की और कदमों में रफ़्तार रखना, कामयाबी मिल जाएगी एक दिन निश्चित ही तुम्हें, बस खुद को आगे बढ़ने के लि तैयार रखना।



# जख्मी हुए पिकअप चालक से लूट का प्रयास करने वाले दो युवक गिरफ्तार

- बाइक चला रहा लुटेरा फरार, पुलिस कर रही छापेमारी
- औद्योगिक थाना क्षेत्र के दलसागर के पास लूट का किया था प्रयास, ग्रामीणों ने धुनाई कर पुलिस को सौंपा






**केटी न्यूज/बक्सर**

एक पिकअप चालक से लूटपाट का प्रयास कर रहे लूटेरों की बुलेट अनियंत्रित हो डिवाइडर से टकरा गई। जिससे दोनों जख्मी हो गए। वही, स्थानीय लोगों ने दोनों की जमकर पिटाई कर उन्हें पुलिस को सौंप दिया है। उनके पास से एक मैग्जिन व कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस उनके पिस्टल की तलाश कर रही है। इधर लूटेरों की गोली से पिकअप चालक बाल बाल बच गया है। घटना बुधवार को दोपहर बाद करीब सवा तीन बजे औद्योगिक थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर दलसागर पुल से पश्चिम महाराजा मैरेज हॉल के सामने की है। पुलिस गिरफ्तार लूटेरों से पूछताछ कर उनके अपराधिक रिकार्ड का पता लगा रही है। गिरफ्तार अपराधियों में जासों के हिमांशु कुंवर व कृष्णकांत पांडेय पिता संजय कुमार शामिल है। जबकि बुलेट बाइक चला रहा सुनील कुमार उर्फ मोनू यादव पिता स्वामीनाथ यादव फरार हो गया है।

मिली जाकारी के अनुसार छोटकी कुल्हड़िया का दीपक यादव पिता रामाश्रय यादव पेशे से पिकअप चालक है। वह बुधवार को चौसा मेला गया था। वहां, से 80 हजार रूपए लेकर वापस अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह औद्योगिक थाना से आगे बढ़ा कि पुलिस लिखी लाल रंग की बुलेट बाइक पर सवार तीन लूटेरे पहले उसे पिकअप रोकने का इशारा किए। लेकिन, वह उनकी मंशा भाग तेजी से भागने लगा। इसके बाद लूटेरे उसका पीछा करते दलसागर तक पहुंच गए और जब देखा कि वह पिकअप नहीं रोक रहा है तो एक लूटेरा ने पिस्टल निकाल ड्राइवर को लक्ष्य कर गोली चला दी। संयोग से उसे गोली ड्राइवर को नहीं लगी, लेकिन पिकअप के अगले हिस्से में गोली लगने के निशान मिले है। पिकअप चालक ने हिम्मत दिखाते हुए उन्हें चकमा दिया, जिससे वे असंतुलित हो डिवाइडर से टकरा बुलेट सहित सड़क पर गिर गए। इसके बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने उनकी जमकर धुनाई की तथा उन्हें औद्योगिक थाने की पुलिस को सौंप दिया। एसपी मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि दो लूटेरे गिरफ्तार हुए है। उनकी शिनाख्त की जा रही है। एसपी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**पुराने विवाद की चर्चा:** इस घटना के बाद दोनों पक्षों में पुराने विवाद की बात भी सामने आ रही है। जानकारों का कहना है कि पिकअप चालक तथा उस पर फायरिंग करने वाले पहले से एक दूसरे को जानते थे। लोगों का कहना है कि उनके बीच पुराना विवाद था। हालांकि, पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

## एक नजर

### निकृष पंप योजना का शीघ्र कराएं कार्य: डीएम

**बक्सर।** डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कृषि टॉस्क फोर्स एवं अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। इस समीक्षा बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि बक्सर जिला अंतर्गत धान फसल का आच्छादन शत प्रतिशत हो गया है। जिलें में उर्वरक विक्रय में अनियमितता की शिकायत पर जीरो टॉलरेंस नीति का अनुपालन किया जा रहा है। जिला स्तर पर उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर जिला कृषि पदाधिकारी ने तीन उर्वरक प्रतिष्ठानों की अनुज्ञप्ति को रद्द किया है। इनमें सिमरी प्रखंड के मे. रोहन किसान केंद्र, नगवां, राजपुर प्रखंड के मे. श्री गणेश इंटरप्राइजेज, धनसोई, तथा मे. किसान सेवा केंद्र, भलुआ शामिल है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि यूरिया वितरण अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित पदाधिकारी व कर्मी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। निकृष पम्प योजना की समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, गंगा पम्प कैनाल, चौसा ने बताया कि सरकार से स्वीकृति के बाद निकृष पम्प योजना अंतर्गत शेष कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना के तहत अंतिम छोर तक किसानों को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराएगें। वही, बैठक से अनुपस्थित रहने के कारण कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बक्सर, कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, बिक्रमगंज तथा कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, नावानगर से शो-कॉज किया गया।

**596 किसानों को निर्गत किया गया है परमिट:** समीक्षा बैठक में डीएम के पूछने पर जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि कृषि यांत्रिकरण योजना अंतर्गत कुल 596 किसानों को परमिट निर्गत किया गया। जिसमें से 439 किसानों ने यंत्रो का क्रय कर लिया है। उन्होंने कहा कि अन्य किसानों को भी उपकरण खरीदने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### कार्यशाला में भाजपा पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान चलाने पर दिया गया जोर



**डुमरांव।** भाजपा ने नगर में सदस्यता कार्यशाला का आयोजन सफाखाना रोड स्थित महिला जिलाध्यक्ष शीला त्रिवेदी के आवास पर किया गया। इसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष चुनमुन वर्मा ने किया। नेताओं का कहना था कि हर बूथ पर कम से कम 100 सदस्य बनाना है। सदस्य बनाने में कोताही नहीं बरतनी है। हम जितने अधिक सदस्यों को पाटी से जोड़ेंगे जनाधार बढ़ेगा। इस संबंध में जो आवश्यक बातें हैं सभी को बतायी गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सदस्यता अभियान प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष मनोज पांडेय व राजू कुशवाहा ने कहा कि हम सभी को पार्टी की विचार धारा से लोगों को अवगत कराना है। फिर जिसे सदस्य बनने के लिए लोग आगे आएंगे। इसके लिए हमें धरातल पर काम करना होगा। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता बलराम पांडेय ने कहा कि हम जब पार्टी से लोगों को जोड़ेगें तब विस्तारित रूप प्रदान होगा। जो आने वाले चुनाव में काफी प्रभावशाली होगा। कार्यशाला का समापन पिंकी पाठक ने किया। बैठक में रोहित सिंह, मुखिया सिंह, राजेश यादव, मालती देवी, बिन्दा देवी, मोहन, पवन, रमेश, संजय सहित अन्य मौजूद रहे।

### बक्सर में 14 सितंबर को आयोजित होगी वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत



**बक्सर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेशानुसार स्थानीय व्यवहार न्यायालय, बक्सर के अपने प्रकोष्ठ में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आनंद नंदन सिंह ने डीएम अंशुल अग्रवाल, कार्यरत बैंको के मुख्य शाखा प्रबंधकों, खनन विभाग, वन विभाग, नगर परिषद, माप तौल विभाग, श्रम विभाग एव जिले में कार्यरत सभी बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ एक बैठक किया। बैठक में उन्होंने कहा कि वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत 14 सितंबर 2024 को आयोजित होगी। जिसमें आपसी सुलह-समझौते के आधार पर वादों का निपटारा कराया जाएगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निष्पादन के लिए लोगों एवं अपने बैंक के ग्राहकों, बैंक ऋण धारकों को प्रेरित करने को कहा। न्याधीश ने कहा कि बैंको की तरफ से यदि ऋण अदाएगी में विशेष छूट दी जाए तो अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन हो सकता है। इसके लिए हम सभी को प्रत्नशील रहना होगा।

**सफलता के लिए लगातार आयोजित हो रहे है बैठक:** राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायाधी द्वारा लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। इससे पहले बक्सर न्यायमंडल में कार्यरत जिले सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक हो चुकी है। उन्होंने भी बैंकों को अपने ऋण वसूली में अदाकताओं के प्रति उदारता रखने को कहा है। जिला प्राधिकार, बक्सर के अध्यक्ष, आनंद नंदन सिंह ने मौके पर उपस्थित सभी बैंक पदाधिकारी एवं अन्य विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी लोग निष्पादित होने वाले वादों की सूची साथ ही पक्षकारों के लिए नोटिस यथाशीघ्र साझा करें। ताकि संबंधित पक्षकारों को नोटिस के माध्यम से सूचना भेजी जा सके। जिससे संबंधित मामले का निपटारा और आसान हो जाएगा। मौके पर माप तौल विभाग के अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया के वरीय शाखा प्रबंधक रितेश कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक, सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक अंकित पांडेय, इंडियन ओवरसीज बैंक के शाखा प्रबंधक, राजीव कुमार, लीड बैंक मैनेजर सतीश कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के बैंक कर्मी, खनन विभाग के अधिकारी, अंबिक कुमार, खनन निरीक्षक, बक्सर, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अधिकारी, आनंद घनश्याम, इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता, शशि भूषण मिश्रा, इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता, विष्णु दत्त द्विवेदी, बिजली विभाग के अभियंता, शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### शिविर लगा एनसीसी कैडेट का किया गया चयन




**बक्सर।** बुधवार को जी वी कॉलेज रामगढ़ में एनसीसी कैडेटों के चयन के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शारीरिक प्रशिक्षण, मेडिकल जांच एवं लिखित परीक्षा पास करने वाले 52 कैडेट एनसीसी के नये सत्र के लिए चयनित हुए। इस चयन में 30 बिहार बटालियन के सुबेदार मेजर देवराज साहु, नयाब सूबेदार सीएस सिंह, हवलदार सुमन सौरव, मधु लता शुक्ला भी मौजूद रहीं। सुबेदार मेजर देवराज साहु ने नये कैडेटो का स्वागत करते हुए कहा कि आज के दौर में एनसीसी की भूमिका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि एनसीसी में कैडेटों को परेड, आत्मरक्षा, मैप रीडिंग, सोसल वर्क सहित कई अन्य चीजों की जानकारी दी जाती है। इसके अलावे उन्हें मिलट्री साइंस तथा सेना की कार्यपद्धति व हथियार चलाने की टेजनिंग भी दी जाती है। उन्होंने कहा कि एनसीसी की गिनती देश के दूसरी रक्षा पंक्ति के रूप में होती है। उन्होंने नये कैडेट्स से पूरे मन से प्रशिक्षण लेने की अपील की और कहा कि एनसीसी का प्रशिक्षण व सर्टिफिकेट आपके जीवन व कैरियर निर्माण में काम आने वाला है।

### बक्सर सांसद के अभिनंदन समारोह की तैयारी पूरी, कार्यक्रम आज

**डुमरांव।** कार्यकताओं द्वारा बक्सर लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचित सांसद सुधाकर सिंह का नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। गुरुवार को राजद कार्यकर्ता डुमरांव के नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। बुधवार को डुमरांव के एक सभागार में कार्यक्रम तैयारी समिति की एक बैठक जिलाध्यक्ष शेषनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में अभिनंदन समारोह कार्यक्रम के बिंदुवार रणनीति तय करते हुए इसे सफल बनाने की अपील की गयी। बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार ठाकुर ने किया। वक्ताओं ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी छोटे-बड़े कार्यकताओं के साथ आम लोगों की ज्यादातर सहभागिता रहेगी। आगामी 30 अगस्त को सांसद का अभिनंदन सोवां गांव में किया जायेगा। मौके पर रामप्रवेश यादव, नागेंद्र सिंह, सुमेश्वर यादव, अखिलेश सिंह, पप्पू यादव, सतेंद्र यादव, धनपति चौधरी, हरेंद्र सिंह, जवाहर पासवान, लालबाबू यादव, अवधेश यादव, राजू प्रसाद, कृष्णा बहादुर, भगवानजी सिंह यादव, राजेश यादव, संजय सैनी, उमेश प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

## दो मौतों से सकते में आया स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा पदाधिकारी ने लिया जायजा

# महरौरा गांव में चंद घंटों के अंतराल पर युवक व महिला की मौत, हड़कंप



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव से सटे महरौरा गांव में बुधवार की सुबह चंद घंटों के अंतराल पर एक महिला व एक युवक की मौत से गांव में हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग भी सकते में आ गया। पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरबी प्रसाद दोनों मृतकों के घर जा परिजनों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। वही, गांव में एहतियात के तौर पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया। मृतकों में देवमुनी राय के 25 वर्षीय पुत्र अक्षय लाल राय तथा मुन्ना राय की 45 वर्षीय पत्नी रीता देवी शामिल है।

चिकित्सा पदाधिकारी के समक्ष मृतक अक्षय लाल की मां रसमुना देवी ने बताई कि वह पहले परदेश में मजदूरी करता था। होली के आस पास गांव आया था। उसे खांसी था तथा मरने से पहले खून की उल्टी किया था। मंगलवार को उसने एक निजी डॉक्टर से इलाज भी कराया था। चिकित्सा पदाधिकारी ने उसके परिजनों दवा का पूर्जा तथा एक्सरे रिपोर्ट भी लेकर देखा। प्रथम द्दष्टया उसमें टीबी के लक्षण मिले। वही, दूसरी मृतक रीता देवी के परिजनों ने बताया कि उसे रात से ही दस्त तथा उल्टी हो रहा था। सुबह में एक ग्रामीण चिकित्सक ने सुई लगाई थी। लेकिन, आराम नहीं मिला तथा कुछ घंटे बाद ही वह अचेत होकर गिर गई। इसके बाद परिजन उसे लेकर अनुमंडलीय अस्पताल जाने लगे। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक रीता में डायरिया के लक्षण की जानकारी के बाद डॉ. प्रसाद ने ग्रामीणों को सतर्क किया और कहा कि किसी भी तरह की बीमारी होने पर तुरंत सरकारी अस्पताल से संपर्क करें। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों को जागरूक भी किया। हालांकि, किसी के भी परिजनों ने पोस्टमॉर्टम नहीं कराया। जिस कारण उनके मौत के रहस्य से पर्दा नहीं उठ सका है। चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि मामले की जांच करवाई जाएगी। वही, दूसरी तरफ इसकी जानकारी मिलते ही नगर परिषद प्रशासन ने तत्काल महरौरा में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया।



## बनकट गांव के 59 ग्रामीण डायरिया से पीड़ित गांव में अब तक नहीं हुआ दवा का छिड़काव

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के विस्तारित क्षेत्र बनकट गांव में डायरिया चार दिनों से फैला हुआ है। इस डायरिया के चपेट में आने से दर्जनों ग्रामीण अक्रांत हैं। सरकारी आंकड़ों को देखा जाए तो 59 ग्रामीण डायरिया बीमारी की चपेट में आकर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाजरत हैं। अनुमंडलीय अस्पताल की डाक्टरों की मानें तो 59 मरीज डायरिया से पीड़ित भर्ती हुए थे। 16 का इलाज चल रहा है, बाकी लोग स्वस्थ होकर घर चले गए। इसको लेकर सोहेल देव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदय नारायण राजभर ने बनकट गांव जाकर पीड़ित परिवार व ग्रामीणों से मुलाकात कर सारी जानकारी हासिल की। इनके साथ राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव अखिलेश सिंह यादव भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया की 100 सौ अधिक लोग बीमार थे, जिनमें 59 का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया, शेष ने निजी क्लीनिक में इलाज करवाया। ग्रामीण बाबूलाल राय, हीरा राय, भावनाथ राय सहित अन्य का कहना है कि बीमारी फैलने के दिन सभी तरह सहायता मरीजों को मिली, उसके बाद दो दिनों से कोई सहायता नहीं मिली है। गांव में दवा छिड़काव करने के लिए दो दिनों से रखा हुआ है, लेकिन छिड़काव नहीं किया गया। गांव में जलापूर्ति का पाइप टूटा हुआ है, जिसके सहारे नाली का गंदा पानी प्रवेश कर जाता है। इसी पानी को पीने से रोग फैला हुआ है। डाक्टर भी दूषित पानी पीने से ही रोग फैलने की बात कर रहे हैं। यह नप के विस्तारित क्षेत्र के वार्ड 16 में पड़ता है।

## बनारपुर के किसान नेता के घर की गई कुर्की जब्ती, खिड़की दरवाजा को उखाड़ ले गई पुलिस

**केटी न्यूज/चौसा**



मुफस्सिल थाने की पुलिस ने बुधवार को चौसा के दो किसानों के घर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की। हालांकि कुर्की जब्ती की सूचना मिलते ही एक किसान नेता ने कोर्ट में आत्मसमपर्ण कर दिया। जिसके बाद उनके घर कार्रवाई रोक दिया गया। जबकि पुलिस दूसरे किसान नेता के घर के दरवाजे व खिड़की भी उखाड़ ले गई। न्यायालय के आदेश पर की गई कुर्की जब्ती के बाद किसानों में गहरा आक्रोश है। कुर्की जब्ती की यह कार्रवाई बनारपुर के किसान नेताओं अंशु चौबे के घर हुई। जबकि कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू होते ही मुन्ना तिवारी तिवारी ने आत्मसमपर्ण कर दिया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी भी मौजूद थे।

बता दें कि चौसा के निमार्णाधीन 1320 मेगावॉट थर्मल पॉवर प्लांट के लिए अधिगृहित जमीन की व्यवसायिक दर से मुआबजे की मांग पर किसान करीब दो वर्ष से अधिक समय से आंदोलन कर रहे है। इसी दौरान 20 मार्च 2023 को किसानों और पुलिस के बीच झड़प हुई थी। जिसमें सदर डीएसपी तथा तत्कालीन मुफस्सिल थानाध्यक्ष जख्मी हुए थे। वही, पुलिस ने भी बर्बर तरीके से गांव की महिलाओं व बच्चों तक की पिटाई की थी। इस मामले में जिला प्रशासन के निर्देश पर 35 नामजद व 300 अज्ञात किसानों पर एफआईआर दर्ज कराया गया था। जिसमें मुन्ना तिवारी व अंशु चौबे भी शामिल है।

## अतिक्रमण हटाने के लिए नप ने दी आज तक की मोहलत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय शहर के मुख्य सड़कों पर दुकानदारों ने सड़क किनारे दुकानें लगाकर अवैध रूप से कब्जा जमा रखा है। अतिक्रमण के कारण सड़के संकीर्ण बन गयी है, जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। नगर परिषद प्रशासन ने इस पर संज्ञान लेते हुए अतिक्रमणकारी दुकानदारों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। नप ने अतिक्रमण हटाने के लिए आज तक यानी 29 अगस्त तक की मोहलत दी है। इसके लिए नप प्रशासन शहर में माइकिंग भी करा रही है। इस अवधि में अगर किसी ने अतिक्रमण नही हटाया तो प्रशासन जुमार्ना वसूलते हुए कार्रवाई करेगी। इसकी निगरानी को लेकर नप ने धावा दल का गठन किया है। अतिक्रमण से कहीं जाम तो कही महाजाम की स्थिति बनी रहती है। इसके लिए नप ने कई कड़े कदम उठाये है। डुमरांव की मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण के कारण घंटो जाम की समस्या बनी रहती है। इस जाम में स्कूली बच्चों के वाहन और एम्बुलेंस जैसे वाहन भी घंटो फंसे रहते हैं। नप प्रशासन ने अतिक्रमण की समस्या से निजात पाने के लिए धावा दल गठित किया है, जिसमें नगर पर्षद के कर्मचारी शामिल है। धावा दल द्वारा सड़क पर अतिक्रमणकारियों को चिन्हित करना, जुर्माना की वसूली करना, सड़को पर जहां-तहां खड़े वाहनों पर रोक का टारगेट दिया गया है।

## डीएम ने टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम की समीक्षा कर दिए निर्देश, जिले की तीन पंचायतें हो चुकी हैं टीबी मुक्त

# बक्सर जिला को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को शीघ्र करें प्राप्त: डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम की समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में की गई। समीक्षा बैठक में संचारी रोग पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2023-24 में राज्य के 27 पंचायतों में से बक्सर जिले के तीन पंचायत सदर प्रखंड के कमरपुर व जासो तथा राजपुर के सरेंजा को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इन पंचायतों में एक वर्ष तक संतोषजनक प्रगति रहने पर कांस्य सर्टिफिकेट, दो वर्ष तक संतोषजनक प्रगति रहने पर सिल्वर सर्टिफिकेट एवं तीन वर्ष तक संतोषजनक प्रगति रहने पर गोल्डन सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। जिलाधिकारी ने इस लक्ष्य को पाने के लिए आवश्यक करवाई का निर्देश दिया। साथ ही वर्ष 2024-25 में अधिक से अधिक पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया।

टीबी मुक्त कार्यक्रम के तहत चिन्हित पंचायतों में कार्यो का अनुश्रवण एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक तथा प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक को नोडल बनाया गया। साथ ही जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देशित किया कि टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम के लिए विभाग द्वारा जारी कुल छह संकेतकों पर ससमय कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे।

**डीएम, डीडीसी व सीएस बने है निक्षय मित्र:** डीएम अंशुल अग्रवाल, उप विकास आयुक्त डॉ. महेन्द्र पाल, सिविल सर्जन डॉ. एससी सिन्हा तथा संचारी रोग पदाधिकारी बक्सर ने स्वयं को निक्षय मित्र के रूप में पंजीकृत कराया है तथा दो-दो टीबी मरीजों को सहायता प्रदान कर रहे है। जिलाधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष निक्षय मित्र की संख्या कम थी, इस वर्ष अधिक से अधिक व्यक्तियों को निक्षय मित्र के रूप में पंजीकृत कराते हुए बक्सर जिले के अधिकतर पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा सकता है। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से निक्षय मित्र के रूप में पंजीकरण कराने के लिए अपील किया गया। डीएम ने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि पोषक क्षेत्र में यदि किसी बच्चा में टीबी का लक्षण दिखाई देता है तो उसे अविलंब अस्पताल भेज जांच कराना सुनिश्चित करें। साथ ही वर्ष 2024 में विस्तृत कार्य योजना बनाकर पूरे जिले को टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को पूरा करें। इस दौरान डीएम ने कहा कि एसीएफ को डोर टू डोर सर्वे कराते हुए सभी संदेहास्पद मरीजों की जांच कराने का कि निर्देश दिया।



## खबरें फटाफट

### नगर पंचायत ने कर्मियों को दी विदाई

**काराकाट।** नगर पंचायत काराकाट गोड़ारी नागपंचमी मेला में आए सुप्रसिद्ध जय माँ दुर्गा झुला नालंदा के सभी सदस्यों को सम्मान पूर्वक विदाई किया गया। नगर पंचायत काराकाट के उप मुख्यपार्षद रविश रंजन के द्वारा झुला के मालिक अशोक गुप्ता को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। साथ ही सभी सदस्यों को संजय पासवान, कुंदन पासवान, चंदन पासवान, शिक्षक अनिल कुमार पासवान इत्यादि लोगों के द्वारा सभी झुला वाले को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। उपमुख्यपार्षद के द्वारा आगे भी मेला में झुला लाने हेतु आग्रह किया गया।झुला के मालिक और सभी सदस्यों ने कहा कि नगर पंचायत गोड़ारी एवं बकस बाबा पूजा समिती का जो प्यार और स्नेह मिला हमलोग हमेशा याद करेंगे। संजय पासवान के द्वारा उपमुख्यपार्षद रविश रंजन जी को भी अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर उपमुख्य पार्षद रविश रंजन, संजय पासवान, कुंदन पासवान (समाजसेवी), चंदन पासवान, पप्पू पासवान, अनिल कुमार पासवान (शिक्षक), छोटू, नागेंद्र, रवि चंद्रवंशी, दारा पासवान, गाँधी यादव, बजरंगी, विनय, शोनल, राहुल, दिनेश, जितेंद्र, गुड्डू, चंद्रशेखर शर्मा, जगन पंडित, जोखन उपस्थित थे।

### आकाशीय बिजली से लाखों का उपकरण नष्ट

**छपरा।** जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में मंगलवार की देर शाम आकाशीय बिजली गिरने से शॉट सर्किट के कारण शिवजी तिवारी के मकान में मौजूद लाखों के इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नष्ट हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर शाम करीब पौने दस बजे बारिश के दौरान गड़गड़ाहट और तेज चमक के साथ शिवजी तिवारी के मकान के समीप लगे बिजली पोल पर अचानक आकाशीय बिजली गिर पड़ी। जोर की धमाके के साथ बिजली गिरने से आस-पड़ोस के लोग डर गए। शिवजी तिवारी ने बताया कि हादसे के समय घर पर अकेला था। तभी अचानक तेज गर्जन के बीच मकान के सभी बल्ब समेत अन्य बिजली के उपकरण बंद हो गए। पूरे मकान में अंधेरा फैल गया और तार जलने की बदबू आने लगी। जब टार्च जलाकर देखा तो पाया की विद्युत पोल से मकान में आने वाली मेन तार गल कर जमीन पर गिर रहे हैं। जबकि मकान में लगे विद्युत उपकरण एलइडी टीवी, फ्रिज, कूलर, इनवर्टर, एसी, विद्युत तार सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए हैं। जिसमें करीब दो लाख रुपए के सामान नष्ट हो जाने का अनुमान है।

### हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा शीघ्र शुरू करेगी सदस्यता अभियान

**छपरा।** बुधवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेकुलर) की बैठक निरीक्षण भवन छपरा में सम्पन्न हुई।इस बैठक में प्रदेश महासचिव अविनाश कुमार की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उज्जवल कुमार श्रीवास्तव ने किया। बैठक में जिला स्तर तथा प्रखंड स्तर के तमाम पदाधिकारियों के बीच सारण जिला में पार्टी को मजबूत करने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई ।मुख्य अतिथि अविनाश कुमार ने कहा कि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा राजनीतिक पार्टी ही नहीं वरन एक आंधी है जो आने वाले समय में प्रदेश को एक बेहतर विकल्प के रूप में दिखेगा। जिलाध्यक्ष उज्जवल कुमार श्रीवास्तव ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी अपने-अपने स्तर से जितना हो सके उतना योगदान दे और पार्टी को मजबूत बनाएं । इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, जिला महासचिव मनीष कुमार,जितेंद्र कुमार ,जिला सचिव अशरफ इमाम,ब्रजेश कुमार,संजय कुमार गुप्ता, मंटू मांझी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पीरो बाजार स्थित बहरी महादेव मंदिर से लौटते समय हुआ हादसा

# मंदिर से लौट रहे बुजुर्ग किसान को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

- घटना के बाद चालक बाइक लेकर मौके से फरार हो गया
- मृतक अपने दो भाई व एक बहन में छोटे थे। उन्होंने शादी नहीं की थी
- अपने भाई भतीजों के साथ रहते थे गांव में



**केटी न्यूज/आरा**

आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर पीरो थाना क्षेत्र के पीरो चौक पर बाइक सवार ने मंदिर से वापस घर लौट रहे एक बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक पीरो थाना क्षेत्र के दुसाधी बाजार निवासी स्व. लाल मुनी सिंह के बेटे इंद्रमणि सिंह (60) है। वह पेशे से किसान थे। इधर, मृतक के भतीजे शिलाजीत यादव ने बताया कि जन्माष्टमी को लेकर पीरो बाजार स्थित बहरी महादेव मंदिर में पूजा का आयोजन चल रहा था। जिसे देखने के लिए इंद्रमणि गए थे। वहां से प्रसाद खाने के बाद जब वापस घर लौट रहे थे। पीरो चौक पर बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

**बाइक की टक्कर से घायल हुए थे बुजुर्ग**

बुजुर्ग बाइक की टक्कर बुजुर्ग सड़क किनारे गिर पड़े। इस बात की जानकारी स्थानीन लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर चोटिल बुजुर्ग को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल ले गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन पीरो अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक बनी हुई थी। डॉक्टरों ने परिजनों को हिदायत दी कि तत्काल बुजुर्ग को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया जाए। इसके लिए एबुंलेश की व्यवस्था की गई। इसके बाद डॉक्टरों ने आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। सदर अस्पताल में डॉक्टर ने किया मृत घोषित सदर अस्पताल में डॉक्टर ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व एक बहन में छोटे थे। उन्होंने शादी नहीं की थी और वह अपने भाई व भतीजे के साथ ही रहते थे। घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह काफी मिलनसार व्यक्ति थे। हर किसी के सुख-दुख में शामिल होते थे।

## दरधा नदी में स्नान के दौरान युवक डूबा, मौत

**जहानाबाद ।** दरधा नदी में स्नान करने के क्रम में एक युवक नदी के तेज धारा में बह गया। बताया जाता है कि नगर थाना क्षेत्र के जाफरगंज निवासी मो सलमान जो किराए के मकान में रहकर बिस्किट बेकरी में काम करता था। तथा अपने परिवार के साथ जिवन यापन करता था। वही आज बुधवार को दोपहर करीब एक बजे दरधा नदी में जाफरगंज पुल से स्नान करने कूद पड़ा, तथा नदी के तेज बहाव रहने के फलस्वरूप पानी में डुब गया। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी में स्नान करने हेतु छलांग लगाई परतु बाहर नहीं निकल पाया। वही नदी में डूबने पर लोगों ने शोर मचाया,शोर सुनकर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। तथा पुलिस एवं परिजनों को सुचना दिया। खबर प्राप्त होते ही मो सलमान का भाई मो एमबरी आलम ने बताया कि मुझे जावेद नाम के लड़का ने मोबाइल द्वारा सुचित किया कि तुम्हारा भाई सलमान दरधा नदी में स्नान करने के क्रम में डूब गया, खबर सुनते ही भागे भागे यहां आया। आरोप है कि प्रशासन ने कोई शव ढुढने का प्रयास नहीं किया है।

## एक नजर

### भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा जन सुराज का दामन



**डेहरी (रोहतास)।** स्थानीय पाली रोड में डेहरी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह जन सुराज के नेता समीर कुमार की अध्यक्षता में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता जन सुराज पार्टी के दामन थाम लिया ।जिसमे मुख्य रूप से विजय शंकर तिवारी, अनुज पांडेय, गणेश पांडेय, मो नियाज, मो कैफ, श्रवण कुमार, गणेश पांडेय, डॉक्टर अजय सिंह, काशी प्रजापति सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता जन सुराज की सदस्यता ग्रहण कर लिया। जन सुराज के नेता व डेहरी विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी समीर कुमार ने कहा कि बिहार में सत्ता परिवर्तन तो कई बार हुआ लेकिन अबकी बार व्यवस्था परिवर्तन के लिए लोग जन सुराज से जुड़ रहे हैं। बिहार की जनता आने वाले विधान सभा चुनाव में नेताओ के चेहरे को नही बल्कि अपने बच्चे के चेहरे और भविष्य को देख कर वोट करेंगे। जिससे बिहार में जनता की खुद की एक सुंदर व स्वच्छ सरकार होगी ।समीर ने बताया की लोग जान सुराज को दिल से पसंद कर रहे है। अब लोगों को भी पता चल गया है की जन सुराज पार्टी ही विकल्प बचा है जिसे आने वाले चुनाव में अपना बहुमूल्य मत देकर राज्य में एक स्वच्छ सरकार बनायेंगे। यही कारण है की आज बीजेपी जैसे बड़े पार्टी के कार्यकर्ता भी जन सुराज की दामन थाम रहे है।

### बड़हरा विधानसभा पूरे बिहार मे सदस्यता अभियान में बनेगा नंबर वन: राघवेन्द्र प्रताप सिंह



**बडहरा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान के लिए सभी मंडलो मे कार्यशाला का आयोजन हो रहा है। बुधवार को बड़हरा मंडल के सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन शक्ति केन्द्र बखोरापुर के गायत्री होटल बखोरापुर में किया गया। इसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह संटू ने किया । बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यशाला मे भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुरे बिहार में बड़हरा विधानसभा को सदस्यता अभियान में नम्बर वन बनना है । प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने अपने बुथ पर 200 सदस्य बनाना है इसके लिए गांव में टोली बना कर हर घर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उन्होने कहा कि दो सितम्बर से भाजपा का सदस्यता अभियान की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदस्यता दिला कर की जाएगी। सभी बूथो पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है और हम इस लक्ष्य को अवश्य पूरा करेंगे। वहीं जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान अभियान का पहला चरण 25 सितम्बर तक चलेगा, जिसमे सभी नए,पुराने कार्यकर्ता मोबाइल, नमोएप्प, क्यूआर कोड और ऑफलाईन फार्म भरकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। मंडल अध्यक्ष संतोष सहि संटु ने मोबाइल द्वारा 8800002024 नम्बर पर मिस्ड कॉल कर सदस्यता प्राप्त करने की बात कही। कार्यशाला मे ई. धीरेन्द्र सिंह, रामाकांत सिंह अजित सिंह रूद्र प्रताप सिंह, शुभम् पाण्डेय, संदीप सिंह, मिथलेश पासवान पालधारि सिंह, मंतोष सिंह, उग्रेश सिंह, रमेश सिंह, मनोज उपाध्याय, सतीश सिंह, राजेश दत्त तिवारी, उमेश सिंह , गोपाल तिवारी, आदित्य सिंह आदि, संजय सिंह मुखिया, राधेश्याम सिंह, राम सिंह, अंजय कुमार सरपंच, कृष्णा सिंह, एस पी सिंह, बंम बंम सिंह, अनिल प्रसाद, राजकुमार साह , मनोज सिंह, सतपाल सिंह, मंडल पदाधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

## यात्री सुविधा : यात्रियों को एटीवीएम के माध्यम से अनारक्षित एवं प्लेटफॉर्म टिकट खरीदना हुआ आसान

- डीडीयू मंडल के 6 स्टेशनों पर लगे हैं 18 एटीवीएम
- यूटीएस मोबाइल ऐप से भी बुक कर सकते हैं अनारक्षित टिकट



**केटी न्यूज/सासाराम**

यात्रियों को उत्तम सुविधा प्रदान करने हेतु पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) पूर्णतया प्रतिबद्ध है। इसको लेकर डीडीयू मंडल निरंतर कार्यरत है और यात्रियों हेतु सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा रहा है। इसी क्रम में यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने हेतु डीडीयू मंडल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर 4, गया जंक्शन पर 4, डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर 3, सासाराम स्टेशन पर 3, अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर 2, भभुआ रोड स्टेशन पर 2 मिलाकर कुल 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन (एटीवीएम) उपलब्ध हैं। इस आशय की जानकारी डीडीयू मंडल के अधिकारी मुकेश कुमार व संतोष कुमार ने दी। इन्हें रेफरी मंडल के रूप में तैनात किया गया है। यात्रियों में एटीवीएम के माध्यम से टिकट खरीदने को बढ़ावा दिया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंडल के स्टेशनों पर एटीवीएम के माध्यम से रेल टिकट खरीदने हेतु फैसिलिटेटर भी तैनात हैं। आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देते हुए स्टेशनों पर लगाए गए एटीवीएम के माध्यम से रेल यात्री टिकट काउंटर पर बिना लाईन में लगे अनारक्षित टिकट खरीद कर यात्रा कर सकते हैं। एटीवीएम से प्लेटफार्म टिकट भी खरीदा जा सकता है। यात्रियों द्वारा बुकिंग कार्यालय से जारी किए गए स्मार्ट कार्ड से या एटीवीएम पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई के माध्यम से किराए का भुगतान किया जा सकता है। यात्री एटीवीएम से स्वयं टिकट बना सकते हैं या जरूरत पड़ने पर तैनात एटीवीएम फैसिलिटेटर के माध्यम से भी टिकट खरीद सकते हैं। एटीवीएम के माध्यम से टिकट खरीदना एकदम सरल है। एटीवीएम के माध्यम से टिकट की सुलभता बढ़ी है। इसके अलावा यात्री यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से भी अनारक्षित टिकट और प्लेटफार्म टिकट ले सकते हैं। मंडल में आधुनिक तकनीक वाली इन टिकटिंग सुविधाओं से यात्रियों को काउंटर पर लंबी कतार में देर तक खड़े होने से भी मुक्ति मिल रही है।

## जेपीयू कुलपति से मिला युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल



**केटी न्यूज/छपरा**

बुधवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने जेपीयू कुलपति प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार बाजपेई से स्नातक सत्र 2024- 28 के स्पॉट एडमिशन संबंधित परेशानियों को लेकर चर्चा की। इसमें तत्काल सुधार करने की गुहार लगायी गई। ताकि यहां आकर पढ़ने वाले छात्रों को परेशानी नहीं हो। जेपीयू कुलपति को अवगत कराते हुए संयुक्त रूप से संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि जेपी विश्वविद्यालय के सत्र 2024-28 नामांकन प्रक्रिया जो की स्पॉट एडमिशन के रूप में छपरा सिवान गोपालगंज में आयोजित किया गया है। वह वास्तव में स्पॉट एडमिशन नहीं है।यह ऑफलाइन मोड में नामांकन लेने की प्रक्रिया नजर आती है। कुलपति ने आश्वासन दिया कि दो दिनों के अंदर लिए गए सभी आवेदन को रोस्टर प्रणाली,आरक्षण आदि माध्यम से नामांकन के लिए चयनित छात्रों की सूची जयप्रकाश विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड होगी। प्रतिनिधि मंडल में युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के संरक्षक शेख नौशाद,अध्यक्ष अमित नयन, उपाध्यक्ष रोहित रमन सिंह, महासचिव शादाब अहमद मजहरी, युवा जिला अध्यक्ष कादिर हुसैन, राजेंद्र कॉलेज की सचिव नंदिता सिंह, रितिका कुमारी सिंह, स्वाति सिंह, फैजान अहमद, रमेश कुमार, रिमझिम कुमारी ,विकास कुमार आदि मौजूद थे।

### स्पॉट नामांकन की तिथि विस्तारित हो: एआईएसएफ

**छपरा।** एआईएसएफ छात्र नेता राहुल यादव ने कहा कि ऑन द स्पॉट नामांकन केंद्र पर पूरे दिन छात्र-छात्राओं को परेशानी हुई थी, कहीं कोई किसी का सुन नहीं रहा था और ना ही कागजात जमा किए जा रहे थे। ऑन द स्पॉट नामांकन में छपरा, सीवान और गोपालगंज तीनों केंद्रों पर भारी-भीड़ के कारण सैकड़ों छात्राएं लाभ मिलेगा।

## अग्निशमन विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

रतनी प्रखंड क्षेत्र के पण्डौल मोड़ स्थित जीवन दीप पब्लिक स्कूल एवं आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल में बुधवार को अग्निशमन विभाग की ओर से आग से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। अग्निशामक कर्मी सन्नी राज एवं गृहरक्षक कृष्ण कुमार ने शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को अगलगी की घटना से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगलगी के दौरान धैर्य, व निर्भयता के साथ तत्काल सुलभ संसाधनों से आग पर काबू पाया जा सकता है। वहीं रसोई गैस सिलेन्डर से होने वाली घटना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिलेन्डर में आग लगने के बाद उसमें बीस मिनट के बाद पर विस्फोट होता है। इस कीमती बीस मिनट के दौरान उपलब्ध पानी को पूरी ताकत से सिलेन्डर में लगी आग पर बौछार किया जाए एवं हवा से सम्पर्क तोड़ दिया जाए तो आग पर काबू पाया जा सकता है। वहीं भोजन पकाने से पूर्व गैस पाइप को भींगे कपड़े से पोंछ लेने पर इस बात का पता चल जाता है कि उसमें कहीं लिकेज तो नहीं है। उन्होंने कहा कि अगलगी के तीन मुख्य कारणों में उच्च ताप, हवा व ईंधन जिम्मेवार होते है।

## जब्त वाहनों का अपील व सुनवाई के बीच रखें एक माह से पैतालिस दिन का अंतर

# खनन एवं मद्यनिषेध के तहत जब्त हुए वाहनों का ऑनलाइन रखें रिकॉर्ड : डीएम

- डीएम ने ऑन लाइन व्यवस्था के तहत नियमों के अनुपालन में पारदर्शी बनाने का दिया निर्देश
- मद्यनिषेध के पास कुल 532 जब्त वाहन हैं जो विभिन्न चरणों के प्रक्रियाधीन हैं



**केटी न्यूज/छपरा**

खनन एवं मद्यनिषेध के तहत जब्त वाहनों को सूचीबद्ध करने के लिए डीएम ने दोनों विभागों को एक्सेल शीट में रिकार्ड रखने का निर्देश दिया। खनन एवं मद्यनिषेध विभाग के साथ आहुत बैठक में पाया गया कि पुलिस सहित अन्य विभागों द्वारा जब्त वाहनों का रिकार्ड मैन्युअली रखा जाता है। डीएम ने इस व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। खनन विभाग लगातार अवैध बालू ले जाने वाले वाहनों को जब्त कर रहा है, जिसके बाद एफआईआर दर्ज की जाती है। जब्त किए गए वाहनों को पुलिस की हिरासत में रखा गया है। कुछ प्रक्रियागत देरी को देखते हुए, यह संज्ञान में लिया गया है कि अपील, जुर्माना और पहली सुनवाई के बीच लगभग एक माह और पैंतालीस दिन का समय व्यतीत हो गया है। इस प्रक्रियागत देरी से बचने के लिए, डीएम ने पुलिस सहित तीनों विभागों को जब्त वाहनों के विवरण के साथ एक ऑनलाइन एक्सेल फाइल साझा करने का निर्देश दिया है जिसमें वाहन पंजीकरण संख्या, वाहन चेसिस नंबर, जब्ती तिथि, एफआईआर संख्या और तारीख तथा माल खाना नंबर आदि दर्ज हो। इसके अतिरिक्त जुमार्ना लगाया गया, जुर्माना भरा गया, रिहाई हुई और उसके बाद पहली सुनवाई हुई का उल्लेख भी किया जाय।खनन विभाग को इस वर्ष तक जब्त वाहनों का बकाया निपटान करने के निर्देश दिए गए हैं। मद्यनिषेध के पास कुल 532 जब्त वाहन हैं जो विभिन्न चरणों के प्रक्रियाधीन हैं। डीएम ने विभाग को अपील दायर करने और निर्धारित समय के भीतर मामलों का निपटारा करने के निर्देश दिए हैं। जब्त वाहनों की नीलामी प्रत्येक माह सुनिश्चित करने का स्पष्ट निदेश भी दिया गया।बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, अधीक्षक मद्य निषेध, विधि शाखा प्रभारी,जिला खनिज विकास पदाधिकारी मौजूद थे।



# गाजीपुर जनपद के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय फलक पर मनवा रहे प्रतिभा का लोहा

♦ दो ओलंपियन और दर्जनों खिलाड़ी देने वाला मेघबरन स्टेडियम बना हॉकी का मक्का

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

हॉकी और क्रिकेट में जनपद के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय जगत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। हम बात कर रहे हैं क्रिकेट में सूर्यकुमार यादव और हॉकी में ललित कुमार उपाध्याय, राजकुमार पाल के अलावा पवन राजभर, उत्तम सिंह और अजीत पांडेय जैसे अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की। जिन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से पूरे विश्व में गाजीपुर जनपद का नाम रोशन किया हुआ है। जनपद के सैदपुर ब्लॉक क्षेत्र के गंगा किनारे स्थित हथौड़ा गांव के मूल निवासी सूर्यकुमार यादव इस समय भारतीय क्रिकेट की शान बने हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनका कोई सानी नहीं है। वहीं करमपुर का मेघबरन स्टेडियम अपने देश के राष्ट्रीय खेल हॉकी का मक्का बना हुआ है। जहां से निकलकर ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल जैसे ओलंपियनों ने गाजीपुर नाम की रोशनी पूरे विश्व में भर दी है। इसके अलावा करमपुर की धरती से निकले उत्तम सिंह, पवन राजभर, अजीत पाण्डेय, कंचन और विनोद जैसे दर्जनों खिलाड़ी खेल जगत में देश का भविष्य बने हुए हैं। मेघबरन स्टेडियम में प्रशिक्षुओं को अभी भी हाकी की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। करमपुर के रहने वाले स्व० तेजबहादुर सिंह ने हाकी के क्षेत्र में खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के जो आयाम तय किए थे। वे अब पूरे हो रहे हैं। वर्ष 2020 में ललित ने टोक्यो और 2024 में ललित और राजकुमार ने पेरिस ओलंपिक में पहुंच कर करमपुर का झंड़ा गाड़ दिया है। इसके अलावा यहां से निकले दर्जनों खिलाड़ी अभी भी देश की हाकी का उज्जवल भविष्य बने हुए हैं। मेघबरन स्टेडियम से निकले कईं खिलाड़ियों ने जूनियर व सीनियर वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य, रजत और गोल्ड मैडल जीता है। इनमें ललित उपाध्याय, राजकुमार पाल, अजीत पाण्डेय, राहुल राजभर और पवन राजभर आदि का नाम बड़े सम्मान से लिया जा सकता है। जूनियर वर्ल्ड कप 2016 में मेघबरन स्टेडियम के अजीत पाण्डेय ने गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं वर्ष 2020 के जूनियर वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व उत्तम सिंह और राहुल राजभर ने किया। इसके अलावा ओलंपियन बनने के बाद ललित कुमार उपाध्याय और राजकुमार पाल इस समय देश की शान बने हुए हैं। मेघबरन स्टेडियम के प्रबंधक व पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह ने कहा है कि खेलप्रेमियों की नजरें मेघबरन स्टेडियम पर टिकी हुई हैं। हम अपनी नर्सरी से हाकी के अधिक से अधिक होनहार खिलाड़ी प्रशिक्षित करने को प्रतिबद्ध हैं।




## एक नजर

### जनपद पोषण समिति की बैठक में कुपोषित बच्चों के प्रबंधन की हुई समीक्षा



**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जनपद पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें पोषण समिति के साथ-साथ कुपोषित बच्चों के प्रबंधन पर समीक्षा किया गया। जिसमें स्वास्थ विभाग के साथ पोषण समिति के उपाध्यक्ष मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य सदस्य मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पशु चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, उपायुक्त आजीविका मिशन के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ-साथ समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी व समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहें। जनपद में चल रहे अभियान में बाल विकास परियोजना अधिकारी, बाराचवर, देवकली, जखनियां, करंडा, मनिहारी, मरदह, सदर द्वारा कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय न बनाने तथा कुपोषित बच्चों के प्रबंधन तथा स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल ई- कवच पर रजिस्ट्रेशन न कराने पर नाराजगी जताई। इसके साथ ही गृह भ्रमण, सामुदायिक गतिविधियों तथा ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति का विभागीय पोर्टल पर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण न कराने पर चेतावनी जारी करने तथा 31अगस्त 2024 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया है। बाल विकास विभाग के पोर्टल पर आंगनबाड़ी केंद्रों का शत- प्रतिशत न खुलने पर जिलाधिकारी द्वारा घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि जो आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद रखती हैं, उनका मानदेय स्थायी रूप से रोक दिया जाए तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी इसकी समीक्षा प्रत्येक दिन करें। पोषाहार वितरण की समीक्षा में पाया गया कि लाभार्थी का मोबाइल वेरिफिकेशन शत-प्रतिशत हो, लेकिन किसी बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा मोबाइल वेरिफिकेशन शत-प्रतिशत नहीं होने पर चेतावनी सहित निर्देशित किया गया कि इस माह के अन्तिम तिथि तक समस्त आंगनबाड़ी को युद्ध स्तर पर समस्त लाभार्थियों का मोबाइल वेरिफिकेशन पूर्ण किया जाए। यदि शत-प्रतिशत यह दोनों कार्य पूर्ण नहीं होते हैं तो बाल विकास परियोजना अधिकारी की लापरवाही मानते हुए नियमानुसार कार्रवाई के लिए प्रस्तुत किया जाए। हाट कुक्ड़ की समीक्षा में केंद्रों पर बच्चों को खाना खिलाने तथा रसोईयों को भोजन बनाने संबंधी उपभोग प्रमाण पत्र केंद्रवार प्राप्त किया जाए तथा इसकी समीक्षा गहनता से हो कि जो खाद्यान्न तथा धनराशि प्रेषित किया गया है उसका उपभोग आंगनबाड़ी प्रधानाचार्य तथा ग्राम प्रधान द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया जाए तथा उपभोग के पश्चात देयता बनती है तो उसका नियमानुसार हस्तांतरण किया जाए। रसोईयों का मानदेय तत्काल प्रभाव से जितने बच्चों ने हॉट कुक्ड़ योजना में वास्तविक रूप से लाभान्वित किए है। उसका बच्चों के सापेक्ष नियमानुसार धनराशि तत्काल हस्तान्तरित किया जाए। इसके अतिरिक्त बाल विकास परियोजना अधिकारी कासिमाबाद, अखिलेश चौहान द्वारा बैठक में बिना किसी सूचना के प्रतिभाग नहीं किए जाने पर 27 अगस्त 2024 का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक लगाने तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी मरदह, बिरनो, करंडा, सैदपुर, मनिहारी एवं सदर सहित अन्य बाल विकास परियोजना अधिकारी का जिनका विभागीय पोर्टल पर शत- प्रतिशत कार्य पूर्ण न होने पर चेतावनी जारी कर स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है।

### उत्तम सिंह व राजकुमार पाल का एशियन चैंपियन ट्रॉफी हॉकी टीम में चयन

**गाजीपुर।** जनपद के सैदपुर तहसील अंतर्गत करमपुर निवासी व मेघबरन स्टेडियम की नर्सरी से हाकी का प्रशिक्षण लिए खिलाड़ी उत्तम सिंह व राजकुमार पाल का चयन आठ से 17 सितंबर के बीच चीन के इनर मंगोलिया के हुलुनबुइर एशिया चैंपियन ट्रॉफी के लिए दौरा करेगी। टीम कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा से मैच खेलेगी। इस खबर से उत्तम सिंह व राजकुमार पाल के परिजनों व पूरे गांव के लोगों में खुशी की लहर छाई हुई है। लोग एक दूसरे को गले मिलकर बधाईयां देते नहीं थक रहे हैं। दूसरी ओर मेघबरन स्टेडियम में कोच, प्रशिक्षुओं सहित प्रबंध समिति से जुड़े पदाधिकारियों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। यहां हाकी के प्रशिक्षक इंद्रदेव ने बताया कि अन्य खिलाड़ियों की तरह राजकुमार कांस्य पदक जीतने के बाद व उत्तम सिंह जूनियर हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करने के बाद एशियन चैंपियन ट्रॉफी खेलने जा रहे हैं।बचपन से ही उन्हीं के सानिध्य में रहकर हाकी का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। कहा कि उत्तम बचपन से ही कम बोलने और ज्यादा समझने वाले खिलाड़ी रहे हैं। उनका भारतीय हाकी टीम में एशियन चैंपियन ट्रॉफी के लिए चुना जाना हम सबको खुशियों से सराबोर कर देने जैसा है। मेघबरन स्टेडियम के प्रबंधक व पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह ने कहा भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर लौटे ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल के बाद उत्तम सिंह अगले ओलंपियन होंगे होंगे। उन्होंने सरकार से अपील की है खेल गांव करमपुर से निकल रहे हैं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तरसने वाले ठाकुर तेज बहादुर सिंह जैसे महापुरुष को गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार मिलना चाहिए। इस मौके पर सुजीत तिवारी, पूजा सिंह, मनोज सिंह, अदालत यादव, दीपक सिंह, धूर्व सिंह आदि मौजूद रहें।

### वित्तीय योजनाओं के बारे में आमजन को दी जानकारी

**बलिया।** विकास खंड मनियर के ग्राम पंचायत भागीपुर में बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड व ऐवोक इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में बुधवार को वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत नाबार्ड के डिडिएम मोहित यादव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम कि शुरूआत किया। इस अवसर पर डीडीएम मोहित यादव ने कहा कि हमेशा अधिकृत संस्था से ही लोन ले। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, मुद्रा लोन, आधार सीडिंग आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। सेंट्रल बैंक के एफएलसी अनिल शुक्ला ने बैंकिंग फ्रॉड से बचने के उपाय के बारे में लोगों को समझाया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ऐवोक इंडिया फाउंडेशन के रीजनल हेड वर्धन पाठक, अनुज पटेल, ग्राम प्रधान मुन्ना राम, ज्योति , जहीरूद्दीन, रत्नेश सिंह, प्रदीप तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। संचालन वित्तीय साक्षरता केंद्र के डिस्ट्रिक कोऑर्डिनेटर नितेश पाठक ने किया।

### बारिश के बाद जलमग्न व टूटी सड़क पर रोपा धान

**गाजीपुर।** मरदह विकास खंड के बरहीं-मलेठी तक छह किमी सड़क टूटने से सड़क की जर्जर दशा, सड़क टूटने से बने बड़े -बड़े गड्ढों में जलजमाव से आवागमन को लेकर त्रस्त ग्रामीणों ने पूर्व बीडीसी सदस्य संतोष चौबे के नेतृत्व में सड़क पर धान रोप कर संबंधित लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रति वर्ष इस मार्ग की मरम्मत के नाम पर लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी लाखों रुपये बंदरबाट करते हैं। सड़क टूटने से बड़े - बड़े गड्ढे बने हैं। पटरियां पूर्ण रूप से छतिग्रस्त हो चुकी हैं। इससे होकर आवागमन करने पर राहगीर विवश हैं। लोग आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। लोकनिर्माण विभाग की लालरवाही एवं जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से वर्षो से बदहाल सड़क की दशा बदतर होती जा रही है। चेतावनी दिया कि तत्काल सड़क निर्माण न होने पर जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। उक्त सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपने रोजगार धंधे के लिए आते - जाते हैं। इसके साथ ही स्कूल जाने वाले बच्चे भी इसी सड़क से होकर गुजरते हैं। आलम यह है कि बुजुर्ग व महिलाएं भी इस मार्ग से होकर गुजराती हैं। लेकिन यह सड़क पानी एवं गड्ढों से युक्त होने के कारण चलने लायक नहीं है। आए दिन सड़क पर दुर्घटनाएं होती हैं, लेकिन आला अधिकारी से लेकर विभागीय अफसर तक आंख बंद किए हुए हैं।

## खबरें फटाफट

### रोडवेज बस की चपेट में आने से युवक की मौत

**बलिया।** चौकिया- उभांव मार्ग पर रिलायंस पेट्रोल पंप से दक्षिण बुधवार को रोडवेज बस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को सीएचसी सीयर पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार उभांव थाना क्षेत्र के असरेपुर गांव निवासी विनय पासी 35 वर्ष पुत्र राजदेव पासी बाइक से बेल्थरारोड के तरफ जा रहा था। जैसे ही वह रिलायंस पेट्रोल पम्प के समीप पहुँचा कि आगे जा रही रोडवेज बस को ओवरटेक करके आगे निकल रहा था कि रोडवेज बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने आनन फानन में उसे सीएचसी सीयर पहुँचाया, जहाँ डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुँच गए। उभांव पुलिस भी मौके पर पहुँच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक अपने घर का एक मात्र कमाऊ व्यक्ति था। मृतक का एक छह वर्षीय पुत्र का व दो पुत्रियां है।

### राजकीय नलकूप की नाली बंद कर वर्षो से कब्जा, सिचाई बाधित

**गाजीपुर।** मरदह ब्लाक के ग्राम पंचायत नसरतपुर में राजकीय नलकूप संख्या 5766 के नाली पर गांव के एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से 15 वर्षो अपने निजी हैंडपंप का एवं घर का गंदा पानी बहाकर नाली जाम कर दिया गया है। इससे सिचाई बाधित है। ऐसे में गांव के किसानों का कृषि कार्य बाधित है। बता दें कि गांव निवासी मुनीब यादव ने उक्त आरोप तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर लगाया है। नलकूप की नाली बाधित होने से लाखों खर्च से बने नलकूप से सिचाई का कार्य वर्षो से मात्र दो किसान कर रहे हैं। नलकूप के ऑपरेटर के पद पर कार्यरत कर्मचारी वर्षो से सिंचाई के लिए लाभ ले रहे किसानों में फर्जी किसानों का नाम दर्ज कर कागजी खानापूर्ति कर रहा है।

## बलिया के डीएम ने हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का किया निरीक्षण

# डब्ल्यूटीपी के सभी कार्य तेजी से कराएं अवर जलाशय का निर्माण जल्द हो : डीएम

♦ 54.59 किमी वितरण प्रणाली के सापेक्ष 31.12 किमी का कार्य पूर्ण

**केटी न्यूज / बलिया**



जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने जल जीवन मिशन कार्यक्रम के सतही स्रोत आधारित हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण में तेजी बनाए रखने के निर्देश दिए। जनपद के 7 विकासखण्ड हनुमानगंज, सोहांव, दुबहड़, चिलकहर, रसड़ा, बेरूआरवारी एवं गड़वार के समस्त ग्राम पंचायतों के हर घर नल से जल से आच्छादित किया जाना है। इस योजनान्तर्गत इण्टेकवेल, डब्ल्यूटीपी, सीडब्ल्यूआर, क्लियर वाटर राइजिंगमेन, वितरण पाइप लाइन आदि कार्य प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में ग्राम कटरिया में निर्माणधीन डब्ल्यूटीपी एवं एकवारी खास में निमार्णाधीन अवर जलाशय का स्थलीय निरीक्षण किया। डब्ल्यूटीपी के निरीक्षण में अधिशासी अभियंता ने बताया कि ग्राम कटरिया में प्रस्तावित 146 डस्क डब्ल्यूटीपी के क्लेरीफ्लाकूलेटर, रिटेनिंग वाल, एडमिन बिल्डिंग, लैब बिल्डिंग, एरिएटर का स्थलीय निरीक्षण के दौरान का निर्माण कार्य प्रगति पर पाया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि डब्ल्यूटीपी के समस्त कार्य को तीव्र गति से कराया जाए, जिससे योजना को निर्धारित अवधि में पूर्ण करते हुए आम जनमानस को लाभन्वित किया जा सके। अवशेष घटकों को प्रारम्भ करते हुए प्रगति हेतु निर्देशित किया गया। एकवारी खास जोन-634 के बारे में अधिशासी अभियंता ने अवगत कराया कि हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना एकवारी खास जोन-634 अन्तर्गत 300किली/15 मी अवर जलाशय का निर्माण कराया जा रहा है। जोन अन्तर्गत 9 राजस्व ग्रामों क्रमशः अराजी माफी भीखमपुर, भीखमपुर, परसिया खुर्द, अराजी माफी एकवारी कलां, अराजी माफी एकवारी खुर्द, बजहा, एकवारी खास, अलवानपुर मे निवासी वर्तमान आबादी 12312 को हर घर नल से जल से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है। अवर जलाशय का कार्य 65 प्रतिशत पूर्ण है। शेष कार्य प्रगति पर है। जोन अन्तर्गत बिछायी जाने वाली 54.59 किमी वितरण प्रणाली के सापेक्ष 31.12 किमी का कार्य पूर्ण है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अवर जलाशय का निर्माण यथाशीघ्र पूर्ण कराये एवं बिछायी गयी वितरण प्रणाली से क्षतिग्रस्त मार्गो को तत्काल मोटरेबल कराते हुए समय से स्थायी मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण में अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे, बलिया, परियोजना प्रबन्धक एल एण्ड टी के साथ-साथ अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### मऊ के जिलाधिकारी बोले... जल जमाव वाली जगहों पर कराएं दवाओं का छिड़काव



**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जनपद में वर्तमान में बाढ़ की स्थिति की जानकारी एवं बाढ़ से कितने गांव प्रभावित हैं उसके बचाव के संबंध में की गई तैयारियो की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने बाढ़ से जुड़े समस्त विभागों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने घाघरा नदी के जल स्तर के साथ ही राप्ती नदी के जलस्तर के उतार-चढ़ाव पर भी लगातार नजर रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कटान एवं डूब क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान देने को कहा, जिससे बाढ़ के दौरान नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। इस दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ ग्रस्त एरिया वाले गांवो की जानकारी लेते हुए उसमें राहत सामग्री वितरण किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को बाढ़ क्षेत्र वाले जगह पर पशुओ हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसे एवं हरे चारे की प्रयाप्त व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ के दौरान समस्त बाढ़ चौकिया पर तैनात कार्मिकों को 24 घंटे सक्रिय रहते हुए घाघरा नदी के जलस्तर के उतार चढ़ाव पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि गांवों में जहां पर गड्ढों में पानी भरा है वहां पर बच्चों को न जाने के संबंध में जागरूक करें तथा जल जमाव वाली जगह पर दवाओ का छिड़काव कराने के दिन निर्देश दिए।

## डॉक्टर की रेप व हत्या के अन्य आरोपियों की जल्द हो गिरफ्तारी, मिले मौत की सजाः भाप्रमए

♦ पश्चिम बंगाल की पुलिस व सरकार पर गुनाहगारों को संरक्षण देने का लगाया आरोप

**केटी न्यूज / बलिया**




कोलकाता के आरजी कार अस्पताल में प्रशिक्षु डाक्टर की बलात्कार और हत्या कांड के साथ ही उप्र, मुजफ्फरपुर, महाराष्ट्र, उत्तराखंड में महिलाओं व बच्चियों के यौन हिंसा व उत्पीड़न के खिलाफ अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोशिएशन की नेता रेखा पासवान और लीलावती देवी के नेतृत्व में बुधवार को मनियर में मार्च निकालने के बाद बस स्टैंड पर सभा आयोजित की गई। जिसमें कोलकाता डॉक्टर के शेष बचे आरोपियों की गिरफ्तारी व सजा मौत की मांग की गई। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की नेता रेखा पासवान ने कहा कि कोलकाता के आरजी कार अस्पताल में एक डाक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की जघन्य घटना से पूरा देश आक्रोशित है। महिला सुरक्षा का सवाल एक बार फिर उभर कर सतह पर आया है। खासतौर पर कार्यस्थलों पर महिला कि सुरक्षा का सवाल उठकर आ रहा है। उत्तराखंड में भी एक के बाद एक ऐसी वारदाते हुई। जिसमें उत्तराखंड के महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उधम सिंह नगर जिले के मुख्यालय रुद्रपुर के निजी अस्पताल में काम करने वाली महिला नर्स जो बिलासपुर की थी, घर नहीं लौटी एक सप्ताह बाद उसकी लाश मिली। आगे रेखा पासवान ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन, पश्चिम बंगाल की पुलिस व सरकार पर गुनाहगारों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। कहा कि तमाम सबूत जो इस कांड का पदार्फाश कर सकते थे उनको मिटाया गया है। कहा कि इस सवाल पर भाजपा को बोलने का नैतिक आधार नहीं है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने रेप के आरोपी आसाराम बापू और राम रहीम जैसे लोगों को पेरोल देने का काम किया है और कठुआ से लेकर पुरे देश में रेपिस्टों को संरक्षण देती है।

## चितबड़ागांव पुलिस ने पिकअप से पांच गायों को किया बरामद



**बलिया।** मुखबीर की सूचना पर चितबड़ागांव पुलिस ने मंगलवार की देर रात ग्राम पंचायत बसुदेवा के नरही-कारो मार्ग पर एक पिकअप से गोबध के बिहार जा रहे पांच पशुओं बरामद किया। जबकि वाहन चालक अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर नरही-कारो मार्ग पर ग्राम पंचायत बसुदेवा के पास एक पिकअप आते दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़ फरार हो गया। जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें पांच गौवंश को क्रुरता पूर्वक लादकर बध के लिए बिहार जा रहे थे। पांच गाय को पुलिस ने बरामद कर पुलिस वाहन को थाने लायी और अभियुक्त गण के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। गायों का मेडिकल चेकअप के बाद सोहाव स्थित गोशाला भेज दिया।गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार चौधरी, उप निरीक्षक अरविंद सिंह, आदि शामिल थे।

## 14 वर्षीय बालकों की जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

# स्टेडियम एवं सनबीम-ए के बीच फाइनल मुकाबला आज

♦ 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द के जन्म दिवस

**केटी न्यूज / बलिया**



खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के तत्वावधान में जिला खेल विभाग बलिया द्वारा हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द के जन्म दिवस 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में उप्र में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 26 से 31 अगस्त 2024 तक विभिन्न खेलों का आयोजन वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम, बलिया में किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत 14 वर्षीय बालकों की जिला स्तरीय हाकी प्रतियोगिता का आयोजित की गई। जिसमें कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन अरविन्द कुमार सिंह सचिव जिला फुटबाल संघ, बलिया, नीरज राय संयुक्त सचिव उप्र वालीबाल संघ एवं इमरान खान सचिव जिला हाकी संघ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मुख्य अतिथि द्वय का स्वागत जवाहर लाल यादव क्रीड़ाधिकारी द्वारा बैज लगाकर किया गया।

उद्घाटन मैच नागाजी विद्या मंदिर, माल्देपुर एवं जमुना राम पब्लिक स्कूल, चितबड़ागॉव के मध्य खेला गया। जिसमें नागाजी विद्या मंदिर, माल्देपुर 3-1 से विजयी रही। दूसरा मैच सनबीम-ए एवं सनबीम-बी के मध्य खेला गया। जिसमें सनबीम-ए 2-0 से विजयी रही। तीसरा मैच स्टेडियम एवं विहान-ए के मध्य खेला गया। जिसमें स्टेडियम की टीम 6-1 से विजयी रही। चौथा मैच विहान-बी एवं विहान-सी के मध्य खेला गया। जिसमें विहान-बी की टीम 1-0 से विजयी रही। पहला सेमीफाइनल मैच सनबीम-ए एवं नागाजी विद्या मंदिर, माल्देपुर के मध्य खेला गया। जिसमें सनबीम-ए 2-1 से विजयी रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच विहान-बी एवं स्टेडियम के मध्य खेला गया। जिसमें स्टेडियम 1-0 से विजयी होकर फाइनल में जगह पक्की की। प्रतियोगिता अजय प्रताप साहू उप क्रीड़ा अधिकारी की देख-रेख में आयोजित की गयी। जिसमें निर्णायक अजय प्रताप साहू, सरदार मो अफजल, अंकुर गुप्ता, सूरज चौरसिया, अंकित पाण्डेय पंकज साहनी, मुकेश सिंह एवं आनन्द रहे। इस मौके पर सचिन मिश्रा, फुटबाल प्रशिक्षक मो ग्यासूद्दीन, क्रिकेट प्रशिक्षक धर्मेन्द्र पाण्डेय, शूटिंग प्रशिक्षक रोहित भारद्वाज एथलेटिक्स प्रशिक्षक अजय राज सिंह, समीउल्लाह राजू रहे। संचालन श्री मो जावेद अख्तर द्वारा किया गया। फाइनल मैच स्टेडियम एवं सनबीम-ए के मध्य अपरान्ह 12.00 बजे से खेला जायेगा।

# प्रतापगढ़ के शिक्षक श्याम प्रकाश और मिजार्पुर के रविकांत 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार'के लिए चयनित

♦ शिक्षकों को पुरस्कार के रूप में मिलेगा 50 हजार रुपए नगद, चांदी का मेडल और प्रमाण-पत्र

केटी न्यूज/ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ और मिजार्पुर के परिषदीय विद्यालयों के दो शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024'के लिए चयनित किया गया है। इन्हें शिक्षक दिवस के अवसर पर 05 सितंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पुरस्कृत किया जाएगा। उत्तर प्रदेश से चयनित शिक्षकों में प्रतापगढ़ के मान्धाता ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर के श्याम प्रकाश मौर्या और मिजार्पुर के प्राथमिक विद्यालय भगेसर के रविकांत द्विवेदी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024' के लिए देश भर से 50 शिक्षकों के नाम की घोषणा की है। चयनित शिक्षकों को पुरस्कार के रूप में 50-50 हजार रुपए नगद, चांदी का मेडल व प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र के तहत इनोवेटिव तरीकों से पठन पाठन को प्रोत्साहित करते रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा दिया है। विभिन्न एप्स के माध्यम से बच्चों के लिए पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, अध्ययन के नए-नए तरीकों को अपनाने वाले शिक्षकों को आगे बढ़ाकर उन्हें दूसरे शिक्षकों के लिए प्रेरणा के तौर पर प्रस्तुत किया जा रहा है। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित प्रतापगढ़ जनपद के मान्धाता विकासखण्ड के मल्हौरपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक श्याम प्रकाश मौर्य द्वारा परिषदीय बच्चों को पीपीटी के माध्यम से पढ़ाई कराई जाती है। प्रोजेक्टर के माध्यम से आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ये बच्चों को इस तरह से अध्ययन कराते हैं, ताकि उन्हें आसानी से समझ में आ सके। इन्होंने 2022 में ऑनलाइन एक ग्रुप बनाकर पूरे जिले के बच्चों को राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा के लिए प्रेरित किया था। इसमें 785 चयनित बच्चों को 03.76 करोड़ की छात्रवृत्ति मिल रही है। इसी तरह, मिजार्पुर के भगेसर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बतौर प्रधानाध्यापक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे रविकांत द्विवेदी द्वारा बनाया गया 'गणित का बगीचा' काफी चर्चित रहा। विद्यालय में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिए ये अनेक प्रकार की नई तकनीक का प्रयोग कर चुके हैं। इसमें गणित का बगीचा, डिजिटल क्लास आदि प्रमुख हैं। बता दें कि यह पुरस्कार देशभर के उन शिक्षकों को दिया जाता है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और परिश्रम से विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है और अपने छात्रों के शैक्षिक एवं व्यवहारिक जीवन को नैतिकता व मूल्यों से समृद्ध बनाया है।

### इन प्रदेशों के शिक्षकों को भी 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार'

'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार' पाने वालों में कुल 31 राज्य शामिल हैं, जिनमें 4 केंद्र शासित प्रदेश और 27 राज्य शामिल हैं। चयनित शिक्षकों में जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षक शामिल हैं, उनमें हिमांचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक (बेंगलुरू), ओडिशा, पश्चिमी बंगाल, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, बिहार, अंडमान निकोबार, अरुणांचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, सिक्किम, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा, असम, झारखंड, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, दिल्ली, हरियाणा, तमिलनाडु और महाराष्ट्र शामिल हैं।

## एक नजर

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा पर लगाया लोकतंत्र की हत्या का आरोप

**डीडीयू नगर।** नगर में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अजय राय का शहर आगमन पर कांग्रेस कार्यकताओं ने वीआईपी गेट के सामने जीटी रोड स्थित मां काली मंदिर के समीप माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने मां काली मंदिर में दर्शन पूजन किया और तत्पश्चात सैय्यराजा में शहीद स्मारक के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुए। अजय राय ने भाजपा की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि जनता अब भाजपा के नीतिगत बदलावों से परेशान है। उन्होंने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या करने, नेताओं की खरीद-फरोख्त और आयकर विभाग के दुरुपयोग का आरोप लगाया। राय ने आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा ने लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों पर प्रहार किया है, और देश में महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे गंभीर बन गए हैं। राय ने भाजपा सरकार पर चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने और राष्ट्र के विकास की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम इस अहंकारी सरकार के हर अन्याय और अत्याचार के खिलाफ डटकर खड़े रहेंगे। इस कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता के साथ कई प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए, जिनमें आनंद शुक्ल, बृजेश गुप्ता, दशरथ चौहान, विजय गुप्ता, राकेश सिंह, संजय मिश्रा, कमरुल बारी, तारिक अब्बास, डॉ. नंदलाल गुप्ता, ट्रिजा एलियट, हम्मीर शाह जायसवाल, नेहाल अख्तर, रामसेवक पटेल, राकेश राज, धर्मवीर, रमेश पांडेय, मोहम्मद नईम, हंसराज शर्मा, उषा यादव, संगीता सिंह, बाबूलाल और बिल्लू पाहवा शामिल थे।

### पथरी के ऑपरेशन में डॉक्टर ने लीवर की नली काट दिया, शिकायत लेकर महिला पहुंची डीएम कार्यालय

**जौनपुर।** जनपद से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सिकरारा थाना क्षेत्र की एक महिला के पेट में पथरी की शिकायत पर परिजन ने उसे उपचार के लिए एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया।जहां ऑपरेशन में डॉक्टर ने लापरवाही कर दिया और लीवर की नली काट दिया।पीड़ित महिला डॉक्टर की शिकायत लेकर डीएम कार्यालय और सीएमओ आफिस पहुंची है। जानकारी के अनुसार थाना सिकरारा क्षेत्र के गांव बाबूपुर निवासी सुनीता यादव पत्नी सूर्यकांत यादव के पेट मे दर्द के बाद परिजन जौनपुर के नई गंज स्थित एक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने पेट मे पथरी का होना बताया।7 मई को सुनीता यादव को अपने यहां भर्ती कर लिया और ऑपरेशन के बाद 09 मई को डिस्चार्ज कर दिया गया। मरीज को जब आराम नहीं हुआ और दिक्कत बढ़ती गई तो उसे 12 मई को फिर भर्ती किया गया।पीड़ित सुनीता व उसके परिवारीजनों का आरोप है कि आराम न मिलने पर डॉक्टर ने उसे दूसरे डॉक्टर के यहां भेज दिया। परिजनों ने दूसरी जगह जांच कराया तो पता चला लीवर के ऑपरेशन के दौरान क्लिपिंग हो गई है। हालांकि परिजनों ने बताया कि आरोपी डॉक्टर को जब ये बात बताई गई तो उन्होंने माफी मांगा और कहा कि मुझसे गलती हो गई है और मरीज के उपचार में जो भी पैसा लगेगा उसको मैं वहन करूंगा।बाद में परिजनों का आरोप है कि इलाज के बाद चिकित्सक ने सिर्फ 25000 रुपया दिया उसके बाद पैसा देने से मना कर दिया।जबकि इलाज में बहुत रुपया खर्च हुआ है।क्योंकि महिला गरीब तबके से है इसलिए आगे आने वाले इलाज में पैसा खर्च करने में असमर्थ है। महिला के परिजन ने इसकी शिकायत सीएमओ, जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से की है। वही इस मामले में डीएम रविन्द्र कुमार मांदण्ड ने बताया कि एक महिला डॉक्टर के खिलाफ अपनी शिकायत लेकर आई थी।सिटी मजिस्ट्रेट को इसके जांच के आदेश दिए गए है जांच के बाद कार्यवाई की जायेगी।

### नौपेडवा में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

**जौनपुर।** जिले के बक्शा क्षेत्र नौपेडवा में पंडाल,छोटे-बड़े मंदिरों में सुबह से भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की शुरूआत हुई। रात्रि की आरती में शामिल हर भक्त झूमने से स्वयं को नहीं रोक सका। इसके बाद पूजा अर्चना और भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन करने का सिलसिला शुरू हुआ और आधी रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूरी श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। श्री सार्वजनिक कृष्ण जन्माष्टमी पंडाल में नंद के आनंद भयो, यसोदा नंदन की जय, माखन चोर की जय, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, बोलो बांके बिहारी लाल की आदि जयघोष से गूंजते रहे। पंडाल में सजी झांकियों, नृत्य व भजन से माहौल को पूरी तरह से श्री कृष्णमय बनाए रखा। पंडाल में बड़ी संख्या श्रद्धालुओं , महिला एवं बच्चों ने राधे कृष्णा गाने में नृत्य किए रात भर मंगलवार को जन्मदिन महोत्सव मनाया गया।

## खबरें फटाफट

### कच्चा मकान गिरने से दो परिवार हुए बेघर

**चंदौली।** नगर पंचायत के वार्ड नबंर चार कमला नगर में



मंगलवार की रात बारिश से मिट्टी का बना कच्चा घर भर भर कर गिर गया। इससे परिवार के सामने संकट खड़ा हो गया है। परिजनों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार कमला नगर में मंगलवार को भारी बारिश के कारण बल्लू और विजय का मिट्टी कच्चा मकान ढह गया।इससे परिवार बेघर हो गए हैं।नगर निवासी बल्लू कुमार ने कहा कि अपने परिवार के साथ कच्चे मकान में रहते है। भारी बारिश के कारण मकान ढह गया।वहीं दूसरी ओर विजय कुमार के कराकट नुमा मकान के दीवाल पर गिर गई। दोनों परिवार बेघर हो गए। दोनों परिवारों ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### पीठाधीश्वर ने महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**चंदौली।** रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मठ में बुधवार की शाम को पीठाधीश्वर सिद्धार्थ गौतम राम बाबा ने जन्मोत्सव को लेकर मठ, कार्यक्रम स्थल आदि का निरीक्षण किया ।वही कार्यक्रम संयोजक से कार्यक्रम के रूप रेखा के बारे में जानकारी लिया । रामगढ़ स्थित मठ में 1 से 3 सितंबर को अघोराचार्य बाबा कीनाराम जी जन्मोत्सव समारोह है ।कार्यक्रम से पूर्व पीठाधीश्वर सिद्धार्थ गौतम राम जी ने मठ में सर्वप्रथम बाबा कीनाराम का दर्शन पूजन किया ।तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर रंगरोगन, मंच, मठ आदि का निरीक्षण किया ।कार्यक्रम संयोजक से कार्यक्रम के बारे में जानकारी लिया ।इस दौरान सिद्धार्थ गौतम राम बाबा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा कीनाराम जी का जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा ।इसके लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला को किया संबोधित

# जिन्ना की तरह ही समाज को बांटने का कार्य कर रही है कांग्रेस-सपा: सीएम

♦ सीएम ने कार्यक्रम में पांच हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के साथ ही 705 करोड़ रुपए की 305 परियोजनाओं का किया लोकार्पण/ शिलान्यास



केटी न्यूज/ अलीगढ़/लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोगों के अंदर जिन्ना की आत्मा घुस गई है। जिन्ना ने देश का विभाजन करने का पाप किया था, इसलिए वह अंतिम समय में घुट घुट कर मरा था। समाज को बांटकर यही पाप कांग्रेस और सपा कर रही है। उन्होंने कहा कि आज जब देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है तब ये लोग समाज को तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। 2014 में पीएम मोदी के आने के बाद से देश नई बुलंदियों की तरफ आगे बढ़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ समूचा विपक्ष समाज में जाति का विष घोल कर अराजकता फैलाने का कार्य कर रहा है। सीएम योगी ने बुधवार को जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला को संबोधित किया। साथ ही युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के साथ ही विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपने समय में कोई काम नहीं किया, सिर्फ कारनामे किए आज उन्हें प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज पसंद नहीं आ रहा है। यही समाजवादी पार्टी के लोग हैं, जो कहते थे कि लड़के हैं और लड़कों से गलती हो जाती है। यही लोग हैं जो बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करते थे।

सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बेटी और व्यापारी के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए यमलोक का रास्ता खुला हुआ है। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया को बेटी सुरक्षा पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। अयोध्या, कन्नौज और कोलकाता की घटना पर उनकी जुबान नहीं खुलती है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा के लोगों को जब भी सत्ता प्राप्त हुई तो सामाजिक ताने-बाने को छिन्न भिन्न करने का कार्य किया। अपनी योजनाओं के माध्यम से तुष्टिकरण करते थे और समाज को विकास की धारा से विमुख करने का कार्य करते थे।

सीएम योगी ने कहा कि भाजपा ही है, जो इन महापुरुषों को सम्मान देने का कार्य कर रही है। महाराजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर बना विश्वविद्यालय इसका उदाहरण है। कांग्रेस और सपा के लोगों को सिर्फ अपना परिवार दिखता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। अराजकता, अव्यवस्था और गुंडागर्दी की छूट किसी को नहीं देंगे। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट था। आज यूपी की गिनती देश के अग्रणी राज्यों में होती है। इसलिए आप सब इस प्रगति को रुकने मत दीजिएगा, क्योंकि समाजवादी पार्टी के लोगों को अगर अवसर मिला तो वो प्रदेश में दंगा, लूटपाट और अराजकता फैलाएंगे। उन्होंने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इसके साथ रोजगार भी आता है और इसकी आधारशिला सुरक्षा है। सुरक्षा के बिना सुशासन की स्थापना नहीं हो सकती है। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा से प्रदेश में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त हो रहा है। योगी सरकार विगत साढ़े सात वर्ष में साढ़े छह लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी देने में सफल रही है। वहीं संविदा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी से जोड़ा गया है। साथ ही दो करोड़ लोगों को निजी क्षेत्र/एमएसएमई के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री योजना, मुद्रा योजना, स्टार्टअप, ओडीओपी, एमएसएमई और मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत क्षेत्र प्रदेश के युवाओं को 1.08 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का लोन उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम में सीएम योगी के साथ गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल, सांसद सतीश गौतम, अनूप प्रधान, विधायक जयवीर सिंह, रविंद्र पाल सिंह, राजकुमार सहयोगी, अनिल प्रसार एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा के पास विकास का एजेंडा, विपक्ष के पास विनाशकारी प्रोपेगेंडा: बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि भाजपा के पास विकास का मजबूत एजेंडा है। वहीं सपा और इंडी गठबंधन एवं समूचे विपक्ष के पास विनाशकारी प्रोपेगेंडा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को सम्मान देने और उनके द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। मंत्री संदीप ने कहा कि हमारी इस युवा को पीढ़ी को दिशा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी यहां उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के विजन का नतीजा है कि आज उत्तर प्रदेश का युवा अपने भविष्य को सुरक्षित महसूस कर रहा है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि अलीगढ़ क्षेत्र में विकास की योजनाएं निरंतर जारी हैं और ये श्रृंखला लगातार बरकरार रहेगी।

### पांच हजार से ज्यादा युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम में सीएम योगी ने दो शिशुओं का अन्नप्राशन कराया। साथ ही उन्होंने जनपद अलीगढ़ के समग्र विकास को नई रफ्तार देने के लिए 705 करोड़ रुपए की 305 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। यही नहीं, जनपद स्तरीय इस वृहद रोजगार मेले में 63 से अधिक कंपनियों एवं फर्मों ने विभिन्न पदों पर पांच हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चयनित पात्रों एवं एमएसएमई इकाइयों को 35 करोड़ से अधिक का ऋण वितरण किया। साथ ही, स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 1500 से अधिक छात्र-छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन वितरित किया गया।

## व्यापारियों ने पुलिस के साथ साझा की अपनी समस्याएं

♦ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक पुलिस लाइन सभागार में संपन्न



**चंदौली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक बुधवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में एएसपी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता व सीओ सदर राजेश कुमार राय के मौजूदगी संपन्न हुई। जिसमें सभागार में मौजूद सम्मानित व्यापारियों ने अपनी अपनी समस्याओं को पुलिस के अधिकारियों को अवगत कराया जिसपर एएसपी ने पुलिस की तरफ से सुरक्षा संबंधी जो भी व्यापारियों की समस्या है उसको नोट कर तत्काल निराकरण करने का भरोसा दिया वहीं अन्य समस्याओं के लिए संबंधित अधिकारियों के माध्यम से बातचीत कर निराकरण का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने व्यापारियों को कहा कि जो व्यापारी सीसीटीवी लगा सकते वह लगा लें जिससे कि अवांछित व्यक्तियों पर नजर बनी रहे वहीं उन्होंने व्यापारियों को किसी तरह से प्रताड़ित न करने की जिला प्रशासन से गुजारिश की। आगामी पर्व को देखते हुए चौक चौराहों पर पुलिस की व्यवस्था हो जिससे सड़कों पर जाम की स्थिति न उत्पन्न होने पाए। व्यापारियों के साथ कोई भी दुर्व्यवहार न किया जाए उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक विकास में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील किया कि आप लोग व्यापार करें सही व्यापारियों के साथ जिला प्रशासन आपके साथ रहेगा आपका साथ देगा। मौके पर महेंद्र गुप्ता, अनिरुद्ध जायसवाल, जग्गन अग्रवाल, रामप्रकाश जायसवाल, अब्दुल कलाम अंसारी, धीरज गुप्ता, घुरेलाल कन्नौजिया, नसरुल्ला अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी अमीय कुमार पांडेय उपस्थित रहे।





## जौनपुर में 26 से 31 अगस्त तक वृहद खेल प्रतियोगिता का आयोजन

# केराकत ए ने जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता अपने नाम की



केटी न्यूज / जौनपुर

हॉकी के जादूगर स्व. मेजर ध्यानचन्द जी के जन्म दिवस 29 अगस्त को उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में राष्ट्रीय खेल दिवस पर 26 से 31 अगस्त तक बृहद खेल प्रतियोगिता के आयोजन के क्रम में 28 अगस्त को सुबह 9.00 बजे से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर स्थित एकलव्य स्टेडियम में जनपद स्तरीय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि जिला प्रशिक्षण अधिकारी मनीष रघुवंशी ने विजेता, उप विजेता टीमों के साथ ही निर्णायकों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि का स्वागत क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने अंगवस्त्रम प्रदान कर किया। पहला मैच टी0डी0 कालेज ए व केराकत बी के मध्य खेला गया जिसमें केराकत बी की टीम 3-0 से विजेता रही। दूसरा मैच मो0 हसन इण्टर कालेज व स्टेडियम जौनपुर के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम जौनपुर की टीम 2-0 से विजेता रही। तीसरा मैच केराकत ए व जनता जर्नादन इण्टर कालेज के मध्य खेला गया जिसमें केराकत ए की टीम 3-0 से विजेता रही। केराकत ए टीम की तरफ से सैफ कुरैशी ने 02 गोल तथा राजन निषाद ने 01 गोल कर अपनी टीम को विजेता बनाने में मुख्य भूमिका निभायी। चौथा मैच मॉ दुर्गा जी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल व टी0डी0 कालेज बी के मध्य खेला गया जिसमें टी0डी0 कालेज बीकी टीम 7-0 से विजेता रही। टी0डी0 कालेज बी की टीम से यश ने 03 गोल, आर्य ने 02 गोल तथा अभिनव व उजैफा ने 01-01 गोलकर अपनी टीम के जीत के अन्तर को और बढ़ा दिया। पहला सेमीफाइनल मैच स्टेडियम जौनपुर व केराकत बी की टीम के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम जौनपुर की टीम 02-01 से विजेता हुई। स्टेडियम जौनपुर की टीम से दिव्यांश व राज ने 1-1 गोल किया वहीं केराकत बी की टीम से एकमात्र गोल आदित्य राव ने किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच केराकत ए व टी0डी0 कालेज बी के मध्य खेला गया जिसमें केराकत एकी टीम 1-0 से विजेता रही तथा केराकत ए टीम की तरफ से एकमा गोल आर्यन ने किया।

फाइनल मैच स्टेडियम जौनपुर व केराकत ए के मध्य खेला गया जिसमें केराकत ए की टीम ने एकतरफा मुकाबले में स्टेडियम जौनपुर की टीम को 3-0 से पराजित कर विजेता हुई। केराकत ए की टीम से सोनू गुप्ता, अभय चौहान तथा धर्मेन्द्र गुप्ता ने 01-01 गोल किया।

## सुभाषितम्

भविष्य केवल उनका है जो सपनों की सुंदरता में यकीन करते है। -एलेअनोर रूजवेल्ट

## असंतुष्ट विधायकों ने तो कोई कसर बाकी नही छोड़ी

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 13 अगस्त को रुड़की में निकाली गई भाजपा युवा मोर्चा की बाईक रैली में भाग लेने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को स्थानीय ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की बहनों द्वारा राखी बांधने और उन्हें ईश्वरीय सौगात देने के लिए जब मैंने ब्रह्माकुमारीज संस्था से जुड़ा होने के नाते दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी से मुख्यमंत्री का समय दिलाने का अनुरोध किया तो उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति से उक्त स्वीकृति के लिए बातकर मुझे जानकारी दी कि दोनों ब्रह्माकुमारीज बहनों व मेरा नाम हैलीपैड पर मिलने वालों की सूची में लिखवा दिया है।जिसपर मैं ब्रह्माकुमारीज बहनों को लेकर बीईजी के मुख्य द्वार पर पहुंचा तो हैलीपैड सूची में हमारा नाम ही नही था,जिस कारण राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी के प्रयास पर भी हैलीपैड के लिए एंट्री नही मिली।जिस पर हमें सांत्वना का मरहम लगाते हुए हमें बाईक रैली स्थल नेहरू स्टेडियम आने के लिए कहा गया और आश्वस्त किया गया कि वहां मुख्यमंत्री बहनों से सम्मान पूर्वक राखी बन्धवाएँगे व ईश्वरीय सौगात बहनों के हाथों से लेंगे।चिलचिलाती धूप के बावजूद ब्रह्माकुमारीज बहने पूरे समय नेहरू स्टेडियम में मुख्यमंत्री के आगमन का इंतजार करती रही और जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आए तो पार्टी पदाधिकारियों व सांसद-विधायको तथा दर्जा धारियों के अलावा किसी से नही मिले और बिना उद्बोधन के ही मात्र 2 मिनट में बाईक पर सवार होकर चले गए।इसके बाद हम मुलाकात न हो पाने के कारण वापस लौटने ही वाले थे कि हमे फिर से हैलीपैड पर पहुंचने और इसके लिए हैलीपैड पर मुलाकातियों की सूची में हमारा नाम अंकित होने के भरोसे के साथ पुनः हैलीपैड बुलाया गया।लेकिन पुनः पहुंचने पर भी सूची से हमारे नाम गायब थे जिसकारण बहने सुरक्षा कर्मियों से मुख्यमंत्री तक पहुंचने के लिए निवेदन करती रही।मुख्यमंत्री का काफिला हैलीपैड पर पहुंचने के काफी देर बाद बीईजी मुख्य द्वार से होकर हैलीपैड तक देर से अनुमति मिलने के कारण एक तरफ हम लोग समय से नही पहुंच पाए,दूसरी तरफ मुख्यमंत्री ब्रह्माकुमारीज बहनों का हैलीपैड पर इंतजार करने के बाद राखी लेने का जिम्मा एसएसपी को सौंपकर हेलीकॉप्टर से टेकऑफ कर गए।सुरक्षा कर्मियों की हठधर्मिता के कारण मुख्यमंत्री की ब्रह्माकुमारीज बहनों से मुलाकात नही हो सकी और स्थानीय विधायक प्रदीप बत्रा ने मुख्यमंत्री की ओर से ब्रह्माकुमारीज बहनों से राखी बंधवाकर ईश्वरीय सौगात प्राप्त की।इतना होने के बाद भी ब्रह्माकुमारीज बहने के चेहरों पर संतोष के भाव थे,वे तो बिना किसी स्वार्थ और बिना किसी प्रतिफल की चाहत के परमात्म सेवा के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संस्था की ओर से शुभकामनाएं देना चाहती थी।उनके न मिलने से भी उनके उत्साह व सेवा कार्यो में कोई फर्क नही पड़ा।लेकिन एक सवाल जरूर उठता है कि राज्य का मुख्य सेवक जनता से आखिर इतना दूर क्यो है?जो नागरिक वोट देकर उन्हें मुख्यमंत्री, मंत्री,विधायक, सांसद बनाते है,उन्ही से दूर हो जाना क्या स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित है?यदि नही तो फिर क्या इसके लिए वे नोकरशाह जिम्मेदार नही है जो जनप्रतिनिधियों व जनता के बीच दीवार बनकर खड़े हो जाते है।मुख्यमंत्री तक को पता नही कि उनसे मिलने के लिए आने वाला उनका शुभचिंतक नोकरशाही द्वारा ही रोक दिया जाता है।हालांकि नेताओं की सुरक्षा भी जरूरी है परंतु कुछ साधु संत,सन्यासियों या फिर विदुषियों को सुरक्षा के नाम पर पीछे पीछे घुमाना कदापि उचित नही है। यह सौभाग्य है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कि उन्हें निकाय चुनाव के नाम पर थोड़े समय के लिए ओर स्थिरता मिल गई।वर्ना असंतुष्ट विधायकों ने तो कोई कसर बाकी नही छोड़ी थी,उन्हें कुर्सी से बेदखल करने के लिए।केंद्रीय गृह मंत्री से लेकर कहां कहां नही गए शिकायत करने।उन्ही की सरकार के एक मंत्री का नाम भी नए नेतृत्व के लिए फाइनल हो गया था,पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को मिली छनती हुई खबरें गलत नही थी।वह दिल्ली धामी खेल बिगड़ने से पहले ही दिल्ली पहुंच गए और सबकुछ मैनेज कर लिया।अन्यथा स्वतंत्रता दिवस ही परिवर्तन दिवस बन जाता।

## चिंतन-मनन

## साधना और सुविधा

आसक्ति के पथ पर आगे बढ़ने वाले अपनी आकांक्षाओं को विस्तार देते हैं। उनकी इच्छाओं का इतना विस्तार हो जाता है, जहां से लौटना संभव नहीं है। उस विस्तार में व्यक्ति का अस्तित्व विलीन हो जाता है। फिर वह अपने लिए नहीं जीता। उसके जीवन का आधार पदार्थ बन जाता है। पदार्थ जब मनुष्य पर हावी हो जाए तो समस्या क्यों नहीं होगी? आसक्ति अपने आप में समस्या है। इस समस्या का समाधान पदार्थ के विस्तार में नहीं, संयम में है। संयम के पथ पर वही चल सकता है, जो पदार्थ से विरक्त होने लगता है। जिन लोगों को विरक्ति का पथ प्राप्त है, जो जीवनभर इस पथ पर चलने के लिए कृतसंकल्प हैं, उनके सामने किसी प्रकार का प्रलोभन नहीं होना चाहिए। पदार्थ जीवन की आवश्यकता की पूर्ति का साधन है, यह भाव जब तक प्रबल रहता है, उसके प्रति आसक्ति पैदा नहीं होती। किंतु जब पदार्थ साध्य बन जाता है, तब व्यक्ति का दृष्टिकोण बदल जाता है। बदला हुआ दृष्टिकोण व्यक्ति को स्वच्छंद बनाता है, सुविधावादी बनाता है और उसे संग्रह की प्रेरणा देता है। स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति- ये तीन सकार साधना के विघ्न हैं। साधना के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए इनका सीमाकरण करना ही होगा। वैचारिक स्वतंत्रता का जहां तक प्रश्न है, साधना के साथ उसका कोई विरोध नहीं है। पर विचार की स्वतंत्रता की यह अर्थ नहीं है कि व्यक्ति अपनी सीमा, संविधान और परंपरा से विमुख होकर उच्छृंखल बन जाए। उच्छृंखलता या स्वच्छंदता जहां प्रवेश पा लेती है, वहां से अनुशासन, व्यवस्था आदि तत्वों का पलायन हो जाता है। यह स्थिति व्यक्ति और समूह दोनों के लिए हितकर नहीं है। सुविधा के साथ भी साधना का विरोध नहीं है। साधना के नियम जिस सीमा तक स्वीकृति देते हैं, उस सीमा में सहज रूप से कोई सुविधा प्राप्त होती हो तो उसका उपयोग सम्मत है। जैन साधना पद्धति में शरीर को साधने का विधान तो है, पर उसे कष्ट देना कभी अभीष्ट नहीं है।

# बलात्कार, बंद और भारतीय जनता पार्टी

- राकेश अचल



` आज का शीर्षक किसी आने वाली फिल्म का नाम नहीं है। ये शीर्षक भारतीय राजनीति में बलात्कार को लेकर राजनीतिक दलों के चरित्र को उजागर करती एक लघुकथा का नाम है। कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ ज्यादती के बादकी नृशंस वारदात के बाद बंगाल में भाजपा की राजनीति इतनी बढ़ गयी है कि अब मामला बंगाल बंद तक आ पहुंचा है । इससे पहले आरक्षण के मामले पर विभिन्न संगठनों ने भारत बंद किया था। यानि राजनीति में अब यदि आरक्षण की बात करना है तो आपको बंद करना होगा और यदि महिला उत्पीड़न की बात करना है तो आपको बंद का इस्तेमाल करना होगा। प्रतिकार के लिए शायद बंद के आव्हान से बेहतर कोई दूसरा तरीका नहीं है।

ऐसी लोक-मान्यता है कि यदि देश ,सूबा या कोई शहर बंद किया जाता है तो सत्ता प्रतिष्ठान के कान खुल जाते हैं ,आँखें खुल जाती हैं। लेकिन मेरा तजुर्बा कहता है कि ये धारणा उचित नहीं है । सत्ता प्रतिष्ठान को नींद से जगाने के लिए अब बंद कारगर हथियार नहीं रह गया है। फिर भी बंद का आव्हान किया जाता है। बीजेपी ने बंगाल बंद का आव्हान किया तो कम से कम मुझे तो हैरानी हुई ,क्योंकि महिला उत्पीड़न अब केवल बंगाल की समस्या नहीं है। पूरे देश की समस्या है। इसलिए यदि बीजेपी को बलात्कार या कानून और व्यवस्था के मुद्दे को लेकर बंद का आव्हान करना था तो उसे भारत बंद का आव्हान करना था ,क्योंकि बलात्कार केवल कोलकाता में ही नहीं हुआ। बलात्कार बीजेपी शासित राजस्थान में भी हुआ है,महाराष्ट्र के बदलापुर में भी हुआ है और मध्यप्रदेश के ग्वालियर में भी।

बलात्कार कम से कम भारत की एक राष्ट्रीय समस्या है। एनसीआरबी के आंकड़े ही सही मान लिए जाएँ तो इस देश में हर साल कम से कम 25 हजार महिलायें बलात्कार का शिकार होतीं है। ये तो वे महिलाएं हैं जो साहस कर पुलिस में रिपोर्ट करने पहुंचतीं हैं,बाकी इससे ज्यादा बलात्कार के मामले लोक - लाज,भय और असुरक्षा की वजह से रिपोर्ट ही नहीं होते। बलात्कार के मामलों को फास्ट कोर्ट में चलाने और आरोपियों की सजा दिलाने में हमारी सरकारें नाकाम रहीं है। अभियोजन अक्षम साबित हुया है। कुल 27 फीसदी मामलों में ही आरोपियों को सजा मिली है। हमारी अदालतें तो बलात्कार के मामलों में सजायाफ्ता अपराधियों को फलरो के तहत बार-बार जमानत देने कि उदारता और दिखा रहीं है।

बलात्कार के बहाने से बीजेपी ने एक काम जरूर किया है कि यदि बलात्कार का आरोपी है तो उसके घरों को बुलडोज जरूर कर दिया है । बीजेपी का ये पुरुषार्थ भी विवादों की एक बड़ी वजह है । लेकिन बीजेपी भारतीय न्याय संहिता के तहत आरोपियों को दण्डित करने के बजाय बुल्डोजर संहिता पर ज्यादा भरोसा करती है। बलात्कार के मामलों को लेकर हमारी देश की अदलातों का व्यवहार भी सिलेक्टिव्ह जान पड़ता है। हमारी अदालतें कोलकाता के बलात्कार के मामले में सीबीआई को हड़काती है ,लेकिन ऐसा कितने मामलो में होता है। क्या सीबीआई हर मामले की जांच करने के लिए तैयार है ? क्या भाजपा द्वारा नियुक्त तमाम राज्यपाल बलात्कार पीड़ितों के परिजनों से उसी तरह मिलने के लिए राजी हैं जैसा की वे कोलकाता में कर रहे है ?

बलात्कार के नाम पर बंद की राजनीति ही नहीं बल्कि राज्यपालों की राजनीती भी बंद होना चाहिए । भारत में ऐसा कौन सा राज्य है जहां बलात्कार नहीं होते । जहाँ कोलकाता से ज्यादा जघन्य वारदातें नहीं होतीं ? बलात्कार एक सामाजिक विकृति का मुद्दा है। कानून और व्यवस्था का मुद्दा है ,राजनीति का मुद्दा नहीं। यदि बलात्कार के मुद्दे पर बीजेपी राजनीति करती है तो भी बुरी बात है और यदि कांग्रेस करती है तो भी बुरी बात है। बुरी बात तो बुरी बात ही है ,चाहे फिर कोई भी राजनीतिक दल हो। राजनीति का मुकाबला राजनीति से हो ,कार्यक्रमों से हो ,नीतियों से हो न की मुकाबला करने के लिए बलात्कार जैसी घृणित वारदात का इस्तेमाल राजनीति के लिए किया जाये।

बंगाल जीतना बीजेपी का एक पुराना सपना है ,लेकिन दस साल केंद्र की सत्ता में रहने के बावजूद बीजेपी बंगाल नहीं जीत पायी है। साम,दाम,दंड और भेद से भी नहीं जीत पायी। राज्यपालों के दुरूपयोग से भी नहीं जीत पायी। अब बंगाल में बार-बार खेत होती रही बीजेपी बलात्कार के मुद्दे पर बंद का आयोजन कर बंगाल को जीतना चाहती है। लेकिन बंगाल को जीतना यदि इतना ही आसान होता तो महाबली अमितशाह वहां परास्त न होते। बंगाल जीतने का सपना पूरा न होने से बीजेपी हताश है और हताशा में ही बीजेपी घृणित राजनीति पर उतर आयी है। बीजेपी का दर्द इसलिए और ज्यादा है कि उसे बंगाल में बार-बार एक महिला मुख्यमंत्री से पराजित होना पड़ रहा है।

बीजेपी को महिलाएं नेतृत्व करती अच्छी नहीं लगतीं ,भले ही बीजेपी की सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पारित कराया हो। बीजेपी ने स्वर्ग जा चुकी श्रीमती सुषमा स्वराज को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया ।उमा भारती को घर बैठा दिया । मायावती को कहीं का नहीं छोड़ा। मेहबूबा मुफ़्ती का मुख्यमंत्री बने रहना बीजेपी को पसंद नहीं आया । कांग्रेस की चेयर पर्सन रही श्रीमती सोनिया गाँधी तक को जर्सी गाय कहकर अपने महिला विरोधी चरित्र का मुजाहिरा किया है। बंगाल में बीजेपी जीते ,जरूर जीते लेकिन किसी महिला के उत्पीड़न को औजार बनाकर नही। बीजेपी जिस तरीके से बंगाल में लड़ रही है ,जरा दक्षिण के राज्यों में भी लड़कर दिखाए। लेकिन ये हो नहीं सकता ,क्योंकि बीजेपी आखिर बीजेपी है। आपका पता नहीं ,लेकिन मुझे हमेशा ये लगता है कि बीजेपी लोकसभा चुनाव में अपनी पराजय के दर्द से अभी तक उबरी नहीं है । ।जबकि उसे अपनी पराजय के दर्द को भुला देना चाहिए ,क्योंकि अंततोगत्वा देश में सत्ता के शीर्ष पर भाजपा ही है ,भले ही उसकी मांग में जेडीयू और टीडीपी से उधार लिया हुआ सिन्दूर भरा हुआ है ,लेकिन है तो बीजेपी सौभाग्यवती राजनितिक पार्टी। अब ये उसके नेतृत्व के ऊपर है कि वो हिकमत अमली से अपनी लूली-लंगड़ी सरकार पूरे पांच साल चलाना चाहती है या बीच में ही रणछोड़ बनना चाहती है। बीजेपी को अब ये हकीकत स्वीकार कर लेना चाहिए कि भविष्य में वो 2014 या 2109 का इतिहास तो नहीं दोहरा सकती। बीजेपी को जितना आसमान छूना था ,सो छू चुकी है। अब कहीं की ईंट और कहीं के रोड से बीजेपी का किला महफूज रहने वाला नहीं है। फिर चाहे रोड का नाम चम्पाई सोरेन हो या नीतीश कुमार।

# जम्मू-कश्मीर चुनाव से नये दौर की उम्मीद

-ललित गर्ग

जम्मू एवं कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने की चुनाव आयोग की घोषणा निश्चित ही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती देने के साथ क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलने का माध्यम बनेगी। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें 43 जम्मू और 47 कश्मीर की सीटें हैं, इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर ऐसी सरकार बनाये जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान चुनावी सरगर्मियों एवं भविष्य के गर्भ में ईवीएम से निकलने वाले जनादेश पर लगी हैं। ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। इस बार के चुनाव अब तक हुए चुनावों से अलग है और खास है।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन भरने की आज आखिरी तारीख है, लेकिन तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस और अनिश्चितता जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रही। हालांकि कुछ हद तक इस तरह की अनिश्चितता हर चुनाव में होती है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में हालात सामान्य से ज्यादा जटिल हैं और इस असमंजस के पीछे उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। विपक्षी खेमे में माने जाने वाले राज्य के तीनों प्रमुख दलों में सहयोग और संघर्ष दोनों का दिलचस्प घालमेल दिख रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच सभी 90 सीटों पर गठबंधन की घोषणा कर दी गई है, लेकिन आलम यह है कि पहले चरण की 24 सीटों का भी बंटवारा मुश्किल साबित हो रहा। पीडीपी इस गठबंधन से बाहर है। फिर भी मुद्दों की एकरूपता के चलते न सिर्फ उमर अब्दुल्ला उससे अपनी पार्टी के खिलाफ प्रत्याशी न खड़ा करने को कह रहे हैं बल्कि खुद महबूबा भी कह चुकी हैं कि अगर उनके अजेंडे को स्वीकार किया गया तो गठबंधन का समर्थन करेंगी। भाजपा किसी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं है, इसलिए वहां इस तरह की गफलत नहीं है, लेकिन निर्णय लेना और उसे लागू करना वहां भी जटिल बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर में दस वर्ष बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर उसे जिस तरह वापस लेना पड़ा, उससे उसकी छिछालेदार तो हुई ही है, अनुशासित दल की उसकी छवि को धक्का भी लगा। स्थिति यह है कि पार्टी ने सोमवार को 44 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के थोड़ी ही देर बाद व्यापक विरोध के कारण उसे वापस ले लिया। इसके बाद जो सूची जारी की गई, उसमें 15 ही प्रत्याशियों के नाम थे। यह आलम तब है, जब पहली सूची भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंजूर की गई थी। यदि भाजपा औरों से अलग तथा अनुशासित दल की अपनी छवि के प्रति सचेत है तो उसे प्रत्याशी चयन की अपनी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक आकार देना ही होगा। पहले जारी सूची का विरोध जिन कारणों से हुआ, उनमें एक तो दूसरे दलों से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाना रहा और दूसरे दोनों पूर्व उप मुख्यमंत्रियों का नाम न होना। लगता है भाजपा को अभी भी लोकसभा चुनावों में हुई गलतियों का आभास नहीं है। लोकसभा चुनाव में उसे दूसरे दलों के नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने का किस तरह नुकसान उठाना पड़ा था। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए जारी प्रत्याशियों की सूची का विरोध यह भी बताता है कि भाजपा प्रत्याशी चयन की कोई नीर-क्षीर, पारदर्शी और ऐसी प्रक्रिया का निर्माण नहीं कर सकी है, जिससे असंतोष, विरोध और भितरघात का सामना न करना पड़े। वैसे यह समस्या केवल भाजपा की ही नहीं, सभी दलों की है। कम से कम यह तो होना ही चाहिए कि राजनीतिक दल प्रत्याशियों के चयन में अपने जमीनी कार्यकताओं की राय को महत्व दें। यह कठिन कार्य नहीं, लेकिन हमारे राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र विकसित करने से बच रहे हैं। चुनाव अभियान प्रारम्भ हो रहा है। प्रत्याशियों के नामांकन हो रहे हैं। सब राजनैतिक दल अपने-अपने ह्यघोषणा-पत्रह्ल को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बताकर सब समस्याएं मिटा देने तथा सब रोगों की दवा बन जाने की नैतिकता की बातें करते हुए व्यवहार में अनैतिकता को छिपायेंगे। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर एक होंगे। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षण व आवश्यकता बतायेंगे। इस बार दलों में जितना अन्दर-बाहर होता हुआ दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि चुनाव परिणामों के बाद भी एक बड़ा दौर असमंजस का चलेगा। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि ह्नअगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।ह्न इसलिये प्रांत के लोगों को मतदान करते हुए विवेक का परिचय देना होगा। इन चुनावों की जटिलता का अंदाजा इस बात से भी लगता है कि एक दशक पहले यानी 2014 में हुए विधानसभा चुनाव के समय अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जे से लैस जम्मू-कश्मीर अब विशेष राज्य के दर्जे से भी वंचित है। उस चुनाव में दो सबसे बड़ी और मिलकर सरकार बनाने वाली पार्टियां पीडीपी और भाजपा एक-दूसरे की धुर विरोधी हो चुकी हैं। राज्य में अब भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हिन्दू बहुल सीटों और कश्मीरी पंडितों के वोट बैंक को अपने खाते में डालने के इरादे से मैदान में उतर रही है और ऐसे में कांग्रेस की हालत खराब होना तय माना जा रहा है। भले ही सभी क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा के साथ गठबंधन करने से इंकार कर दिया है, लेकिन भाजपा की मजबूत स्थिति को देखते हुए भविष्य में क्षेत्रीय दलों के भाजपा के साथ बहती हवा में जाने की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर एक राज्य के रूप में शुरू से विशिष्ट रहा है, इस दृष्टि से वहां होने वाले चुनाव भी विशेष एवं अन्य राज्यों से भिन्न है। बड़ी बात यह है कि पार्टियां एक-दूसरे के बारे में चाहे जो भी कहें, ये सभी भारतीय संविधान के तहत लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव में हिस्सेदारी कर रही हैं और जनादेश को भी स्वीकार करेंगी। निश्चित ही इन चुनाव परिणामों से उम्मीद जगी है कि यहां से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि-स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही इन चुनावों की सार्थकता है। जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेंगे बल्कि बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। वैसे तो हर चुनाव में वर्ग, जाति, सम्प्रदाय का आधार रहता है, पर इस बार वर्ग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय व क्षेत्रीयता व्यापक रूप से उभर कर सामने आयेगी। मतदाता जहां ज्यादा जागरूक दिखाई दे रहा है, वहीं राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदार एवं चतुर बने हुए दिख रहे हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें रखे हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ है।

# एआई से बढ़ेगी भारत में बेरोजगारी

- सनत जैन

भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई का प्रयोग बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है। विभिन्न उद्योग, मार्केटिंग, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत क्रांतिकारी परिवर्तन भविष्य में आने वाले हैं। लगभग 10 फीसदी इसका प्रभाव वर्तमान में देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में रोग की पहचान, दवाइयां और इलाज के संबंध में विस्तृत जानकारी, मरीज की देखरेख एआई के माध्यम से महत्वपूर्ण सेवाएं जल्द शुरू होगी। एआई के माध्यम से टेली मेडिसिन, रिमोट सर्जरी के भी नए आयाम शुरू होंगे। इसमें डॉक्टर नर्स एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी हैं उसमें तकनीकि के माध्यम से बेहतर सेवाएं दे सकेंगे। अभी जो कमी बनी हुई है, उसे आसानी से पूरा किया जा सकेगा। कृषि के क्षेत्र में भी बहुत बड़े परिवर्तन आने जा रहे हैं। एआई तकनीकी के माध्यम से फसल की उपज, मौसम की भविष्यवाणी, फसलों में लगने वाले कीट और उनका उपचार फसलों की उत्पादकता को बढ़ाने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कृषि विज्ञान के छात्रों को पढ़ाई में इससे मदद मिलेगी। डेटा उपलब्धता और विविधता के कारण चैट वाटस और वर्चुअल असिस्टेंट में ग्राहकों की सेवाओं को बेहतर बनाया जा सकेगा। रक्षा के क्षेत्र में भी इसका बड़े पैमाने पर उपयोग होना शुरू हो गया है। इस तकनीकी के उपयोग से नैतिक और कानूनी चुनौतियां भी बढ़ेंगी। जिन पर विशेष सतर्कता की जरूरत होगी। एआई तकनीकी के माध्यम से मानव हस्तक्षेप कम होगा। स्वचालित प्रणाली का विकास होगा। ड्रोन और मानव रहित वहां एआई तकनीकी के माध्यम से सैकड़ों संचालित होंगी। एआई तकनीकी का साइबर सुरक्षा में बड़े पैमाने पर उपयोग होगा। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में इस तकनीकी के कारण कई चुनौतियों का सामना करने के लिए भी इस तकनीकी को जानना जरूरी होगा। एआई तकनीकी के माध्यम से सिस्टम स्वयं निर्णय लेता है। जिसके कारण मानव उपयोग कम होगा। रोबोट के माध्यम से विभिन्न सेवाओं के संचालित होने से बेरोजगारी जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ेगा। इसका असर लॉजिस्टिक और सप्लाई के क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर होगा। शिक्षा के क्षेत्र में इसका बड़े पैमाने पर उपयोग होगा। छात्र-छात्राओं को मनवांछित जानकारी विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध होगी। परिवहन के क्षेत्र में भी इसी तकनीकी का उपयोग बड़े पैमाने पर होगा। सरकारी नीतियों, प्रशासन और व्यापारिक संगठनों द्वारा भी इसका बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाएगा। कुल मिलाकर एआई तकनीकी भविष्य की सबसे बड़ी जरूरत होगी। रोजगार के क्षेत्र में अब एआई तकनीकी के जानकारों का बोलवाला होगा। पांच दशक पहले जैसे टाइपिंग का ज्ञान होना आवश्यक था। तीन दशक पहले कंप्यूटर का ज्ञान बहुत आवश्यक होता था। अब कंप्यूटर के साथ-साथ एआई तकनीकी को जानना बहुत जरूरी होगा। इसी से रोजगार के अवसर मिलेंगे। एआई की जो नई क्रांति आई है। उसको नजर अंदाज करना अब संभव नहीं होगा। सुव्यवस्थित रूप से इसका इसका उपयोग करने पर भविष्य में बेहतर परिणाम नौकरी, व्यापार, सेवा, उत्पादन इत्यादि के क्षेत्र में होगा। इसके बिना प्रगति संभव नहीं होगी। परिवार, समाज, संगठन और सरकारों को भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए इस बदलाव पर काम करना होगा।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** सभी योजनाएं सफल होंगी। आपकी कोई पुरानी महत्वाकांक्षा पूर्ण होने से खुशी होगी। | **तुला** आपके सुख में वृद्धि होने के योग हैं और करियर में सफलता मिलने से मन प्रसन्न होगा। |
| **वृषभ** आपको हर मामले में लाभ होगा। करियर के मामले में नए अवसर प्राप्त होंगे। | **वृश्चिक** दूसरों की सहायता करने से आपको संतुष्टि प्राप्त होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। |
| **मिथुन** आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको सफलता प्राप्?त होगी। करियर में मनचाहा फल प्राप्त होगा। | **धनु** मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। लोगों से मदद पाने में सफल होंगे। |
| **कर्क** सफलता प्राप्त होगी और आपका मन प्रसन्न होगा। व्यापार में पार्टनर्स आपका सहयोग करेंगे। | **मकर** एक साथ बहुत सारा पैसा मिलने से आपका बैंक बैलेंस अचानक से बढ़ जाएगा। |
| **सिंह** आज दिन मिलाजुला रहेगा। नौकरी में कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है। | **कुंभ** आज दिन भाग्यशाली रहेगा और आपकी किस्मत भरपूर साथ देगी। |
| **कन्या** आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा और कारोबार में उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी। | **मीन** आज करियर में लाभ होगा और आपको संतुष्टि का अनुभव होगा। दिन आपके लिए हर्षदायक है। |

## विशेष

### राम माधव की वापसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रवक्ता रहे, राम माधव को जम्मू कश्मीर के चुनाव का प्रभारी बनाया गया है। जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने उनके ऊपर 300 करोड रुपए के गंभीर आरोप लगाए थे। जम्मू कश्मीर में 2015 के चुनाव के बाद पीडीपी के साथ भाजपा ने सरकार बनाई थी। कई वर्षों तक जम्मू कश्मीर का शासन और प्रशासन का काम राम माधव देखते रहे हैं। एक बार फिर केंद्र सरकार और भाजपा ने राम माधव पर भरोसा जताया है। जोड़-तोड़ करने में माहिर राम माधव विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन के लिए सहयोगी दलों को साथ लाएंगे। इसके लिए उनकी नियुक्ति की गई है। यह रणनीति सफल रही, तो वह एक बार फिर मुख्य धारा में वापस लौटेंगे। यह चर्चा बनी हुई है।

### सीएम को क्षमा करेंगे मोदी?

उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने एक ऐसी गलती कर दीं है। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाहऔर भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व कभी क्षमा नहीं करता है। दिल्ली के सभी राष्ट्रीय अखबारों में उड़ीसा सरकार का विज्ञापन छपा। इसमें मुख्यमंत्री की फोटो थी, प्रधानमंत्री की फोटो नहीं थी।यह विज्ञापन 21 अगस्त को छपा था। जैसे ही मुख्यमंत्री को अपनी गलती का एहसास हुआ। 22 अगस्त के अखबारों में फिर उसी साइज का विज्ञापन प्रकाशित कराया गया। जिसमें प्रधानमंत्री की बड़ी तस्वीर लगाई गई। इस गलती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्षमा करेंगे यादंडित करेंगे। उड़ीसा का नेतृत्व जल्द ही बदला जाएगा। इस तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। उड़ीसा में भी नेतृत्व परिवर्तन को लेकर जोर अजमाईस शुरू हो गई है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1499: तुर्की ने लेपान यूनान पर कब्जा किया. 1782: पोर्ट्स साउथ इंग्लैंड में मरम्मत के दौरान एक जहाज के डूबने से 00 लोग मारे गए. 1842: एंग्लो चीन युद्ध समाप्त हुआ. 1935: बेल्जियम की रानी एस्ट्रिड का स्विटजरलैंड में हुई एक दुर्घटना में निधन हुआ. 1943: द्वितीय विश्वयुद्ध में नाजियों के खिलाफ विद्रोह के दौरान डेनमार्क के युद्धपोतों को काफी नुकसान उठाना पड़ा. 1947: भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डॉ. बी. आर. आंबेडकर के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया. 1960: जार्डन के प्रधानमंत्री हज्जा अल मजाली की हत्या कर दी गई. 1965: अमरीकी अंतरकिक्षयात्री गार्डन कपूर और चार्ल्स 'कानराड आठ दिन तक अंतरिक्ष में रहने के बाद अटलांटिक में सुरक्षित उतरे. 1976: विद्रोही कवि काजी नजरूल इस्लाम का निधन हुआ.

## दैनिक पंचांग

**29 अगस्त 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 07.04 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | तुला | 09.14 बजे से |
| मंगल | वृष में | वृश्चिक | 11.29 ब.से |
| बुध | कर्क में | धनु | 13.45 बजे से |
| गुरु | वृष में | मकर | 15.50 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | कुंभ | 17.37 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 19.10 बजे से |
| राहु | मीन में | मेष | 20.40 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृष | 22.20 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मिथुन | 00.18 बजे से |
| | | कर्क | 02.32 बजे स |
| | | सिंह | 04.48 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 242 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 01.38 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** आर्द्रा 16.40 बजे को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 18.17 बजे को समाप्त। **करण** बव 13.25 बजे तदनन्तर बालव 01.38 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 15' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872086 **जूलियन दिन** 2460551.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सफर **तारीख** 24 **विशेष** जया/अजा एकादशी व्रत, हॉकी जादूगर ध्यानचंद जयंती, राष्ट्रीय खेल दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore




# नई कंपनी में अपनी नौकरी पक्की करने के लिए अपनाएं ये मजेदार तरीके

**नई कंपनी में शुरुआत में नौकरी पक्की करने के लिए आप चाहे तो कुछ तरीके को अपना सकती हैं। इससे आपका लोगों के साथ बांडिग स्ट्रांग हो जाएगा।**

नई कंपनी में नौकरी शुरू करना इतना आसान नहीं होता है। शुरुआत में आप किसी को नहीं जानते हैं तो आपको काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार आपकी दोस्ती भी नहीं हो पाती है। हर कोई चाहता है कि उसकी नई नौकरी में उन्हें शुरुआत में किसी भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े। शुरुआती कुछ हफ्ते या महीने ही यह तय करते हैं कि आप कंपनी के लिए सही च्वाइस है या नहीं। ऐसे में शुरुआत के 6 महीने में ही आपका मेनेजर यह जान जाता है कि आपको आगे रखना है या नहीं। चलिए जानते हैं नौकरी पक्की करना का आसान तरीका।

## पहले इंप्रेशन को बनाएं मजबूत

आपने यह तो सुना ही होगा कि पहला इंप्रेशन ही आखिरी इंप्रेशन होता है। ऐसे में आपको शुरुआत में अपने काम पर काफी ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। अगर आपका काम शुरुआत में अच्छा होगा तो आपको आगे जाकर ज्यादा दिक्कत नहीं होगी।

## सहकर्मियों से दोस्ती करें

नई नौकरी में आपको तुरंत अपने सहकर्मियों के साथ दोस्ती कर लेनी चाहिए। अगर आप सहकर्मियों के साथ अच्छा बांड शेयर करेंगे तो आपको ज्यादा दिक्कत नहीं होगी। आपको कुछ समय नहीं आ रहा है तो आपको अपने सहकर्मियों की मदद लेनी चाहिए। ध्यान रखें कि शुरुआत में आपको किसी के साथ बदतमीजी नहीं करनी है।

## फीडबैक को समझें

शुरुआत में आपके काम को लेकर आपको फीडबैक दिया जाता है। इससे आपको गंभीरता से लेना है और अपने काम को सुधारने की कोशिश करना चाहिए। ऐसे में आपको मिले हुए फीडबैक को समझना चाहिए और उसी के अनुसार आगे का काम करना चाहिए।





# फ्रंट ऑफिस मैनेजर बनने के लिए क्या करना होगा?

फ्रंट ऑफिस मैनेजर एक ऐसी भूमिका है, जो किसी भी संगठन के पहले इमेज को दर्शाती है। यह एक ऐसा व्यक्ति होता है, जो ग्राहकों का स्वागत करता है, उनकी पूछताछ का जवाब देता है और उनकी समस्याओं का समाधान करता है। अगर आप इस क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, तो यह गाइड आपके लिए बहुत काम की होगी।

## फ्रंट ऑफिस मैनेजर क्या करते हैं?

फ्रंट ऑफिस मैनेजर ग्राहकों का स्वागत करता है, उनकी पूछताछ का जवाब देता है और उनकी समस्याओं का समाधान करता है। रिसेप्शन पर कॉल का जवाब देता है, अपॉइंटमेंट लेना और मैसेजेस लेने का काम करता है। होटल या Hospitality में आने वाले मेहमानों को सर्विस देता है। रिसेप्शन एरिया का मैनेजमेंट करता है और कर्मचारियों की देखरेख भी करता है। कमरों, मीटिंग रूम आदि की बुकिंग करने से लेकर रिकॉर्ड रखना और रिपोर्ट तैयार करना इनका काम होता है।

## फ्रंट ऑफिस मैनेजर की जिम्मेदारियां

- फ्रंट डेस्क के ऑपरेशन को मैनेज करना
- फ्रंट डेस्क के कर्मचारियों को ट्रेन करना और उनकी मदद करना
- मेहमानों का चेक-इन और चेक-आउट मैनेज करना
- मेहमानों की पूछताछ और शिकायतों का समाधान करना
- हाउसकीपिंग और रखरखाव टीमों के साथ समन्वय करना
- आरक्षण और कमरे के आवंटन की देखरेख करना
- बिलिंग और रिकॉर्ड-कीपिंग सुनिश्चित करना
- फ्रंट डेस्क की आपूर्ति और सूची बनाए रखना
- मेहमानों के लिए स्वागतयोग्य माहौल बनाना
- होटल की नीतियों और मानकों का पालन सुनिश्चित करना
- शिफ्ट शेड्यूल बनाना
- कॉल सेंटर एजेंट, सुरक्षा गार्ड, और रिसेप्शनिस्ट समेत फ्रंट-ऑफिस कर्मचारियों की देखरेख करना
- शिकायतों और खास ग्राहक अनुरोधों को संभालना

## फ्रंट ऑफिस मैनेजर बनने के लिए योग्यता

- किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं या समकक्ष कक्षा पास होना
- Hospitality में डिग्री या डिप्लोमा
- होटल प्रबंधन प्रशिक्षण
- होटल में फ्रंट डेस्क या रिसेप्शन पर पिछला अनुभव
- वैलिड और प्रासंगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशिक्षण

## फ्रंट ऑफिस मैनेजर बनने के लिए आपको इन कौशलों का भी विकास करना होगा

- मजबूत पारस्परिक और संचार कौशल
- नेतृत्व और टीम प्रबंधन क्षमताएं
- बेहतरीन समस्या-समाधान और फैसला लेने का कौशल
- विस्तार पर ध्यान और संगठनात्मक कौशल
- फ्रंट ऑफिस सॉफ्टवेयर और माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस सूट का इस्तेमाल करने में दक्षता
- तनावपूर्ण स्थितियों को संभालने और समय का असरदार तरीके से प्रबंधन करने की क्षमता
- एमएस ऑफिस, खासकर एक्सेल और वर्ड का अच्छा व्यावहारिक ज्ञान
- अंग्रेजी में माहिर होना (मौखिक और लिखित)

**फ्रंट ऑफिस मैनेजर का काम कमरों, मीटिंग रूम आदि की बुकिंग करने से लेकर रिकॉर्ड रखना और रिपोर्ट तैयार करना इनका काम होता है।**

अगर आप किसी होटल में फ्रंट ऑफिस एजेंट, रिसेप्शनिस्ट, या बेलहॉप जैसे निचले पद पर काम करते हैं, तो इससे आपको फ्रंट ऑफिस मैनेजर बनने के लिए लंबे समय में अनुभव हासिल करने में मदद मिल सकती है। एक बार जब आप अनुभवी फ्रंट ऑफिस मैनेजर बन जाते हैं, तो आप अपना करियर आगे बढ़ाकर डिप्टी मैनेजर या जनरल मैनेजर बन सकते हैं।

## फ्रंट ऑफिस मैनेजर की सैलरी?

फ्रंट ऑफिस मैनेजर की सैलरी कई बातों पर निर्भर करती है। इनमें शामिल हैं

- प्रतिष्ठान का प्रकार (जैसे, लक्जरी होटल या बजट होटल)
- स्थान (महानगरीय क्षेत्रों में अक्सर ज्यादा सैलरी मिलती है)
- मैनेजर का अनुभव और योग्यता
- आम तौर पर, फ्रंट ऑफिस मैनेजर की औसत सालाना सैलरी 5 लाख रुपये से 12 लाख रुपये के बीच होती है। ग्लासडोर के मुताबिक, साल 2024 में भारत में फ्रंट ऑफिस मैनेजर की मासिक सैलरी 43,492 रुपये है। वहीं, टाइम्सप्रो के मुताबिक, होटल में फ्रंट ऑफिस मैनेजर की सालाना औसत सैलरी करीब 4 लाख रुपये होती है, यानी हर महीने 29,531 से 30,852 रुपये।





# अगर आप भी बनना चाहते हैं एस्ट्रोनॉट?

**एस्ट्रोनॉट बनने के लिए आपके पास इंजीनियरिंग, बायोलॉजिकल साइंस, फिजिकल साइंस, कंप्यूटर साइंस या फिर मैथ्स में बैचलर डिग्री होनी जरूरी है. इन कोर्स में एडमिशन लेने के लिए जेईई मेन्स, जेईई एडवांस्ड, गेट, आईआईटी जैम जैसे एंट्रेंस एग्जाम दे सकते हैं. आप चाहें पीजी के बाद पीएचडी की डिग्री भी कर सकते हैं.**

भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स एक मशहूर एस्ट्रनॉट हैं। अगर आप भी उनकी तरह बनना चाहते हैं, तो हम आपको बताते हैं कि नासा और इसरो जैसे संस्थानों से जुड़ने के लिए कौन से कोर्स करने जरूरी होते हैं। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को कौन नहीं जानता है। सुनीता ने इस साल जून में अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी हैं। इसी के साथ साथ उन्होंने तीसरी बार अपनी बुलंदी का झंडा अंतरिक्ष में गाड़ कर इतिहास रच दिया है। ऐसे में भला कौन नहीं उनके जैसा बनना चाहेगा। लगभग हर कोई एस्ट्रोनॉट सुनीता से प्रेरणा लेकर स्पेस में जाने का सपना देखता है, लेकिन इसके लिए पढ़ाई और कुछ कोर्स करना जरूरी होता है, जिसके बिना आप इसरो या नासा में शामिल नहीं हो सकते हैं। अगर आप सुनीता विलियम्स की तरह ही अंतरिक्ष की यात्रा करना चाहते हैं, तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि इसके लिए आपको कौन से कोर्स करने होंगे और कब से इसकी पढ़ाई शुरू कर देनी चाहिए।

## सुनीता विलियम्स कहां तक है पढ़ी-लिखी?

सुनीता विलियम्स ने साल 1983 में नीधम हाई स्कूल और साल 1987 में यूएस नेवल एकेडमी से फिजिकल साइंस में बीएससी की डिग्री हासिल की है। उन्होंने साल 1995 में फ्लोरिडा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से इंजीनियरिंग मैनेजमेंट में मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री ली है। मई 1987 में, भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स अमेरिकी नौसेना में भर्ती हुईं। 6 महीने के बाद उन्हें बेसिक डाइविंग ऑफिसर का पद मिला। साल 1989 में वे नेवल एविएटर बनीं और इसी के साथ सुनीता लगातार अपनी कामयाबी की सीढ़ी चढ़ रही हैं।

## एस्ट्रोनॉट बनने के लिए करें ये कोर्स

सुनीता विलियम्स की तरह अगर आप भी स्पेस में जाने और तरह-तरह की चीजों को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो आपको से 12वीं के बाद से ही इसके लिए तैयार कर देनी होगी। इसके लिए आप 12वीं क्लास पास करने के बाद एरोनॉटिक्स, एविएशन, एयरोस्पेस, एस्ट्रोफिजिक्स आदि स्ट्रीम से ग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स कर सकते हैं। जानकारी के लिए आपको बता दें कि इन कोर्स में पीएचडी भी उपलब्ध है। आप चाहें तो एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में बीटेक भी कर सकते हैं। इन कोर्स को पूरा करने के बाद आपको नासा या इसरो जैसे संस्थानों में काम करने मौका मिल सकता है। साथ ही, इसमें सैलरी भी अच्छी मिलती है।





# एक्सपर्ट से जानें कैसे चुनें अपने लिए सही करियर

**करियर के बारे में सोचकर आप भी परेशान हो जाते होंगे? क्या करें और क्या नहीं, कुछ समझ नहीं आता होगा? एक्सपर्ट कहते हैं पहले खुद को जानना है ज्यादा जरूरी उसके बाद ही चुन पाएंगे खुद के लिए बेहतर करियर।**

जब मैं छोटी थी और कोई पूछता था कि मुझे क्या बनना है, तो मैं कहती थी डॉक्टर। फिर बड़ी हुई, लिखने की ओर रुचि बढ़ने लगी तो सोचा इसी फील्ड में कुछ किया जाए। बस, थोड़ा इधर-उधर होने के बाद मैंने अपने लिए एक राह चुन ली। हममें से अधिकांश युवा कभी-कभी तय नहीं कर पाते कि आखिर हम करना क्या चाहते हैं। कुछ जो अपने लिए करियर चुन लेते हैं, उन्हें भी यह दुविधा रहती है कि क्या वे सही दिशा में हैं। किसी भी करियर को चुनने से पहले आपका नजरिया कुछ चीजों के लेकर एकदम साफ होना चाहिए।

## अपने बारे में जानें

हम लोग कई बार अपनी यूनीकनेस, कमजोरियों और प्रतिभाओं से अनजान रहते हैं। अपने सही करियर को चुनने के लिए जरूरी है खुद के बारे में जानना। अपना आत्म-मूल्यांकन कीजिए और अपनी स्ट्रेंथ को पहचानें, जहां आप की कमी रह जाती है, उस एरिया को पहचानें। आत्म खोज की यह यात्रा इंटरनल और पर्सनल होती है। एक लाइफ कोच आपको आपके कौशल को तलाशने में मदद कर सकता है। इसलिए किसी लाइफ कोच की भी मदद ली जा सकती है। जब आपको पता चल जाएगा कि आपकी स्ट्रेंथ क्या है। आपका फोर्टे क्या है, तो आपके लिए करियर चुनना भी मुश्किल नहीं होगा।

## जो भी हो, सब लिखें

अपने करियर को प्लान करें और उसे उसी तरह आगे बढाएं। उस प्लान को ही अपनी सफलता की सड़क समझकर उस पर चल पड़ें। अपने छोटे और बड़े दोनों गोल्स को लिखें और जानने कि कोशिश करें कि आपके लिए क्या बेहतर है। खुद से सवाल करें कि कैसे आप एक गोल से दूसरे गोल तक पहुंचेंगी। क्या आपके लक्ष्यों से आपको खुशी मिलेगी। ऐसे कुछ सावलों को लिखें और उनका मूल्यांकन करें।

## मेहनत करें और आगे बढ़ें

इससे मतलब नहीं है कि आपने कोई छोटी कंपनी स्टार्ट की है या कुछ नया काम शुरू किया है। आपको कड़ी मेहनत और लगन से काम करना होगा, तभी आपको सफलता मिलेगी। उत्साह के साथ ही दृढ़-संकल्प भी बहुत जरूरी है और यही आपको आगे के लिए मानसिक और भावनात्मक रूप से तैयार करेंगे। अगर कल आप कोई करियर चेंज भी करें तो आपका जुनून ही आपके दृष्टिकोण को अधिक सकारात्मक और व्यावहारिक बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। आप अपने काम को जितने प्यार से करेंगी उतना ही सफलता के करीब पहुंचेंगी।

## डू नॉट गिव अप

बस यही फेज आपको हमेशा याद रखना है। चाहे कुछ भी हो जाए, आपको चीजें सीखनी है और आगे बढ़ना है। ध्यान रखें कि सारी ताकत आपके अंदर ही होती है। अगर यह आपने समझ लिया तो आप हर कठिनाई को पार कर सकती हैं। इस बात को समझें कि आप जीवन में जो भी हासिल करना चाहें, उसके बीच परेशानियां आएंगी हीं, मगर आपको हार नहीं माननी है। ऐसी स्थिति में कमर कस लें, मजबूत बने रहें और आगे लड़ें। प्रत्येक दिन को वैसे ही लें जैसे वह आता है। सर्वाइवल स्किल्स और अनुभवों से सीखें और इसे अपना अंतिम लक्ष्य बना लें।

## सकारात्मक रहें

हमें कभी भी सकारात्मक ऊर्जा को कम नहीं आंकना चाहिए। यदि आपको लगता है कि आप किसी लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल नहीं हो सकते हैं, तो आप उसी तरह से सोचेंगी और वह आपके मन में बैठ जाएगा, जिससे यह अधिक संभावना होगी कि आप वो काम नहीं कर सकें। आपके इरादे आपकी वास्तविकता का निर्माण करते हैं, इसलिए अपने आप से ईमानदार होकर शुरुआत करें और यह पता लगाएं कि वह क्या है जो आपको सच्ची खुशी देता है। यह समझे कि अपने सपने को हकीकत में बदलना रातोंरात नहीं होगा, बल्कि इसके लिए इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सरयू राय की बढ़ी टेंशन, गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में विधायक को समन

रांची, एजेंसी। एमपी एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने आपराधिक साजिश रचकर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग से संचिका के गोपनीय पत्रों की चोरी करने के आरोप में विधायक सरयू राय पर संज्ञान लिया है। मामले में उनकी उपस्थिति के लिए समन जारी किया गया है। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 13 सितंबर की तिथि निर्धारित की है। मामले में जांच पूरी करते हुए अनुसंधान पदाधिकारी सह सब-इंस्पेक्टर नागेश श्रीवास्तव ने करीब ढ़ाई साल बाद अपराध को सही पाते हुए 22 अगस्त को अदालत में भादवि की धारा 120बी एवं गोपनीय दस्तावेज लीक की धारा 30(2) के तहत चार्जशीट दाखिल की थी।



चार्जशीट में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव आसिफ एकराम सहित छह को गवाहों का नाम है। चार्जशीट पर एमपी एमएलए कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए आरोपित के खिलाफ समन जारी किया है। बता दें कि विधायक सरयू राय ने गोपनीय दस्तावेज को हासिल करने के बाद प्रेस कान्फ्रेंस कर मीडिया को कोरोना काल में किए गए राशि के उपयोग की जानकारी दी थी। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।
हेमंत कैबिनेट में मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को झारखंडी दोना में मूढ़ी-घुघनी की ताकत का एहसास है और उन्होंने इसकी बदौलत भाजपा का सफाया करने का दावा किया है।

### जमीन घोटाला मामले में प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

रांची, एजेंसी। झारखंड की राजधानी रांची में कथित जमीन घोटाला मामले में प्रेम प्रकाश को भी जमानत मिल गई है. पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (28 अगस्त) को जमानत दी. हालांकि, अवैध खनन मामले में उसे अभी तक जमानत नहीं मिली है. इसलिए प्रेम प्रकाश जेल से बाहर नहीं आ पाएगा. सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर पिछले महीने सुनवाई हुई थी. 29 जुलाई को सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था.



जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस प्रशांत मिश्रा और जस्टिस केवल विश्वनाथ की पीठ ने 28 अगस्त को अपना फैसला सुना दिया.
प्रेम प्रकाश पर दस्तावेजों से छेड़छाड़ करके जमीन की खरीद-बिक्री करने का आरोप था. उसे अगस्त, 2023 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था. प्रेम प्रकाश को अवैध खनन से जुड़े मनी लाउंडरिंग मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था. बाद में जमीन घोटाला मामले में भी उसकी संलिप्तता के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया. ईडी को राजधानी रांची के चेशायर होम रोड स्थित जमीन की खरीद-बिक्री मामले में उसकी संलिप्तता का पता चला था. जांच में मालूम हुआ कि कोलकाता के रजिस्ट्री ऑफिस के दस्तावेज से छेड़छाड़ की गई. पहले गंगाधर राय को जमीन का मालिक बनाया गया. इसके बाद गंगाधर के उत्तराधिकारी राजेश राय से जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी ली गई और फिर उस जमीन को बेच दिया गया.

**चंपाई सोरेन पर भगवा रंग चढ़ने से असमंजस में कई करीबी**

# बदलेगा सियासी समीकरण

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर भगवा रंग चढ़ने से अब उनके करीबी रहे झामुमो नेताओं में असमंजस की स्थिति है। उनके पास या तो खुद भी भाजपा में जाने का विकल्प है या फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा में बने रहने का, लेकिन इन सबके बीच इस बात की भी आशंका उन्हें सता रही है कि झामुमो में रहने पर कहीं उन्हें चंपाई के करीबी होने का टैग पार्टी में अलग-थलग न कर दे। ऐसे में अभी उनके करीबी वेट एंड वॉच की स्थिति में बने हुए हैं।



इस बीच झामुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं को लेकर सोशल मीडिया पर इधर जाएं या उधर जाएं, किधर जाएं वाला मीम ट्रेंड करने लगा है। इसमें अधिकतर नेता अप्रत्यक्ष रूप से अबतक यही जता रहे हैं कि अभी तो वह इधर ही हैं, यानी झारखंड मुक्ति मोर्चा में ही हैं, लेकिन आगे देखेंगे कि किधर जाएंगे। बताते चलें कि पूरे कोल्हान में विधायकों से लेकर जिला व प्रदेश स्तर के झारखंड मुक्ति मोर्चा नेताओं तक में चंपाई सोरेन के करीबियों की संख्या अधिक है। ऐसे में उनके भी पार्टी बदल लेने से झारखंड मुक्ति मोर्चा को कोल्हान में नुकसान होने की आशंका है।

### चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे भाजपा नेता होंगे असहज

सरायकेला सीट से चुनाव लड़ने के लिए तीन भाजपा नेता जमीन तैयार करने में दिन-रात जुटे हैं। इनमें दो बार भाजपा प्रत्याशी रहे गणेश महाली समेत रमेश हांसदा व लक्ष्मण टुडू शामिल हैं। रमेश पहले झामुमो में ही थे। झामुमो के जिलाध्यक्ष भी रहे, लेकिन चंपाई से अदावत के कारण रमेश झामुमो छोड़ भाजपा इसी लक्ष्य के साथ आए थे कि सरायकेला से चंपाई को हराकर ही दम लेंगे। अब चंपाई के भाजपा में आने से स्थिति अलग हो गई। लक्ष्मण टुडू भी यहां दावेदारी की तैयारी में थे, क्योंकि वे सरायकेला से दो बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं।

**लोकसभा चुनाव में बदल गया था वोटरों का मूड-** सरायकेला में लोकसभा चुनाव में मतों का गणित बदल गया था। झामुमो की सिंहभूम से उम्मीदवार जोबा माझी सरायकेला विधानसभा सीट से भाजपा की गीता कोड़ा से 20285 वोटों से पिछड़ गई थीं। वह भी तब, जब राज्य में झामुमो की सरकार में खुद चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री थे। सरायकेला विधानसभा सीट से चंपाई सोरेन अपनी प्रत्याशी को बढ़त नहीं दिला सके। उस समय सरायकेला में भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा को 1 लाख 18 हजार 773 मत मिले, जबकि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को 98 हजार 488 मत मिले।

### सरायकेला का बदलेगा सियासी समीकरण

चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने से पूरे कोल्हान का सियासी समीकरण तो बदलेगा ही, सरायकेला सीट का राजनीतिक गणित सबसे अधिक प्रभावित होगा। इस विधानसभा सीट से चंपाई सोरेन झामुमो में रहते पिछले चार विधानसभा चुनाव से लगातार जीत रहे हैं। हालांकि यहां वे कभी बड़े अंतर से चुनाव नहीं जीत पाए।

### बहुत कम अंतर से चुनाव जीतते रहे चंपाई

भाजपा के गणेश महाली दो विधानसभा चुनाव में चंपाई के लिए बड़ी चुनौती बने रहे। वर्ष 2014 के चुनाव में चंपाई यहां महज 1115 वोटों से महाली से चुनाव जीते थे। 2019 के चुनाव में अंतर बढ़ा, लेकिन इतना नहीं कि आसान जीत कहा जा सके। इस चुनाव में चंपाई ने 15667 की लीड से गणेश महाली को हराया। अब चंपाई के भाजपा में जाने से परिस्थितियां बदल जाएंगी। इससे कहा जा सकता है कि अपने राजनीतिक जीवन में चंपाई ने जिन भाजपा नेताओं के खिलाफ प्रचार किया और चुनाव में हराया, उन्हें ही अपनी राजनीतिक गाड़ी बढ़ाने को सारथी बनाना होगा। इनमें गणेश महाली से लेकर लक्ष्मण टुडू जैसे नाम शामिल होंगे। बताते चलें कि वर्ष 2009 में भाजपा के लक्ष्मण टुडू से चंपाई 3246 वोट से जीते थे तो 2005 में लक्ष्मण टुडू से ही महज 882 वोट के अंतर से जीते थे।

### चंपाई के जाने से फर्क नहीं पड़ेगाः पिंटू

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने की घोषणा पर झामुमो पूर्वी सिंहभूम के जिला उपाध्यक्ष पिंटू दत्ता ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मगंलवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड में झामुमो प्रशिक्षण संस्थान है, जो अपने यहां नेता तैयार करती है। इसलिए किसी भी नेता के पार्टी छोड़ने पर झामुमो को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। चंपाई सोरेन के साथ उनका कोई रिश्ता नहीं है।

## सरकार ने झूठे वादों से समाज के हर वर्ग को ठगने का काम किया है : डॉ देवशरण भगत

**रांची, एजेंसी।** सरकार की वादाख़िलाफी को लेकर आजसू पार्टी की जन जागरण पदयात्रा की शुरुआत हुई। पार्टी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज जन जागरण यात्रा के विभिन्न विधानसभा के प्रभारियों और पार्टी पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र के कई पंचायतों में पदयात्रा की और जन सभाओं के माध्यम से सरकार की विफलताओं से जनता को अवगत कराया। पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने जन जागरण पदयात्रा के बारे में बताया कि पदयात्रा को आम



जनता का भरपूर साथ और सहयोग मिल रहा है। जनता के साथ से हम बदलाव की पटकथा लिखेंगे। जन जागरण पदयात्रा के माध्यम से सरकार के झूठे वादों की सच्चाई को जनता के समक्ष रखा जाएगा। जनता सरकार के वादों और कार्यों के बीच जो गहरी खाई है उसकी समीक्षा करेगी।

कहा, सरकार ने अपने लोकलुभावन वादों से समाज के हर वर्ग को ठगने का काम किया है। 5 साल पहले सत्ताधारी पार्टियों ने जनता के सामने अपने मेनिफेस्टो के जरिए सैकड़ों वादे किए थे लेकिन उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। सरकार रोजगार के विषय पर पूरी तरह विफल रही है। इनके कार्यकाल की उपलब्धि भ्रष्टाचार, अपराध, अराजकता, बेरोजगारी, पलायन, पेपर लीक और कई तरह के घोटाले मुख्य रूप से रहे हैं। इन्होंने युवाओं के हाथों से रोजगार और गरीबों की थाली से राशन छीनने का काम किया है। जनता सब देख और समझ रही है। जनता ने ठाना है कि इस सरकार को हटाना है और नया बेहतर झारखंड बनाना है।

# सीएम हेमंत सोरेन का बड़ा एलान, इनकम टैक्स नहीं भरने वाले बिजली उपभोक्ताओं का बिल होगा माफ

**दुमका, एजेंसी।** झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आने वाले दिनों में उनकी सरकार राज्य के वैसे बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ करने जा रही है जो इन्कम टैक्स के दायरे में नहीं है।

उन्होंने कहा कि ऐसे तमाम उपभोक्ताओं का सारा बिजली बिल माफ किया जाएगा। इसके दूसरे चरण में सरकार आकलन करके उन बिजली उपभोक्ताओं को भी राहत देने की कोशिश होगी जो मध्यम वर्गीय हैं।

मुख्यमंत्री ने यह घोषणा मंगलवार को दुमका के जामा विधानसभा के पांदनपहाड़ी मैदान में आयोजित संताल परगना प्रमंडलीय मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लिए आयोजित वृहत समारोह में कही।

इस मौके पर हेमंत सोरेन ने संताल परगना के सभी छह जिले दुमका, देवघर, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ एवं जामताड़ा के सात लाख 32906 लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि के रूप में 73 करोड़ 29 लाख रुपए ऑनलाइन हस्तांतरित करते हुए कहा कि इस योजना से राज्य की 21 से 50 वर्ष आयु की 50 लाख महिलाओं को आच्छादित किया जा रहा है।

चुनाव के बाद इस लक्ष्य को एक लाख तक पहुंचाया जाएगा। कहा कि इस योजना से जुड़कर राज्यभर की महिलाओं में अद्भूत खुशी व उत्साह है। उन्होंने कहा कि यही उत्साह उन्हें हर मुसीबत तथा चुनौतियों से लड़ने की ताकत देता



है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो आधी आबादी को मजबूत एवं सशक्त करेगा वही राज्य आगे बढ़ेगा। कहा कि उनकी सरकार अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाकर लगातार जनहित में काम कर रही है। जो कभी प्रखंड ऑफिस नहीं देखे थे, उनके दरवाजे तक सरकार और बड़े-बड़े अधिकारी पहुंच कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिन समस्याओं का निदान तत्काल संभव नहीं है, उसकी जानकारी सरकार तक पहुंच रही है। हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांवों से चल रही है। गांवों को मजबूत किए बगैर राज्य सशक्त नहीं बन सकती है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार व्यापारियों की नहीं बल्कि आमजन व किसानों की तरक्की के लिए काम कर रही है। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। मौसम परिवर्तन को ध्यान में रखकर वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजनाओं से किसानों की स्थिति बदली है। कहा कि उनकी सरकारी आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े,अल्पसंख्यक, किसान व मजदूर, बूढ़े-बुजुर्ग,महिला व युवाओं के लिए नया आयाम गढ़ा है, जिससे भाजपा टेंशन में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के पास झारखंड की रॉयल्टी मद में एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने छह किस्तों में राशि भुगतान करने का आदेश केंद्र को दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपना हक व अधिकार लड़ कर लेंगे। झारखंड सोने की चिड़िया है और यहां के लोग फटेहाल रहेंगे ऐसा नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जो कंपनियां यहां की खनिज संपदाओं का दोहन कर रही है।

## रेलवे में नौकरी दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, महिला समेत 5 गिरफ्तार

### चल रहा था फर्जी इंटरव्यू

**खड़गपुर/जमशेदपुर, एजेंसी।** रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में खड़गपुर टाउन थाने की पुलिस ने एक महिला सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया। जहां कोर्ट ने सभी आरोपितों की जमानत को खारिज करते हुए आठ दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पश्चिम मेदिनीपुर के खड़गपुर स्थित वॉर्ड नंबर 15 के यंग मेन एसोसिएशन क्लब में रविवार को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी इंटरव्यू चल रहा था। स्थानीय पुलिस के अनुसार इस इंटरव्यू में शामिल होने के लिए पड़ोसी राज्यों-शहरों से काफी संख्या में युवा शामिल हुए थे। वहीं, स्थानीय निवासियों के अनुसार शनिवार से आए कई युवक यंग मेन एसोसिएशन क्लब में ठहरे हुए थे, पूछताछ में उन्होंने इंटरव्यू होने की जानकारी दी। इसके बाद स्थानीय निवासियों ने ही क्षेत्र के टाउन थाने की पुलिस को सूचित किया। इसके बाद टाउन पुलिस की टीम ने क्लब की घेराबंदी करते हुए एक महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का बोर्ड लगी हुई एक कार भी जब्त की है। जांच में यह बात सामने आई है कि इंटरव्यू देने आए अधिकतर युवा पश्चिम बंगाल और झारखंड के आसपास के शहरों से हैं।

इस मामले में पुलिस के अधिकारियों ने इंटरव्यू देने आए युवाओं से पूछताछ की। इसमें उनसे पूछा गया कि उन्हें किस पद के इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। संबधित पद के लिए उनसे कितने रुपये की डिमांड की गई थी।

## चंपाई सोरेन के गढ़ में गरजेंगे हेमंत सोरेन, 50 हजार से अधिक महिलाओं को देंगे मंईयां सम्मान योजना की सौगात

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार (28 अगस्त) को पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के गढ़ में पहुंच रहे हैं. सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया में आयोजित प्रमंडलस्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे. यहां से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि कोल्हान प्रमंडल की महिलाओं के अकाउंट में ट्रांसफर करेंगे.

पहले यह कार्यक्रम कोल्हान के प्रमंडल मुख्यालय चाईबासा में होना था. लेकिन, बाद में इसकी जगह बदल दी गई. चंपाई सोरेन ने जब बगावत का ऐलान किया, तो मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल को बदल दिया गया. चूंकि गम्हरिया चंपाई सोरेन का विधानसभा विधानसभा क्षेत्र है, सीएम हेमंत सोरेन ने यहां से सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम जिले की महिलाओं के खाते में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (छ्रस्स्ङ्ख) राशि हस्तांतरित करने का फैसला किया.

गम्हरिया प्रखंड के रापचा मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करीब 4 घंटे तक रहेंगे. उनके कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी 3 जिलों के प्रशासन समेत झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ता जुट गये हैं. कार्यक्रम में सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम के करीब 50 हजार लाभुक शामिल होंगे.

लाभुकों को कार्यक्रम स्थल तक लाने और उन्हें वापस पहुंचाने की




व्यवस्था तीनों जिलों के प्रशासनिक पदाधिकारियों ने की है. इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं. कार्यक्रम से एक दिन पहले सांसद जोबा माझी और विधायकों ने रापचा मैदान का जायजा लिया.

इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुआ, विधायक रामदास सोरेन, दशरथ गागराई, मंगल कालिंदी, संजीव सरदार, निरल पूर्ति के अलावा सुखराम उरांव भी मौजूद थे. कार्यक्रम को लेकर झामुमो कार्यकर्ता भी काफी उत्साहित थे. दौरान कांड्रा मोड़ से आदित्यपुर तक झंडा लगाने में देर रात तक कार्यकर्ता जुटे रहे.

**बाबा के साथ झारखंड के लिए लड़ाई लड़ी**

## चंपई सोरेन को लेकर हेमंत की भाभी ने दिया भावुक रिएक्शन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व सीएम और झामुमो के कद्दावर नेता चंपई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे। इसको लेकर झारखंड में सियासत तेज हो गई है। चंपई के भाजपा में शामिल होने को लेकर अब सीएम हेमंत सोरेन की भाभी और भाजपा नेता सीता सोरेन ने रिएक्शन दिया। सीता सोरेन ने कहा कि जेएमएम पार्टी के लिए ये कोई नई बात नहीं है। एक के बाद एक बड़े नेता उनका साथ छोड़ रहे हैं। स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी झामुमो को ठीक से चलाना जानते थे। जो भी नेता अगर रूठ जाए, तो वह उसके घर जाकर मनाते थे। इसके चलते सभी नेता पार्टी के साथ जुड़े रहते थे। सीता सोरेन ने आगे कहा कि आज स्थिति ऐसी नहीं, जेएमएम पार्टी में आज किसी भी नेता का सम्मान नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत जी को जेल यात्रा करना पड़ा, उस दौरान चंपई जी को सीएम बनाया गया, लेकिन कुछ वक्त के लिए।



सीता सोरेन ने कहा कि चंपई सोरेन बहुत बड़े नेता हैं, उन्होंने बाबा (शिबू सोरेन) के साथ झारखंड को अस्तित्व में लाने में भूमिका निभाई। दो महीने की बात थी, उन्हें (चंपई सोरेन) सम्मान दिया जाना चाहिए था। मुख्यमंत्री बने रहने देना चाहिए था।

## धनबाद रेल मंडल के 18449 कर्मी ले सकते हैं यूपीएस का लाभ : डीआरएम

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद रेल मंडल के 18449 कर्मचारी यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का लाभ ले सकते हैं. इनमें से अगर कोई न्यू पेंशन स्कीम में रहना चाहता है, तो वह रह सकता है. जो कर्मचारी यूपीएस में आना चाहते हैं, वे स्कीम से जोड़े जायेंगे. उक्त बातें धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कही. वह सोमवार को डीआरएम कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को यूपीएस की जानकारी दे रहे थे. कहा कि धनबाद रेल मंडल में करीब 24 हजार कर्मचारी हैं. इनमें से करीब 75 प्रतिशत कर्मचारी यूपीएस के योग्य हैं. डीआरएम ने कहा कि धनबाद रेल मंडल में करीब पांच हजार कर्मचारी को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ मिल रहा है. न्यू पेंशन स्कीम पाने वाले 2620 कर्मचारी हैं. 2004 के बाद बहाल होने वाले कर्मचारियों को यूपीएस का लाभ एक अप्रैल 2025 से मिलेगा. 2004 के बाद बहाल होने वाले कर्मचारियों की संख्या 18449 है. मौके पर एडीआरएम इंफ्रा अमित कुमार, सीनियर डीपीओ अजीत कुमार आदि मौजूद थे.
डीआरएम ने बताया कि नौकरी के 25 वर्ष पूरे होने पर यूपीएस में अंतिम 12 महीनों के वेतन के औसत का आधा पेंशन तथा उसके साथ मंहगाई राहत भत्ता दिये जाने का प्रावधान किया गया है. 10 वर्षों की सेवा पर 10 हजार रुपये पेंशन मिलेगी. इसपर मंहगाई राहत भत्ता भी मिलेगा. 10 से अधिक 25 वर्षों से कम अवधि की सेवा के लिए उसी अनुपात में पेंशन मिलेगी. पेंशनधारी की मृत्यु होने पर उसकी मूल पेंशन की 60 प्रतिशत राशि पारिवारिक पेंशन के रूप में उसके आश्रित को मिलेगी.

## बिरसा हरित बागवानी योजना के नाम पर गड़बड़झाला, डाला गया फर्जी मस्टर रोल

**बरवाअड्डा, एजेंसी।** गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत चल रहे बिरसा हरित बागवानी योजना (बीएचबीवाइ) में फर्जी मस्टर रोल व गलत जमीन दिखाकर गड़बड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है. मनरेगा के पोर्टल में दी गयी जानकारी के अनुसार बिराजपुर पंचायत में बिरसा हरित बागवानी योजना (बीएचबीवाइ) के तहत किरण देवी पति अरुण महतो के एक एकड़ भू-खंड में बिरसा हरित बागवानी योजना का काम चल रहा है. योजना संख्या

रोजगार सेवक ने मस्टर रोल संख्या 9969 में 10 व मस्टर रोल संख्या 9970 में 3 कुल 13 मजदूरों की मजदूरी निकासी के लिए फर्जी मस्टर रोल डाला है. इसमें मजदूरों को फर्जी तरीके से काम करते दिखाया गया है. जबकि इनमें से कई मजदूर दूसरी जगह काम कर रहे हैं. बुधवार को एक सप्ताह पूरा होने पर मजदूरों को मजदूरी का भुगतान किया जायेगा. इधर रोजगार सेवक के हड़ताल में रहने के बाद भी काम करने पर लोग सवाल कर रहे हैं.इस योजना का कार्यस्थल बिराजपुर गांव में दिखाया गया है. जबकि किरण देवी की बिराजपुर में जमीन नहीं है. ऐसे में किरण देवी के नाम से बिराजपुर में बिरसा हरित बागवानी योजना का क्रियान्वयन फर्जी है. नियमतः यदि स्थल चयन में गड़बड़ी हुई है तो सुधार करने के बाद ही काम करना है. लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं किया गया है. सूत्र बताते हैं कि बिचौलिए महिला, छात्र व नौकरी पेशा लोगों का लेबर कार्ड बनाकर अपने पास रख लेते हैं. फिर इस लेबर कार्ड का उपयोग फर्जी तरीके से राशि निकासी करने में करते हैं.मधुगोड़ा गांव निवासी हीरालाल महतो का लेबर कार्ड संख्या जेएच 21-003-011-011/176 है. हीरालाल ने बताया कि मैं एक टावर में काम करता हूं. मैंने किरण देवी के बागवानी योजना में काम नहीं किया है. मुझे मजदूर दिखाकर मेरे नाम से मास्टर रोल डाले जाने की जानकारी मुझे नहीं है. वहीं राजेश कुमार का लेबर कार्ड संख्या जेएच 21-003-011-011/682 है. राजेश ने बताया ञ फिलहाल मैं प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा हूं. मैंने किरण देवी के बागवानी योजना में काम नहीं किया है. मास्टर रोल में मेरा नाम है इसकी जानकारी मुझे नहीं है.हड़ताल में रहने के बाद भी कैसे काम कर रहे हैं, के सवाल पर रोजगार सेवक विश्वजीत चौधरी ने कहा कि मैं हड़ताल पर नहीं हूं. किरण देवी ने कागजात दिया है.

## भारतीय चिप बनाने का लक्ष्य बेहद महत्वाकांक्षी, हासिल करने का भरोसा : ओला संस्थापक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैब सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनी ओला के संस्थापक भाविश अग्रवाल ने अभी तक कोई भारतीय चिप नहीं बनने को 'अनूठी विडंबना बताते हुए कहा है कि भारत के लिए पहली एआई चिप बनाने की उनकी घोषणा बेहद महत्वाकांक्षी लक्ष्य है लेकिन कंपनी को अपना वादा पूरा करने का भरोसा है। अग्रवाल ने कहा कि एक चिप बनाना एक 'जोखिम भरा प्रयास है। इसके बावजूद उन्हें यकीन है कि ओला ग्रुप और एआई इकाई 'क्रुत्रिम इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। अग्रवाल ने कहा कि कंपनी अपनी एआई चिप के लिए विनिर्माण इकाई नहीं लगाएगी। इसके बजाय कंपनी ताइवान, कोरिया या अमेरिकी पारिस्थितिकी तंत्र में सक्रिय वैश्विक कंपनियों के साथ काम करने की योजना बना रही है। ओला के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इस बारे में बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा, ''उम्मीद है कि कोई भारत में अत्याधुनिक चिप संयंत्र लगाएगा, और हमें इसका उपयोग करने में खुशी होगी। अग्रवाल ने कहा, ''दुनिया की हर चिप का डिजाइन भारत से होकर गुजरता है। हर चिप का थोड़ा डिजाइन भारत में हो रहा है लेकिन हमारे पास कोई भारतीय चिप नहीं है। हमारे पास दुनिया में सबसे ज्यादा सिलिकॉन चिप डिजाइनर हैं लेकिन कोई भारतीय चिप नहीं है। यह एक अनूठी विडंबना है। उन्होंने कहा, ''इसीलिए हमने अपनी खुद की चिप बनाने का फैसला किया है, और यह एक कृत्रिम मेधा (एआई) चिप होगी। इसके साथ ही एक सामान्य उद्देश्य वाला सीपीयू भी विकसित किया जाएगा। ओला की एआई के लिए समर्पित इकाई का नाम क्रुत्रिम रखा गया है। इसने सीपीयू और एआई चिप के विकास के लिए आर्म और अनटीथर एआई जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है।

## आईपीओ पर एनएसई का एक और प्रयास, एनओसी के लिए किया आवेदन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश की मंजूरी के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है। मंगलवार को आयोजित अपनी वार्षिक आम बैठक में एनएसई ने शेयरधारकों को इसके बारे में सूचित किया। ये खबर ऐसे समय में आई है जब सेबी ने इस महीने की शुरुआत में दिल्ली हाईकोर्ट को एनएसई की लिस्टिंग को लेकर एक जानकारी दी थी। सेबी ने हाईकोर्ट को बताया कि एनएसई ने लिस्टिंग के लिए एनओसी के लिए कोई नया रिक्वेस्ट नहीं आया है। सेबी ने एनएसई के आईपीओ में तेजी लाने के लिए हाईकोर्ट में दायर एक रिट याचिका का जवाब दिया था। बता दें कि एनएसई की आईपीओ योजनाएं 2016 से ही अधर में लटकी हुई हैं। इसी साल कंपनी ने पहली बार ड्राफ्ट रेड-हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीएचआरपी) दाखिल किया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुताबिक उसके रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 10 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में एनएसई पर निवेशकों के रजिस्ट्रेशन में तेजी आई है। मार्च 2021 में रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 4 करोड़ तक पहुंचने में 25 साल से ज्यादा का समय लगा। इसके बाद एक-एक करोड़ की वृद्धि औसतन लगभग छह-सात महीनों में हुई है।

# सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने एक नया रिचार्ज प्लान किया है लॉन्च

## 397 रुपये वाले इस प्लान की वैलिडिटी 150 दिनों की, 4जी डेटा और मुफ्त कॉलिंग

### मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो के लिए बड़ी चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने एक नया रिचार्ज प्लान लॉन्च किया है। इसकी कीमत सिर्फ 397 रुपये है। इसकी वैलिडिटी 150 दिनों की है। यह प्लान 4त्न डेटा और मुफ्त कॉलिंग के साथ आता है। इस प्लान को मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो के लिए बड़ी चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है। बीएसएनएल का यह कदम निजी दूरसंचार कंपनियों की ओर से टैरिफ बढ़ोतरी के बाद आया है। इसके कारण बड़ी संख्या में यूजर बीएसएनएल का रुख कर रहे हैं। बीएसएनएल देशभर में अपनी 4जी सेवाओं को शुरू करने की तैयारी में है। कंपनी ने प्रमुख शहरों और टेलीकॉम सर्किलों में 25,000 से ज्यादा नए 4जी टावर स्थापित किए हैं। सरकार ने बीएसएनएल को मजबूत बनाने के लिए इस साल के बजट में 83,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह इसके नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




बीएसएनएल के इस नए प्लान को उन लोगों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है जो अपना दूसरा सिम इस्तेमाल करते हैं। यह प्लान न केवल लंबी वैधता प्रदान करता है बल्कि काफी डेटा और मुफ्त कॉल भी देता है। इस प्लान में पहले 30 दिनों के लिए किसी भी नंबर पर असीमित मुफ्त कॉलिंग की सुविधा है। इसके बाद यूजरों को बाकी 150 दिनों के लिए मुफ्त इनकमिंग कॉल का आनंद मिल सकता है। इसके अलावा इसमें पहले महीने के लिए प्रतिदिन 2त्नक्च डेटा का अलाउंस शामिल है। इसके बाद 40 द्मड्ढश्चह्य की स्पीड से असीमित डेटा मिलता है। यह प्लान रिलायंस जियो जैसी दिग्गज कंपनियों को चुनौती दे सकता है।

बीएसएनएल का मानना है कि यह प्लान उन लोगों को आकर्षित करेगा जो एक किफायती और भरोसेमंद प्लान की तलाश में हैं। बीएसएनएल के इस कदम से टेलीकॉम बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ने की उम्मीद है। सरकारी टेलीकॉम कंपनी की ओर से उठाया गया यह कदम टेलीकॉम बाजार की गतिशीलता में बड़ा बदलाव ला सकता है। यह प्लान बीएसएनएल के बड़े 4जी रोलआउट में एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है।

### एमटीएनएल के साथ डील को दिया अंतमि रूप

इसी बीच, बीएसएनएल के रणनीतिक साझेदार महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड ने दिल्ली और मुंबई में 4जी सेवाओं को शुरू करने के लिए बीएसएनएल के साथ एक दशक लंबी डील को अंतिम रूप दे दिया है। इस समझौते का उद्देश्य एमटीएनएल की नेटवर्क सेवाओं को बढ़ावा देना है, जो अपने यूजरों को बेहतर 4जी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। दोनों ऑपरेटरों की ओर से 4जी क्षेत्र में प्रवेश करने में देरी के बाद यह बड़ी प्रगति है।

बीएसएनएल जैसे-जैसे इस किफायती और मजबूत प्लान के साथ आगे बढ़ रही है, यह न केवल जियो, एयरटेल और वीआइ जैसी दिग्गज कंपनियों को टक्कर दे रही है, बल्कि संभावित रूप से टेलीकॉम बाजार की गतिशीलता को भी नया रूप दे रही है।

## 206 रुपये आईपीओ में शेयर का दाम, पहले ही दिन 300 रुपये के पार पहुंच गए शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आइटी सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली कंपनी ओरिएंट टेक्नोलॉजीज की शेयर बाजार में जबरदस्त शुरुआत हुई है। ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर दमदार लिस्टिंग के बाद 300 रुपये के पार पहुंच गए हैं। आईपीओ में ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर का दाम 206 रुपये था। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई दोनों एक्सचेंज में लिस्ट हुए हैं। ओरिएंट टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 21 अगस्त 2024 को दांव लगाने के लिए खुला था और यह 23 अगस्त तक ओपन रहा।

आईपीओ में ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर का दाम 206 रुपये था। ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर बुधवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 40.7 पर्सेंट के प्रीमियम के साथ 290 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। लिस्टिंग के ठीक बाद कंपनी के शेयर बीएसई में 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 304.45 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, एनएसई में ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर 39.81 पर्सेंट के प्रीमियम के साथ 288 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। बेहतरीन लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर एनएसई में 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 302.40 रुपये पर पहुंच गए हैं।

# सस्ता हुआ सोना-चांदी

## सर्राफा बाजार में सोना 550 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज सोना 0.16 फीसदी गिरकर 72,010 रुपए प्रति 10 ग्राम पर और चांदी भी 0.36 फीसदी फिसली है, ये 85,349 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर कर रही है। स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा मांग के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 550 रुपए की तेजी के साथ 74,350 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोने का भाव 73,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमत भी 1,200 रुपए के उछाल के साथ 88,200 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 87,000 रुपए प्रति किलोग्राम था। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 550 रुपए के उछाल के साथ 74,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। व्यापारियों ने बताया कि घरेलू बाजार में स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की मांग में तेजी के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई है। 'कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को दिल्ली में सर्राफा बाजार बंद रहे थे। एशियाई कारोबारी घंटों में सोना 11.30 डॉलर प्रति औंस की गिरावट के साथ 2,543.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों के अपेक्षा से बेहतर रहने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में तेजी के कारण मंगलवार को सोने में मामूली गिरावट आई।



# भारत में सिटी बसाने की तैयारी में ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन

## तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की सरकार ने ऑफर की जमीन

### दक्षिणी राज्य फॉक्सकॉन से अलग-अलग मॉडल की मांग कर रहे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फॉक्सकॉन ठेके पर इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। ऐपल के लिए आईफोन बनाने वाली ताइवान की इस कंपनी ने अपनी होम कंट्री और चीन में फॉक्सकॉन सिटी बनाई है। अब वह भारत में भी इसी तरह का शहर बनाना चाहती है। उसे जमीन देने के लिए दक्षिण के तीन राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में होड़ मची है। तेलंगाना सरकार ने कंपनी को 2,000 एकड़ जमीन की पेशकश की है। सूत्रों के मुताबिक कम से कम दो और राज्यों ने भी फॉक्सकॉन को जमीन ऑफर की है। आंध्र प्रदेश ने कंपनी को औद्योगिक पार्क बनाने के लिए 2,500 एकड़ और कर्नाटक ने तीन सौ एकड़ जमीन की पेशकश की गई है।

हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि राज्य सरकारों ने कंपनी को किस जगह जमीन की पेशकश की है। तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू ने ईटी को बताया कि हाल ही में राज्या के मुख्यमंत्री ने फॉक्सकॉन के चेयरमैन से मुलाकात की थी। उन्होंने फॉक्सकॉन सिटी स्थापित करने में गहरी रुचि दिखाई। इसके जवाब में हमारी सरकार ने करीब 2,000 एकड़ जमीन की पेशकश की है। प्रस्ताव के मुताबिक कंपनी अपनी जरूरत के मुताबिक जमीन का विकास करेंगे। मुमकिन है कि कंपनी अपने सप्लायर्स को भी जमीन का कुछ हिस्सा दे सकती है। इसमें ताइवान, चीन या अमेरिका की कंपनियां शामिल हो सकती हैं।




### कई राज्य होड़ में

बाबू ने कहा कि फॉक्सकॉन ने संकेत दिया है कि उनकी एक टीम भूमि का आकलन करने के लिए इस सप्ताह तेलंगाना का दौरा करेगी। तमिलनाडु में चेन्नई के करीब श्रीपेरंबदूर में कंपनी की इंडस्ट्रियल हाउसिंग फैसिलिटी के उद्घाटन के अवसर पर 17 अगस्त को फॉक्सकॉन के प्रेसिडेंट यंग लियू ने बताया कि उनकी कंपनी चेन्नई के पास एक औद्योगिक टाउनशिप बनाने की सोच रही है। अब अन्य दक्षिणी राज्य भी ताइवान की प्रमुख कंपनी से इसी तरह की पहल की मांग कर रहे हैं। बाबू ने कहा कि हमने फॉक्सकॉन को टियर 2 और टियर 3 शहरों में भी विकल्प तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि अगर कंपनी हैदराबाद के पास किसी टियर 2 शहर में जमीन का चयन करने का फैसला करती है, तो हम इस प्रक्रिया को आसानी से पूरा कर सकेंगे। फॉक्सकॉन ने इस बारे में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। सूत्रों ने बताया कि दक्षिण के दूसरे राज्यों और फॉक्सकॉन के बीच बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक फॉक्सकॉन को एक सप्लायर पार्क बनाने के लिए लगभग 300 एकड़ जमीन की पेशकश कर रहा है। अभी तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। लेकिन इस फैसिलिटी को बनाने के लिए कंपनी के साथ बातचीत चल रही है। चेयरमैन लियू की भारत यात्रा के दौरान भी इस पर चर्चा हुई थी।

दक्षिणी राज्य फॉक्सकॉन से अलग-अलग मॉडल की मांग कर रहे हैं। तमिलनाडु में लियू ने स्पष्ट किया था कि कंपनी की योजना एक टाउनशिप या औद्योगिक पार्क बनाने की है जहां मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी और कामगारों के लिए आवास एक ही परिसर में होंगे। अभी कंपनी की फैसिलिटी श्रीपेरंबदूर में है जहां वह आईफोन बनाती है। लियू ने संकेत दिया कि कंपनी भारत में स्मार्टफोन असेंबली से आगे बढ़कर आईसीटी, इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी जैसे क्षेत्रों के लिए प्रॉडक्ट्स बनाएगी। कंपनी की श्री सिटी, आंध्र प्रदेश में एक यूनिट है। साथ ही कंपनी कर्नाटक में भी एक फैसिलिटी बना रही है जिसमें मुख्य रूप से आईफोन बनाया जाएगा।

# गिरने वाले हैं कारों के दाम, डीलरों के सामने बढ़ा संकट, बिक्री घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कारों बिक्री में गिरावट के बीच ऑटोमोबाइल कंपनियों और डीलरों के सामने नया संकट खड़ा हो गया है। डीलरों के पास कारों का स्टॉक बढ़ रहा है और कंपनियां लगातार उत्पादन क्षमता बढ़ाती जा रही हैं। आम आदमी के नजरिए से देखा जाए तो उससे काफी कारों पर प्रतीक्षा अवधि कम हो गई है और भविष्य में कारों की कीमतों में गिरावट की भी संभावना है, लेकिन यह बड़े संकट का संकेत भी है, जिससे निपटने के लिए कई कंपनियां अपने कुछ मॉडल की तय कीमतों में कटौती पर भी विचार कर रही हैं।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) का कहना है कि कारों की बिक्री में तीन से चार फीसद की वृद्धि होने का अनुमान था, लेकिन कंपनियों ने उत्पादन क्षमता को 10 फीसदी तक बढ़ा दिया है। फाडा के सीईओ सहर्ष दमानी कहते हैं कि पहले हमारे पास मांग के अनुमान के आधार पर 30-32 दिन का स्टॉक होता था, लेकिन अब कारों का 67 से 72 दिनों का स्टॉक उपलब्ध है। बीते पांच महीने से स्टॉक बढ़ता जा रहा है लेकिन उसके अनुपात में बिक्री नहीं बढ़ रही है।



### सेल घटने की ये है बड़ी वजह

फाडा का कहना है कि कोरोना से पहले कारों की औसत कीमत अगर छह लाख रुपये थी तो वो आज बढ़कर 10 लाख रुपये पहुंच गई है। जिस अनुपात में कारों की कीमतों को बढ़ाया गया है, उस अनुपात में कोरोना के बाद लोगों की आय नहीं बढ़ी है। मौजूदा समय में 15 हजार डीलर और उनके 30 हजार आउटलेट से जुड़े गोदामों में करीब सात से सवा सात लाख कारें स्टॉक में हैं। अगर इन कारों की औसत कीमत 10 लाख रुपये मान ली जाए तो भी 70 से 75 हजार करोड़ रुपये की कारें स्टॉक में खड़ी है। ऊपर से ऑटोमोबाइल कंपनियों की तरफ से हर रोज डीलरों को नई कारें उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### पुरानी की बिक्री में तेजी आई

चार पहिया वाहनों को री-सेल करने वाली कंपनी से जुड़े एक पदाधिकारी कहते हैं कि पुरानी की बिक्री में तेजी आई है। खासकर दिल्ली, मुंबई, चेन्नई से लेकर अन्य प्रमुख शहरों में सबसे ज्यादा लोग पुरानी कारों को खरीद रहे हैं। मारुति, हुंडई से लेकर तमाम कंपनियां कारों की खरीद पर छूट व अन्य तरह के ऑफर दे रही हैं। कारों पर 60 हजार से लेकर ढाई लाख तक की छूट दी जा रही है जो मॉडल और कार के हिसाब से अलग-अलग है। डीलर भी अपना कमीशन कम करके गाड़ियों को निकालने की कोशिश में हैं लेकिन उसके बाद भी पर्याप्त संख्या में ग्राहक नहीं है।

# आपको याद तो होगी बोरोलीन, आजादी पर मुफ्त बंटी थी 1,00,000 ट्यूब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पॉपुलर एंटीसेप्टिक क्रीम बोरोलीन एक बार फिर चर्चा में है। ट्रेडमार्क के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल में बोरोलीन बनाने वाली कंपनी जीडी फार्मास्यूटिकल्स के पक्ष में फैसला सुनाया था। खुशबूदार एंटीसेप्टिक क्रीम बोरोलीन... 90 के दशक में टीवी पर गूंजने वाली इस जिंगल को भला कौन भुला सकता है। यह एक ऐसी क्रीम है जो केवल एक ब्यूटी प्रॉडक्ट के तौर पर ही नहीं जानी जाती बल्कि अक्सर फर्स्ट एड बॉक्स में भी नजर आ जाती है। अंग्रेजी शासन में विदेशी उत्पादों को टक्कर देने के लिए स्वदेशी मूवमेंट के तहत जन्मी इस क्रीम की भारतीयों के दिल में एक अलग जगह है।

बोरोलीन को अस्तित्व में लाने का श्रेय जाता है कोलकाता के गौर मोहन गुप्ता को। उन्होंने देश में चल रहे स्वदेशी आंदोलन के दौर में 1929 में लोगों के लिए एक ऐसी एंटीसेप्टिक क्रीम बनाने का फैसला किया जो हर भारतीय की पहुंच में हो। उस समय देश में महंगी विदेशी क्रीम क राज था। गौर मोहन खुद विदेशी सामान का आयात करते थे लेकिन फिर स्वदेशी मूवमेंट से जुड़ गए। उन्हें लगा कि देश की मदद करने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि इसे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जाए। इसी सोच के साथ उन्होंने ऐसे प्रॉडक्ट्स बनाने का फैसला किया, जो क्वालिटी में विदेशी उत्पादों को टक्कर दें। लेकिन उनकी कीमत आम भारतीय की जेब के मुताबिक हो।

### कैसे हुई लोकप्रिय

मगर यह सब आसान नहीं था। कई लोगों ने उन्हें हतोत्साहित किया लेकिन गौर मोहन भी अपनी धुन के पक्के थे। उन्होंने अपनी कोशिश जारी रखी। भारत को आजाद और आत्मनिर्भर बनाने का सपना दिल में रखते हुए उन्होंने अपने घर पर स्वदेशी उत्पाद बनाना शुरू किया। इन्हीं में से एक थी हरे रंग के ट्यूब और गोल काले ढक्कन वाली बोरोलीन क्रीम। उन्होंने इसे 1929 में लॉन्च किया। जल्दी ही इसने भारतीयों के दिल में जगह बना ली। बोरोलीन बनाने वाली कंपनी का नाम जीडी फार्मास्यूटिकल्स है। इसे बोरोलीन पीपुल के नाम से भी जाना जाता है। बोरोलीन दो शब्दों से मिलकर बना है। बोरो शब्द बोरिक पाउडर से लिया गया है जबकि ओलीन लैटिन शब्द ओलियन से लिया गया है।




अमूमन कंपनियां अपने प्रॉडक्ट के फॉर्मूले का राज नहीं खोलती हैं लेकिन स्वदेशी आंदोलन से उपजी बोरोलीन ने कभी ऐसा नहीं किया। शायद यही वजह है कि उसे ट्रेडमार्क की समस्या का सामना करना पड़ा। जीडी फार्मास्यूटिकल्स के मुताबिक बोरोलीन एंटीसेप्टिक क्रीम में एंटीसेप्टिक बोरिक एसिड, एस्ट्रिंजेंट, सनस्क्रीन जिंक ऑक्साइड और एमोलिएंट लैनोलिन का इस्तेमाल होता है। बोरोलीन का उपयोग कटे-फटे होंठ, खुरदरी त्वचा और संक्रमण के इलाज के लिए किया जाता है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक इस क्रीम ने देशभर के लोगों पर जादू कर दिया था। बोरोलीन हर तरह की त्वचा को सूट करने वाली क्रीम है।

### आजादी का जश्न

साल गुजरने का साथ ही बोरोलीन की लोकप्रियता भी बढ़ती गई। यह एक तरह से देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई थी। बोरोलीन के बारे में कई दिलचस्प किस्से भी मशहूर हैं। कहा जाता है कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और मशहूर अभिनेता राजकुमार भी इसे यूज करते थे। 15 अगस्त 1947 को जब देश आजाद हुआ तो जीडी फार्मास्युटिकल्स ने इस खुशी के मौके पर आम जनता को 1,00,000 से भी ज्यादा बोरोलीन ट्यूब मुफ्त में बांटी थीं। साथ ही कंपनी ने उस दिन कलकत्ता के दो अखबारों में इसका विज्ञापन भी दिया था। कई साल तक कंपनी केवल बोरोलीन के सहारे रही। लेकिन 90 के दशक के आखिर में उसने एलीन हेयर ऑयल लॉन्च किया। साल 2003 में कंपनी ने सुथॉल नाम का एंटिसेप्टिक लिक्विड लॉन्च किया। गर्मी के मौसम में सुथॉल की सेल बढ़ती है जबकि बोरोलीन की बिक्री सर्दियों में ज्यादा होती है। आज कंपनी के पोर्टफोलियो में बोरोलीन, बीओ लिप्स, रुक्षा हैंड वॉश, रुक्षा हैंड सैनेटाइजर, एलीन, सुथॉल, पेनोरब और नोप्रिक्स जैसे कई प्रॉडक्ट्स हैं। कंपनी के देश में दो प्लांट हैं। बोरोलीन ट्रेडमार्क भारत के अलावा ओमान, तुर्की, बांग्लादेश और यूएई में भी रजिस्टर्ड है।

## सरकार और नीतियों की निरंतरता से उद्योग को उच्च वृद्धि का भरोसा : मारुति सुजुकी प्रमुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर सी भार्गव ने मंगलवार को कहा कि भारत ने तेज आर्थिक वृद्धि और लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था के बीच विरोधाभास को गलत साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार और नीतियों की निरंतरता से उद्योग को लगातार उच्च वृद्धि का विश्वास मिलता है। भार्गव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आयोजित कंपनी की वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों से कहा कि भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं इसे एक सतत और अधिक समतापूर्ण समाज की ओर ले जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि उद्योग और सरकार 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक-दूसरे के साथ काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में मैंने लोगों को यह तर्क देते हुए सुना है कि तेज आर्थिक वृद्धि और लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था के बीच वास्तव में मेल नहीं हैं। हमारे देश ने इस सोच को साबित कर दिया है। अपनी बात पर जोर देते हुए भार्गव ने कहा, हम अब दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं, और हमारे प्रधानमंत्री सबसे सम्मानित वैश्विक नेताओं में से एक हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर दुनिया ने देखा है कि हम लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति कितने प्रतिबद्ध हैं। हाल के आम चुनावों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसने एक बार फिर दिखाया कि करोड़ों लोग शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कर सकते हैं और उस प्रक्रिया के परिणामों को स्वीकार कर सकते हैं। भार्गव ने हालांकि स्वीकार किया कि समान और तीव्र आर्थिक वृद्धि तथा विकास के लिए नीतियों और रणनीतियों को स्थिर होने में कुछ समय लगा है। उन्होंने साथ ही जोड़ा, ...लेकिन हमने शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के माध्यम से सही रास्ता खोज लिया। यह दुनिया के कई हिस्सों और हमारे पड़ोस में जो हमने देखा है, उसके बिल्कुल विपरीत है।





डूरंड कप 2024

# मोहन बागान ने बंगलूरू को हराया

## फाइनल मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड से मुकाबला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डूरंड कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में मोहन बागान ने बेंगलुरू को हरा दिया। अब फाइनल में शनिवार को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड और मोहन बागान के बीच मुकाबला खेला जाएगा।डूरंड कप 2024 में मोहन बागान सुपर जायंट्स ने दूसरे सेमीफाइनल मैच में बंगलूरू एफसी को 4-3 से हरा दिया। मैच का समापन रेगुलेशन टाइम में 2-2 की बराबरी के साथ हुआ, जिसके बाद पेनाल्टी शूटआउट से विजेता का फैसला हुआ। मंगलवार को मोहन बागान सुपर जायंट्स पेनाल्टी शूट-आउट में बंगलूरू से बीस साबित हुई और विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले गए रोमांचक मुकाबले में फाइनल में जगह बनाई। 133वें इंडियनऑयल डूरंड कप 2024 के फाइनल में अब मोहन बागान का सामना नॉर्थईस्ट यूनाइटेड से होगा। मोहन बागान की तरफ से पेनाल्टी शूटआउट में जेसन कमिंग्स, मनवीर सिंह, लिस्टन कोलाको और डिमिट्री पेट्राटोस ने गोल करने में कामयाबी पाई। रेगुलेशन टाइम में बेंगलुरू एफसी ने सुनील छेत्री (42वें मिनट) और युवा प्रतिभा विनीत वेंकटेश (50वें मिनट) के गोलों की मदद से 2-0 की बढ़त बना रखी थी। 2-0 से पिछड़ रही मोहन बागान ने जबरदस्त वापसी की। डिमिट्री पेट्राटोस (68वें मिनट) और अनुरुद्ध थापा (84वें मिनट) ने गोल कर स्कोर बराबर किए। खेल खत्म होने से पांच मिनट पहले थापा के गोल ने सुनिश्चित कर दिया कि मैच पेनल्टी पर जाएगा। अब मोहन बागान का सामना शनिवार को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से फाइनल में होगा।





# धवन के बाद दिनेश कार्तिक भी खेलेंगे लीजेंड्स लीग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिखर धवन के लीजेंड्स लीग क्रिकेट के आगामी सीजन में शामिल होने की घोषणा के एक दिन बाद, भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी इसमें शामिल हो गए हैं। कार्तिक ने इस साल जून में इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीज़न की समाप्ति के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने कैश-रिच लीग में अपने अंतिम कार्यकाल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया। मध्य क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते कार्तिक कमेंटेटर के तौर पर भी असाधारण काम कर रहे हैं।

39 वर्षीय खिलाड़ी ने एलएलसी में शामिल होने के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और कहा कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेलना निश्चित रूप से एक ऐसी चीज है जिसका मैं अपनी सेवानिवृत्ति के बाद इंतजार कर रहा हूं। मैं मानसिक और शारीरिक रूप से इस कार्य के लिए तैयार हूं और खेलने के लिए उत्सुक हूं। क्रिकेट का वह ब्रांड जिसका मैंने हमेशा आनंद लिया है। मुझे उम्मीद है कि मैं एक बार फिर मैदान पर आपका मनोरंजन करूंगा। दिनेश कार्तिक ने तीनों प्रारूपों के 180 मैचों में एक टेस्ट शतक और 17 अर्धशतकों के साथ 3,463 रन बनाए। उन्होंने विकेट के पीछे 172 शिकार भी किए। आईपीएल के 257 मैचों में वह 4,842 रन बनाने में सफल रहे। कार्तिक ने 17 साल में आईपीएल की 6 फ्रेंचाइजी के लिए खेला। उन्होंने 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के साथ उद्घाटन सत्र में पदार्पण किया। वह 2011 में पंजाब चले गए और मुंबई इंडियंस, गुजरात लायंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और आरसीबी के लिए खेलने लगे।

# 25 साल की उम्र में 4 फ्रेक्चर, फिर भी रफ्तार से समझौते को तैयार नहीं भारतीय वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी

## बुमराह की सलाह से बदलेगा करियर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट में तेज गेंदबाजों के लिए सबसे बड़ा खतरा विस्फोटक बल्लेबाज नहीं बल्कि इंजरी होती हैं। तेज गेंदबाजों को इंजरी का सबसे ज्यादा खतरा होता है। ऐसे में महज 25 साल की उम्र में अगर आपको चार-चार फ्रैक्चर हो जाएं तो मानसिक तौर पर खिलाड़ी बहुत टूट जाता है। हालांकि भारत के युवा तेज गेंदबाज शिवम मावी गिरकर फिर से उठने में यकीन रखते हैं और यही उनके जीवन का सिद्धांत है।

### शिवम कई बार हुए चोटिल

शिवम मावी साल 2018 में अंडर19 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। अब तक टीम इंडिया के लिए केवल छह टी20 मैच खेले हैं। यह संख्या और ज्यादा हो सकती थी अगर मावी बार-बार चोटिल न होते हैं। मावी को अब तक चार स्ट्रेस फैक्टचर के अलावा घुटने में ग्रेट 2 इंजरी भी हुई है। वह बीते एक साल के क्रिकेट से दूर थे। वह घरेलू क्रिकेट के सीजन में भी नजर नहीं आएं। हालांकि उन्होंने उत्तर प्रदेश टी20 लीग के साथ लंबे समय बाद एक्शन में दिखे।





### आईपीएल में चोटिल हुए थे शिवम मावी

मावी में अपनी वापसी पर कहा, 'मैंने बहुत समय बाद खेलना शुरू किया। आईपीएल के दौरान चोट लगने से मेरे रिहैब में देरी हुई। मेरी चोट उस जगह के करीब थी जहां मुझे स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ था। मैं पूरी तरह ठीक नहीं हुआ था और इसी कारण लखनऊ सुपर जायंट्स के कैंप में ट्रेनिंग करते हुए चोटिल हो गया। अब मैं फिट हूं और अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं रिदम वापस लाने कोशिश कर रहा हूं।'

### तीन फॉर्मेट के लिए खेलना चाहते हैं मावी

शवम मावी ने अपने इंजरी से वापसी पर कहा, 'मैं हार नहीं मानूंगा। मैं अभी बस दौड़ना चाहता हूं और गेंदबाजी करना चाहता हूं। मुझे कुछ और नहीं आता। आप इसे जुनून और प्यार कह सकते हैं लेकिन मैं 25 साल की उम्र में हार कैसे मान सकता हूं। मेरे अंदर वह भूख है कि मैं तीनों फॉर्मेट में देश का प्रतिनिधित्व करूं। यही मेरी प्रेरणा है। गिरूंगा, उठूंगा और फिर से गिर के उठूंगा।' मावी और उनके साथी कमलेश नागरकोटी पिछले कुछ समय से एनसीए में साथ थे। उन्होंने कहा, 'हम शुभमन गिल, अर्श, अभिषेक के बारे में बात कर रहे थे कि वह टीम इंडिया के लिए खेल रहे हैं और हमें इसकी खुशी है। उन्हें देखकर हमें प्रेरणा मिलती है। हमने एक-दूसरे से वादा किया कि हम बेहतर करेंगे।'



## टी20 वर्ल्ड कप 2024 के उपविजेता का क्लीन स्वीप

# वेस्टइंडीज ने 10 ओवर के अंदर चेज किया 116 का टारगेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करके इस प्रारूप में टी20 वर्ल्ड कप 2024 की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने वर्चस्व को दर्शाया है। मार्च 2023 से वेस्टइंडीज ने टी20 क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका को दस में से आठ मैच में हराए हैं। टी20 वर्ल्ड कप से पहले और बाद में 3-0 की सीरीज जीत शामिल है। इनमें से आखिरी जीत त्रिनिदाद में बारिश से प्रभावित मैच में मिली।

बारिश के कारण सीरीज का अंतिम मैच निर्धारित समय से एक घंटे बाद शुरू हुआ, लेकिन ओवर में कोई कटौती नहीं हुई। दक्षिण अफ्रीका की पारी के पांचवें ओवर में मैच फिर रुका और 70 मिनट और खराब हो गए। इसके बाद ओवर घटाए गए। 13-13 ओवर का मैच हुआ।दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट पर 108 रन बनाए। वेस्टइंडीज के दो स्पिनर अकील होसेन और स्टैंड-इन कप्तान रोस्टन चेस ने रन नहीं बनने दिया। दोनों कुल मिलाकर पांच ओवर में 22 रन दिए। केवल ट्रिस्टन स्टब्स ने 30 से अधिक रन बनाए। वेस्टइंडीज को 116 रन का टारगेट मिला। यह टारगेट 10 ओवर के अंदर चेज हो गया।

मेजबान टीम पहले ही ओवर में बैकफुट पर चली गई जब ब्योर्न फोर्टुइन ने पहले ओवर में एलिक एथनाजे को मिड-ऑन पर कैच कराया, लेकिन बाकी बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। शाई होप और निकोलस पूरन ने दूसरे विकेट के लिए 20 गेंदों पर 58 रनों की साझेदारी की। वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। फिर होप और शिमरॉन हेटमायर के बीच नाबाद 56 रनों की साझेदारी ने मैच को 22 गेंद शेष रहते समाप्त कर दिया। वेस्टइंडीज के लिए शाई होप ने 24 गेंद पर 1 चौके और 4 छक्के की मदद से 42 रन बनाए। निकोलस पूरन ने 13 गेंद पर 4 छक्के और 2 चौकी की मदद से 35 रन बनाए। शिरमोन हेटमायर ने 17 गेंद पर 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाए।



# जय शाह की आईसीसी में एंट्री, बनाया गया उन्हें नया चेयरमैन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह को आईसीसी का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वह निर्विरोध आईसीसी के नए चेयरमैन बने हैं। उनका कार्यकाल 1 दिसंबर 2024 से शुरू होगा। जय शाह से पहले भारत के जगमोहन डलमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर आईसीसी के अध्यक्ष रह चुके हैं।

# ली तू पर चार सेटों में जीत के साथ अल्काराज दूसरे दौर में पहुंचे



**न्यूयॉर्क, एजेंसी ।** कार्लोस अल्काराज ने वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर ली तू को पीछे छोड़ दिया। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व के 186वें नंबर के क्वालीफायर खिलाड़ी के खिलाफ 6-2, 4-6, 6-3, 6-1 से जीत के बाद अपनी प्रमुख मैच जीतने की लय को 15 तक बढ़ा दिया।

मंगलवार देर रात की जीत अल्काराज की उनके करियर की 60वीं ग्रैंड स्लैम एकल जीत थी, जो केवल 70 मैचों में हासिल की गई एक उपलब्धि थी। वह ओपन युग में 60 बड़ी जीत हासिल करने वाले दूसरे सबसे तेज व्यक्ति हैं, केवल जॉन मैकेनरो से पीछे हैं, जिन्होंने 69 मैचों में ऐसा किया था। अल्काराज का लक्ष्य ओपन युग में एक ही वर्ष में रौलां गैरो, विंबलडन और यूएस ओपन जीतने वाला तीसरा व्यक्ति बनना है। रॉड लेवर (1969) और राफेल नडाल (2010) ने इससे पहले यह उपलब्धि हासिल की थी । स्पैनियार्ड के लिए अगला मुकाबला 2021 यूएस ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट और पूर्व विश्व नंबर 22, बोटिक वैन डी ज़ैंडस्चुल्प के खिलाफ होगा, जो संभावित रूप से दूसरा मुश्किल राउंडर है, जिन्होंने शुरुआती दौर में 2020 यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनलिस्ट और पूर्व शीर्ष -10 खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव को हराया था।21 वर्षीय अल्काराज़ ने 15 मिनट से कम समय में 4-0 की बढ़त बना ली, पहले सेट पर आसानी से कब्ज़ा कर लिया और दूसरे सेट में ब्रेक ले लिया। लेकिन तू ने डटकर मुकाबला किया, बार-बार ब्रेक-प्वाइंट के अवसरों (दूसरे सेट में पांच में से चार) को खारिज कर दिया और सुर्खियां चुराने के लिए लगातार सर्विस गेम में अल्काराज की सर्विस को तोड़ दिया।

अल्काराज ने ईएसपीएन के साथ साक्षात्कार के बाद ने एक पोस्ट में कहा मुझे यह स्वीकार करना पड़ा कि मैं दूसरा सेट हार गया और मुझे अपना दिमाग साफ करना पड़ा। मेरे पास दूसरे सेट में मौके थे जिन्हें मैंने नहीं भुनाया, लेकिन मुझे पता था कि मैं अच्छा खेल रहा था। गेंद को अच्छी तरह से हिट कर रहा था। यह कुछ गलतियाँ थीं , और मैंने तीसरे सेट में वही गलतियाँ नहीं करने की कोशिश की जो मैंने दूसरे सेट में की थी और उसके लिए इसे कठिन बनाने की कोशिश की, उसे बेसलाइन तक धकेलने और वास्तव में हर गेंद पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की । तीसरा सेट दोहराव जैसा लग रहा था, लेकिन सब कुछ 3-3 के बाद बदल गया, अल्काराज ने अंततः एक ब्रेक पॉइंट हासिल किया और आसानी से सर्विस बरकरार रख मैच में 2-1 की बढ़त बना ली ।

वहां से, ली तू के लिए पराजय तय हो गयी , नंबर 3 सीड लगातार अपनी रेंज ढूंढ रहा था और स्प्रिंट विनर्स तथा और जबरदस्त फोरहैंड के अपने ट्रेडमार्क मिश्रण के साथ न्यूयॉर्क की भीड़ को जीवंत कर रहा था।

# लखनऊ से 3 बड़े नामों की हो सकती है छुट्टी, 8.25 करोड़ वाले खिलाड़ी ने 6 विकेट लिए और 133 रन बनाए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियल लीग 2025 से पहले मेगा ऑक्शन होना है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अभी खिलाड़ियों के रिटेंशन समेत अन्य नियमों की घोषणा नहीं की है। जल्द ही इसकी घोषणा होगी। इसके हिसाब से फ्रेंचाइजी रिटेंशन को लेकर प्लान बनाएंगी। इससे पहले इस बात पर चर्चा शुरू हो गई है कि कौन सी टीम किस खिलाड़ी को रिटेन करेगी और किसे रिलीज करेगी। लखनऊ सुपर जायंट्स नई फ्रेंचाइजी है। वह 2022 में आईपीएल में आई थी। टीम 2022 और 2023 में प्लेऑफ में पहुंचने में सफल रही, लेकिन 2024 में उसका प्रदर्शन खराब रहा।

लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में कप्तान केएल राहुल, क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, मार्क्स स्टोइनिस और क्रुणाल पंड्या जैसे बड़े नाम हैं। कप्तान केएल राहुल समेत 3 खिलाड़ियों की छुट्टी लगभग तय है। क्विंटन डिकॉक और क्रुणाल पंड्या को वह मेगा ऑक्शन से पहले रिलीज कर सकती है।



केएल राहुलः केएल राहुल ने कोलकाता में फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका से मुलाकात की। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार राहुल रिटेन होना चाहते हैं, लेकिन फ्रेंचाइजी से उन्हें इसके लिए आश्वासन नहीं मिला। इसमें कहा गया कि रिटेंशन पर फैसला नियम आने केबाद ही लिए जाएंगे। अगर फ्रेंचाइजी राहुल को रिटेन करती है तो भी वह फर्स्ट च्वाइस नहीं होंगे। ऐसा भी हो सकता है कि राहुल की टीम से छुट्टी हो जाए। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि वह भारत की टी20 टीम से बाहर चल रहे हैं। 2022 के बाद से एक भी टी20 इंटरनेशनल नहीं खेले हैं।

इसके अलावा राहुल की बल्लेबाजी चिंता का कारण है। वह तेजी से रन नहीं बनाते। पिछले सीजन 250 से ज्यादा रन वाले कई मैच देखने को मिले। ऐसे में फ्रेंचाइजियों को अब अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों की तलाश है। अब टीम के पास निकोलस पूरन और मार्क्स स्टोइनिस जैसा खिलाड़ी हो तो फिर वह 130-140 के स्ट्राइक रेट वाले खिलाड़ी पर पैसे क्यों लुटाएगी? कप्तानी की बात करें तो संजीव गोयनका को पिछले आईपीएल उनसे बहस करते देखा गया था। साफ है राहुल का लखनऊ के साथ बने रहने की संभावना धुंधली दिखाई दे रही है।

क्विंटन डिकॉक-आईपीएल फ्रेंचाइजियों के पास शायद ही 2 से ज्यादा विदेशी खिलाड़ियों को रिटेन करने का ऑप्शन हो। निकोलस पूरन को पिछले साल फ्रेंचाइजी ने कप्तान बनाया था। वह विकेटकीपिंग भी कर सकते हैं। इसके अलावा मार्क्स स्टोइनिस बेहतरीन ऑलराउंडर विकल्प हैं।

# तलाक की खबरों पर आरती ने यह प्रतिक्रिया, मैं ऐसे लोगों को नजरपट्टू मानती हूँ



**अभिनेता** गोविन्दा की भांजी और अभिनेता कृष्णा अभिषेक की बहन आरती ने 25 अगस्त को अपनी शादी के चार महीने पूरे होने पर सालगिरह मनाई। आरती की चर्चा इसलिए हो रही है कि चार महीने के अन्तराल में उनके तलाक की अफवाहें सिने गलियारों में खूब उड़ रही हैं। इन अफवाहों से आरती खासी परेशान हैं। गौरतलब है कि आरती सिंह ने 25 अप्रैल को बिजनेसमैन दीपक चौहान के साथ शादी की थी। शादी के बाद आरती लगातार सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर रही हैं।

इनसे साफ जाहिर हो रहा है कि कपल कितना खुश है। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर न जानें क्यों दोनों के अलग होने की खबरें फैलती रहती हैं। इस बीच आरती ने उन्हें चाहने वाले लोगों की खातिर अपने तलाक की खबरों पर रिएक्शन दी है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार आरती ने कहा कि समझ में नहीं आता कि ये अफवाहें कैसे शुरू होती हैं।

# दक्षिण भारत अभिनेत्री नमिता से माँगा हिन्दू होने का सबूत

## नहीं करने दिए मदुरै मीनाक्षी मंदिर में दर्शन



दक्षिण भारत की ख्यातनाम अभिनेत्री नमिता का एक बयान इन दिनों खासा वायरल हो रहा है। इस बयान में उन्होंने मदुरै मीनाक्षी मंदिर के कर्मचारियों पर उनके साथ दुर्व्यवहार करने और उनके हिन्दू होने का सबूत देने की बात कही है।

इस बात की जानकारी नमिता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। उनकी यह पोस्ट अब वायरल हो गई है।मशहूर साउथ इंडियन एक्ट्रेस नमिता ने आरोप लगाया है कि तमिलनाडु के प्रसिद्ध मदुरै मीनाक्षी मंदिर के कर्मचारियों ने उनसे हिंदू होने का सबूत मांगा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। नमिता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए इस बात की जानकारी दी। नमिता ने कहा कि मैं हिंदू धर्म की हूं। तिरुपति में एक हिंदू व्यक्ति से शादी की थी। श्रीकृष्ण नाम का एक बेटा है। लेकिन मुझे मीनाक्षी मंदिर में आने पर हिंदू होने का प्रमाण पत्र दिखाने को कहा गया और बदसलूकी करते हुए दर्शन से रोका गया।

अपने जीवन में मैंने कभी ऐसी स्थिति का सामना नहीं किया। बाद में सफाई देने और माथे पर कुमकुम लगाने के बाद उन्होंने मुझे दर्शन करने दिए। दूसरी ओर, मंदिर प्रबंधन ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि नमिता ने मास्क पहना हुआ था। इसलिए उन्हें रोककर पूछा गया कि क्या वह हिंदू हैं। सफाई देने के बाद माथे पर कुमकुम लगाकर उन्हें दर्शन करने की अनुमति दे दी गई। पूछने का एक तरीका होता है।

मुझे एक कोने में 20 मिनट इंतजार करवाया गया। हमने रविवार को ही पुलिस को अपनी विजिट के बारे में जानकारी दे दी थी। तेलुगू, तमिल, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में काम कर चुकीं नमिता तमिलनाडु में बीजेपी की प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य भी हैं।

# घुड़सवारी और स्कूबा डाइविंग मेरे पसंदीदा शौक: रविरा भारद्वाज

**अभिनेत्री** रविरा भारद्वाज ने अपने शौक के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें घुड़सवारी और स्कूबा डाइविंग बहुत पसंद है। शो औकात से ज्यादा में उर्मिला की भूमिका निभाने वाली रविरा ने कहा, अपने खाली समय में मैं कई तरह के शौक पूरा करना पसंद करती हूं, जो मुझे खुशी और सुकून देते हैं। पेंटिंग एक ऐसी चीज है जो मुझे वाकई सुकून देती है। यह खुद को व्यक्त करने और एक लंबे दिन के बाद आराम करने का एक तरीका है। डांसिंग मेरा एक और जुनून है, यह मुझे संगीत से जुड़ने का एक मौका देता है।

जियूं कैसे की अभिनेत्री ने आगे कहा, मगर मुझे घुड़सवारी और स्कूबा डाइविंग बहुत पसंद है। घुड़सवारी मुझे अविश्वसनीय रूप से रोमांच और जानवर से जुड़ने का मौका देती है। वहीं स्कूबा डाइविंग एक दूसरी दुनिया में कदम रखने जैसा है। पानी के नीचे रहना, समुद्र की सुंदरता और रहस्य से घिरा होना मुझे हमेशा शांति का एहसास कराता है। उन्होंने कहा कि अपने लिए समय निकालना मानसिक स्वास्थ्य और सेहत के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, खुद के लिए समय निकालना बहुत जरूरी है। यह संतुलित और केंद्रित रहने की कुंजी है। यह मुझे आराम देता है और मेरी ऊर्जा को रिचार्ज करता है जिससे मुझे काम पर लौटने की ताकत मिलती है।



# युद्धरा को लेकर बोली मालविका मोहनन, जल्द जारी होगा ट्रेलर



**सिद्धांत** चतुर्वेदी की आने वाली फिल्म युधरा इस वक्त सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म में अभिनेता के साथ साउथ की हसीना मालविका मोहनन नजर आने वाली हैं। इस फिल्म के जरिए लगातार स्टार कास्ट के पोस्टर शेयर किए जा रहे हैं और आज भी मेकर्स ने इस फिल्म के दो पोस्टर शेयर किए हैं, जो कि काफी धांसू हैं।

इसी बीच फिल्म की लीड एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने युधरा फिल्म के साथ-साथ सिद्धार्थ चतुर्वेदी संग काम करने को लेकर भी बातचीत की है। मालविका ने कहा, 'मैंने सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ जो फिल्म की है, उसे एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है और यह अगले महीने रिलीज हो रही है। हम कुछ ही दिनों में इसका ट्रेलर रिलीज कर देंगे। 'थंगलान' के मुकाबले ये एक पूरी तरह से अलग दुनिया है और ये मेरे लिए भी काफी दिलचस्प है। ये सभी रोल एक-दूसरे से इतने अलग हैं कि एक एक्टर के लिए इतनी सारी अलग-अलग फिल्मों का हिस्सा बनना अच्छा है।' मालविका ने आगे कहा, मुझे उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा मेकर्स मुझे देखेंगे, ताकि वे देख सकें कि मैं अलग-अलग भूमिकाओं में कैसे फिट बैठती हूं। हाल ही में इस फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा किया गया है। फिल्म 20 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन रवि उदयवार ने किया है और इसकी कहानी श्रीधर राघवन ने लिखी है। इस फिल्म के गाने मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने लिखे हैं।

# तेलुगु फिल्म कनप्पा से धमाल मचाएंगे अक्षय कुमार !



**बॉलीवुड** इंडस्ट्री में ऐसे कई स्टार्स हैं, जिनकी फैन फॉलोइंग सिर्फ हिंदी बेल्ट में नहीं बल्कि साउथ इंडिया में भी हैं। इसी पॉपुलैरिटी को इनकैश करते हुए निर्माता इन्हें साउथ की फिल्मों में भी कास्ट कर रहे हैं। अब खबर ये आ रही है कि बॉलीवुड इंडस्ट्री के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार विष्णु मांचू की आगामी फिल्म कन्नप्पा के साथ अपना तेलुगु डेब्यू करने वाले हैं। इस मूवी को देखने के बाद नॉर्थ से लेकर साउथ बेल्ट तक के लोग बेताब हैं। बता दें कि इससे पहले भी बॉलीवुड के कई दिग्गज अभिनेताओं ने तेलुगु जगत में धमाल मचाया है। इस लिस्ट में सलमान खान और अमिताभ बच्चन जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म कन्नप्पा की वजह से चर्चा में बने हुए हैं। इस मूवी से वो अपना तेलुगु डेब्यू करने वाले हैं। बता दें कि तेलुगु फिल्म कन्नप्पा में सुपरस्टार प्रभास और मोहनलाल का भी कैमियो होने वाला है।

# मशहूर रैपर एमसी स्टेन का हुआ ब्रेकअप

बिग बॉस 16 के विजेता और मशहूर रैपर एमसी स्टेन अपने निजी जीवन की वजह से सुर्खियों में आ गए हैं। हाल में उन्होने सोशल मीडिया पोस्ट एक पोस्ट किया, जो प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बन गया। इंस्टाग्राम पर साझा की गई एक स्टोरी में उन्होंने बताया है कि वह अब वह अपनी प्रेमिका के साथ रिश्ते में नहीं हैं।



अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एमसी स्टेन ने बस इतना लिखा, मैं सिंगल हूं। उनकी इस पोस्ट से अंदाजा लगाया जा रहा है कि अब रैपर का उनकी प्रेमिका के साथ रिश्ता टूट गया है। कुछ समय पहले भी एमसी स्टेन ने एक पोस्ट किया था, जिसमें ब्रेकअप को लेकर बातें लिखी गई थीं। उनकी पोस्ट में लिखा था, ब्रेकअप...सबसे मजबूत भावनाएं भी तब खत्म हो जाती हैं जब किसी को नजरअंदाज किया जाता है या फिर हल्के में लिया जाता है। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे सोशल मीडिया से हटा लिया था।

एमसी स्टेन लंबे समय से अनम शेख नाम की लड़की को डेट कर रहे थे। बिग बॉस 16 शो के दौरान भी वह कई बार अपनी प्रेमिका का जिक्र कर चुके थे। शो के दौरान घर के अंदर उन्हें उनकी प्रेमिका की टी-शर्ट भी दी गई थी। बिग बॉस 16 में एमसी स्टेन कई बार अपनी प्रेम कहानी के किस्से बयां करते हुए दिखे थे। एक बार उन्होंने बताया था कि किस प्रकार वह अपनी प्रेमिका के माता-पिता को मनाने के लिए 40 लोगों के साथ उनके घर में घुस गए थे। रैपर ने खुलासा किया था कि इसके बाद चीजें खराब हो गई थीं, लेकिन बाद में सब ठीक हो गया था।

एमसी रैप की दुनिया में पहले से ही काफी यादा लोकप्रिय हैं। युवा पीढ़ी को उनके गाने खूब पसंद आते हैं। बिग बॉस शो में आने के बाद उनकी लोकप्रियता में और अधिक इजाफा देखने को मिला। शो में अपने अलग अंदाज से उन्होंने लोगों का दिल जीत लिया था।

# विजय सेतुपति ने क्यों ठुकराई राम चरण की आरसी16?



विजय सेतुपति की गिनती देश के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में होती है। शाहरुख खान समेत हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के कई दिग्गज उनके अभिनय के कायल हैं। हाल ही में विजय को लेकर जानकारी सामने आई थी कि आरसी16 निर्माताओं ने उनसे संपर्क किया है। फिल्म में उन्हें राम चरण के पिता का किरदार निभाने की पेशकश की गई थी।

हालांकि, अभिनेता ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया था, जिसके बाद निर्माताओं ने इस रोल के लिए शिवराज कुमार से संपर्क किया था। विजय सेतुपति ने इतने बड़े प्रोजेक्ट को क्यों ठुकराया अब इसको लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता एक ही तरह के किरदार में बंधना नहीं चाहते हैं। टाइपकास्ट होने की चिंता की वजह से उन्होंने इस भूमिका को बहुत ही विनम्रता के साथ अस्वीकार कर दिया। उप्पेना और महाराजा जैसी फिल्मों में वह पिता की भूमिका में नजर आ चुके हैं। इन दोनों ही फिल्मों में उनकी अदाकारी को लोगों ने खूब सराहा था। कहा जा रहा है कि फैंस से मिले इन किरदारों को प्यार के बावजूद विजय भविष्य में इस तरह के और किरदार को दोहराने नहीं चाहते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के दावे के मुताबिक उन्होंने बुची बाबू से यह कहते हुए फिल्म को अस्वीकार कर दिया कि वह फिल्म की हाई प्रोफाइल प्रकृति के बावजूद, इस तरह की भूमिकाओं में वर्गीकृत होने से बचना चाहते थे। विजय को हाल ही में फिल्म महाराजा में देखा गया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी। वहीं, ओटीटी पर भी इस फिल्म ने खूब धमाल मचाया था।

# सलमान और रणबीर ही नहीं अक्षय की भी फिल्म ठुकरा चुकी हैं कंगना !



**कंगना** रणौत अपनी अगली फिल्म इमरजेंसी का प्रमोशन जोरो-शोरों से कर रही हैं। इसी के साथ वह अपने हालिया इंटरव्यू में इंडस्ट्री से जुड़े कई राज से भी पर्दा उठा चुकी हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने दावा किया था कि उन्होंने शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान और रणबीर कपूर के साथ फिल्में ठुकरा दी हैं। अब कंगना का कहना है कि अक्षय कुमार ने भी उन्हें कई फिल्में ऑफर कीं, लेकिन उन्होंने सभी के लिए मना कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में कंगना रणौत ने कहा कि अक्षय कुमार ने सबसे पहले उन्हें 2015 की कॉमेडी फिल्म सिंह इज ब्लिंग के लिए बुलाया और फिर उन्हें और फिल्में ऑफर कीं। प्रभु देवा द्वारा निर्देशित सिंह इज ब्लिंग में एमी जैक्सन ने प्रमुख महिला के रूप में अभिनय किया और लारा दत्ता और के के मेनन भी थीं।

अभिनेत्री ने कहा, अक्षय कुमार ने मुझे सिंह इज ब्लिंग के लिए बुलाया। फिर उन्होंने मुझे कुछ अन्य फिल्में भी ऑफर कीं। फिर उन्होंने पूछा कि क्या तुम्हें मुझसे कोई समस्या है, कंगना? मैंने कहा सर, मुझे वास्तव में आपसे कोई समस्या नहीं है। उन्होंने पूछा तो फिर मैं तुम्हें इतने अच्छे रोल क्यों दे रहा हूं। मैंने कहा कृपया समझें, आपकी भी एक बेटी है। हम महिलाओं के लिए ईमानदारी चाहते हैं।

## दिल चाहता है को लेकर फरहान अख्तर का बड़ा खुलासा

# आमिर के लिए अक्षय खन्ना ने दी थी ये कुर्बानी



फरहान अख्तर बॉलीवुड इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम हैं। वो बहुमुखी प्रतिभा के धन इंसान हैं। फरहान एक सफल और मशहूर निर्देशक होने के बाद, एक निर्माता, लेखक गीतकार, गायक और अभिनेता भी हैं। हाल में मशहूर निर्देशक फेय डिसूजा के साथ ए बातचीत में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपनी फिल्म दिल चाहता है क लेकर बात की। इस फिल्म से उन्होंने बतौर निर्देशक फिल्मी दुनिय में कदम रखा था।

फरहान अख्तर की पहली फिल्म दिल चाहता है ने ही उन काफी पहचान दिला दी थी। इस फिल्म से उन्होंने निर्देशक के तौर पर अपने करियर का आगाज किया था। इस फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान, अक्षय खन्ना और सैफ अली खान मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। बातचीत में उन्होंने एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आमि वाली खुशमिजाज आकाश मल्होत्रा की भूमिका पहल अक्षय खन्ना को दी गई थी। हालांकि, आमिर इस भूमिक को निभाना चाहते थे, जिसके बाद फिल्म की बेहतरी के लिए अक्षय खन्ना ने वो भूमिका आमिर के लिए छोड़ दी

निर्देशक ने इस बातचीत के दौरान कहा, जब मैं अक्षय खन्ना से दिल चाहता है के लिए मिला था, तो मैं उन्हें आकाश की भूमिका की पेशकश की थी, जिस आमिर ने निभाया। मैंने, जब उस समय अक्षय से संपर्क किया, तो मैं दो अन्य युवा अभिनेताओं को लेना चाहत था।

साभार-एजेंसी